e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 12, अंक 40

सोमवार

10.02.2025

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

खुद को कमजोर मत समझो, आप जितना सोचते हैं उससे कहीं ज्यादा मजबूत हैं। बस एक कदम और बढ़ाने की हिम्मत रखें।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### महाकुम्भ मेला के मद्देनजर चलेंगी छह और स्पेशल रेलगाड़ियां

**मुरादाबाद :** महाकुम्भ मेला के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए छह स्पेशल रेलगाड़ियों का संचालन किया जाएगा। यह सभी ट्रेनें दिल्ली से फाफामऊ के बीच चलेंगी?। इसके अलावा दिल्ली-फाफामऊ के बीच चलने वाली चार ट्रेनों के फेरों में विस्तार किया गया है। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने रविवार को बताया कि ट्रेन संख्या 04016 दिल्ली-फाफामऊ 9 और 12 फरवरी को दिल्ली से चलेगी।

### फरीदाबाद में अवैध हथियारों की फैक्ट्री पकड़ी, चार आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद :** फरीदाबाद पुलिस ने डबुआ थाना क्षेत्र में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार और हथियार बनाने का सामान बरामद किया है। मौके से चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, मनोज शर्मा, अनुज कुमार, सौरभ और एक अन्य व्यक्ति ने डबुआ इंडस्ट्रियल एरिया में एक वर्कशॉप किराए पर ली थी, जहां वे अवैध हथियारों का निर्माण कर रहे थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने चार देसी पिस्तौल, तीन अधूरी पिस्तौल और हथियार बनाने के विभिन्न पुर्जे बरामद किए।

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्यूनतम | 12° |

## छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर पुलिस की संयुक्त टीम के साथ नक्सलियों की हुई भीषण मुठभेड़

# 31 नक्सली ढेर, मुठभेड़ में दो जवान शहीद और दो घायल

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ राज्य के बीजापुर जिले में महाराष्ट्र सीमा से लगे नेशनल पार्क इलाके में डीआरजी, एसटीएफ व बस्तर फाइटर के जवानों की संयुक्त टीम के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में जवानों ने 31 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए और दो जवान घायल भी हुए हैं। घायल जवानों को निकालने के लिए जगदलपुर से एमआई-17 हेलीकॉप्टर भेजा गया। बस्तर संभाग के आईजीपी सुंदर राज ने एनकाउंटर की पुष्टि की है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है। यह एनकाउंटर बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया में हुआ है। नक्सलियों की धरपकड़ के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। बीजापुर डीआरजी, एसटीएफ और बस्तर फाइटर के जवानों ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा था। आईजी ने बताया कि नक्सलियों के बड़ी संख्या में जमा होने की सूचना मिली थी, इसके बाद मौके पर फोर्स रवाना की गई। बताया जा रहा है कि इस नक्सल ऑपरेशन में नक्सलियों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है।

### 650 से ज्यादा जवानों ने की घेराबंदी

बीजापुर जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह जिस नेशनल पार्क के कोर क्षेत्र में मुठभेड़ हुई, वहां मद्देड़ एरिया कमेटी, तेलंगाना स्टेट कमेटी एवं नेशनल पार्क एरिया कमेटी के बड़े नक्सलियों का जमावड़ा था। इसी सूचना के आधार पर डीआरजी, एसटीएफ के करीब 650 से ज्यादा जवानों की पार्टी को लेकर तीन तरफ से रवाना किया गया। मुठभेड़ में।डीआरजी एचसी नरेश ध्रुव भाटा पारा,बालोद और एसटीएफ, कांस्टेबल वासित रावटे, डोंडी बालोद शहीद हो गए। डीआरजी कांस्टेबल जग्गू कलमू और एसटीएफ कांस्टेबल गुलाब मंडावी घायल हो गए।



### भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद : पुलिस महानिरीक्षक

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि अब तक मुठभेड़ स्थल से 31 वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं. इसके अलावा, घटनास्थल से एके-47, इंसास, एसएलआर और .303 राइफलों और बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) सहित हथियारों का एक बड़ा जखीरा और विस्फोटक भी जब्त किया गया है.

### जवानों के बलिदान पर सीएम विष्णुदेव साय ने जताया शोक

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी जवानों के बलिदान होने की सूचना पर जताया शोक। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा,बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में 2 जवान बलिदान एवं 2 जवान के घायल होने की भी दुःखद खबर प्राप्त हुई है। जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मार्च 2026 तक हमारा प्रदेश नक्सलवाद मुक्त होकर रहेगा। इस दिशा में सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

### 31 मार्च 2026 से पहले देश से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त कर देंगे : अमित शाह

गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट साझा कर लिखा है कि नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता हासिल की है.अमित शाह ने लिखा है कि नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता हासिल की है. इस ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को ढेर करने के साथ ही भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गयी है. मानवता विरोधी नक्सलवाद को समाप्त करने में आज हमने अपने दो बहादुर जवानों को खोया है. यह देश इन वीरों का सदा ऋणी रहेगा. शहीद जवानों के परिजनों के प्रति भावपूर्ण संवेदनाएँ व्यक्त करता हूं. साथ ही पुनः यह संकल्प दोहराता हूं कि 31 मार्च 2026 से पहले हम देश से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त कर देंगे, ताकि देश के किसी भी नागरिक को इसके कारण अपनी जान न गंवानी पड़े.






# कैदी भागने के मामले में पुलिस ने कई इलाकों में की छापेमारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू सेंट्रल जेल के विचाराधीन कैदी के फरार होने के मामले में पुलिस ने कई इलाकों में छापेमारी शुरू की है. विचाराधीन कैदी ऋषिकेश दुबे का इलाज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में चल रहा था. इसी क्रम में शुक्रवार को वह फरार हो गया है।पूरे मामले में पलामू सेंट्रल जेल के प्रभारी जेलर आशीष कुमार के आवेदन के आधार पर मेदिनीनगर टाउन थाना में एफआईआर दर्ज की गई है. मेदिनीनगर टाउन थाना की पुलिस ऋषिकेश दुबे की संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है. ऋषिकेश दुबे हत्या के एक मामले में दिसंबर 2023 से पलामू सेंट्रल जेल में बंद था। टीबी की बीमारी एवं सांस लेने की तकलीफ के कारण उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया था. हॉस्पीटल में हाथ मुंह धोने के बहाने ऋषिकेश दुबे फरार हो गया है. मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में कैदी वार्ड है, जहां सेंट्रल जेल के बीमार कैदियों का इलाज किया जाता है. कैदी वार्ड में पिछले 09 दिनों से ऋषिकेश दुबे का इलाज चल रहा था।पलामू के एएसपी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पूरे मामले में कार्रवाई की जा रही है और फरार बंदी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. उन्होंने बताया कि फरार होने के मामले में ड्यूटी पर तैनात जवानों से मामले में भी रिपोर्ट ली जा रही है। बता दें कि ऋषिकेश दुबे के ससुर भी पलामू सेंट्रल जेल की सुरक्षा में तैनात है और रिटायर सेना के जवान हैं. ऋषिकेश दुबे के भागने की पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हुई है. सीसीटीवी जांच के दौरान यह भी पता चला है कि कैदी वार्ड में ऋषिकेश दुबे के पास मोबाइल था. भागने से पहले ऋषिकेश दुबे ने मोबाइल से बातचीत की थी. बातचीत के कुछ ही मिनट के बाद बाइक सवार दो युवक कैदी वार्ड के बाहर खड़े थे. जैसे ही ऋषिकेश दुबे कैदी वार्ड से भागा बाइक सवार युवक उसका इंतजार कर रहे थे. दोनों युवक ऋषिकेश दुबे को बाइक पर बिठा कर फरार हो गए।

## अभाविप ने परीक्षार्थियों के भविष्य की कामना की : प्रिंस कुमार सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** कांडी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) झारखंड के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस कुमार सिंह ने बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें तनावमुक्त एवं एकाग्रचित्त होकर परीक्षा देने का संदेश दिया। प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि परीक्षा का तनाव छात्रों के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है, इसलिए उन्हें मुक्त मन से और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा, ÷बच्चों की सफलता केवल उनकी मेहनत पर निर्भर नहीं करती, बल्कि हमें भी उनका हौसला बढ़ाना होगा, ताकि वे घबराहट से मुक्त होकर अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकें। उन्होंने 10वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह परीक्षा केवल शैक्षणिक ज्ञान का नहीं, बल्कि धैर्य, एकाग्रता, समय प्रबंधन और साहस का भी परीक्षण है। उन्होंने छात्रों से सकारात्मक सोच और सुनियोजित रणनीति के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।उन्होंने विश्वास जताया कि सभी परीक्षार्थी बेहतर प्रदर्शन करेंगे और उनका परिश्रम निश्चित रूप से सुखद परिणाम लाएगा। उन्होंने कहा की परीक्षा सफलता का पहला पायदान है, इसे आत्मविश्वास और रणनीति के साथ तय करें। मेरी शुभकामनाएं आप सबके साथ हैं।

## जीवन हमेशा आपका परीक्षा लेगा, डटकर करें मुकाबला : डॉ. अतुल

**सतबरवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड के राजकीय कृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय के विज्ञान शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी द्वारा जूम एप के माध्यम से आयोजित ऑनलाइन मोटिवेशन क्लास परीक्षा पर चर्चा पलामू में बोकारो जिले के जिला शिक्षा अधीक्षक डॉ0 अतुल चौबे जुड़े। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा के संदर्भ से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी, छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि परीक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बोर्ड्स की आने वाली परीक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी को छात्रों के साथ साझा किया। उन्होंने छात्रों को बताया कि परीक्षा में पूछे सवालों को अच्छे से ध्यान से दो तीन बार अवश्य पढ़ें, साथ ही परीक्षा में प्रश्न के क्रम को मेंटेन करें, परीक्षा में किसी भी प्रश्न के उत्तर को साफ-स्वच्छ लिखे ताकि जो निरीक्षक कॉपियों की जांच करते है उन्हें सुविधा हो, प्रश्न के उत्तर में केवल प्रश्न में पूछे गए संदर्भ को ही लिखे, किसी भी प्रश्न को न छोड़े, मैथ्स के पेपर में किसी प्रकार का कोई काट-छाट न करे।उन्होंने परीक्षा से जुड़े ऐसे ही कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां छात्रों को दी। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि जब भी आप परीक्षा केंद्र में जाए तो अपने ऊपर एक आत्मविश्वास जरूर बनाए रखे उसे कभी कम न होने दें। उन्होंने बताया कि समय के प्रबंधन का परीक्षा में मतवपूर्ण स्थान है। अंत में उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सर्वोदय के बच्चे अनुशासित और सृजनशील हैं। इस अवसर पर छात्र अनुराग चौहान, शक्ति राज पाठक, खुश्दिल अंसारी, आशिया बानो, क्षितिज गुप्ता, नंदनी पाठक आदि विद्यार्थियों ने अपने प्रश्नों को अतिथि के समक्ष रखा और उनके उत्तर जाना। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रफुल्लित लकड़ा शिक्षक सत्य प्रकाश शर्मा, राम रक्षा प्रसाद, विश्वजीत पासवान मुकेश तिवारी, दिलीप प्रसाद, रवि रंजन कुमार, राहुल जायसवाल, सद्दाम हुसैन, नरेन्द्र राम, मेघा कुमारी आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## बक्शी उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने एसडीओ को पत्र देकर चाहरदीवारी निर्माण कार्य पूर्ण कराने की मांग की

**हुसैनाबाद, पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद के बक्शी उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संतोष प्रसाद ने एसडीओ को पत्र देकर चाहरदीवारी के मुख्य द्वार निर्माण कार्य को पूरा कराने की मांग की है।एसडीओ को दिए गए पत्र में प्रधानाध्यापक ने बताया गया है कि झारखंड अधिविदय परिषद के द्वारा मैट्रिक व इंटर की परीक्षा के लिए बक्शी उच्च विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जबकि राज्य शिक्षा परियोजना के द्वारा चाहरदीवारी के मुख्य द्वार का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा काफी धीमी गति से किया जा रहा है। जिसके कारण मुख्य द्वार पर गेट नही है। अब ऐसे में कदाचारमुक्त परीक्षा कराना अपने आप मे चुनौती बनता हुआ दिख रहा है।उन्होंने बताया कि चारदीवारी निर्माण करा रहे मेसर्स स्वर्णिम कंस्ट्रक्शन पलामू द्वारा लगातार मनमानी किया जा रहा हैं, इससे पूर्व भी हमने निर्माण कार्य मे पहले गेट लगाने के लिए संवेदक को बोला गया था लेकिन उसने मेरे बातों को नजरअंदाज करते हुए धीमी गति से निर्माण कर रहा है, जिसके कारण अब परीक्षा की तिथि नजदीक आ चुकी और अभी तक मुख्य द्वार पर गेट का कार्य शुरु भी नही किया गया है, जिससे परीक्षा में व्यवधान उत्पन्न होने की संभावना दिख रही है।उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि जिला शिक्षा पदाधिकारी व पलामू उपायुक्त को देकर मुख्य द्वार के निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कराने की मांग की है।

# केतार में स्टाल लगाकर झामुमो पार्टी का चलाया गया सदस्यता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर रविवार को प्रखंड अंतर्गत केतार बाजार के कर्पूरी गेट के समीप स्टॉल लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसका शुभारंभ सदस्यता अभियान के केतार प्रखंड प्रभारी सह खरौंधी प्रखंड के जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने प्रमुख पति सुरेंद्र प्रसाद सहित अन्य कई लोगों के हाथों में सदस्यता रसीद सौंप कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के सभी प्रखंडों में विते 18 जनवरी से आगामी 28 फरवरी तक स्थानीय माटी की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान चलाया जाएगा स्थानीय लोग पार्टी से प्रेरित होकर 10 रुपए का सदस्यता रसीद कटवा कर पार्टी में शामिल हो सकते हैं। वही अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता हिफाजत अंसारी ने कहा कि केंद्रीय कमेटी झारखंड मुक्ति मोर्चा के निर्देश पर बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक के सभी कमिटीयां भंग हैं। जिसे पुण÷ गठित करने को लेकर आज केतार प्रखंड के कर्पूरी गेट बाजार के समीप विशेष रूप से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें लोग बड़ी ही उत्साह के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इस मौके पर झामुमो के कार्यवाहक प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह युवा अध्यक्ष छोटन कुमार सिंह मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता खरौंधी उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य बिंदु राम श्री राम सिहं उदय प्रसाद रामविचार साहू संजय वर्मा उमेश दुबे मदन पटेल राजू रजक मनीष कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।

## भाकपा जिला परिषद कार्यकर्ताओ की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी गढ़वा जिला परिषद की बैठक रमना प्रखंड के सुनील मुखर्जी नगर (कोरगा)में भाकपा राज्य कार्य कारिणी के सदस्य गणेश सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक को सम्बोधित करते हुये भाकपा राज्य परिषद के सचिव महेन्द्र पाठक ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने की जरूरत है। इसके लिये पार्टी सदस्यता अभियान, नवीनीकरण तथा जन संगठनों को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार दोनों मनमानी तरीके से किसानों की जमीन लूट रही है।राज्य में भूमि अधिग्रहण कानून2013 भी लागू नही है। महंगाई व भर्ष्टाचार से लोग कराह रहे हैं। भूमि बैंक को रद्द करने, गैरमजरूआ जमीन का रसीद निर्गत करने, भूमिहीन लोगो को ढाई एकड़ जमीन उपलब्ध कराने, आवास विहीन लोगो को 10 डिसमिल जमीन देकर घर बनाने के लिये देने तथा सुनील मुखर्जी नगर कोरगा व कविसा की जमीन पर बसे किसानों को जमीन का मालिकाना हक दिलाने सहित कई मांगो को लेकर आगामी 25 फरवरी को भाकपा सभी प्रखंड व जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि उक्त मांगो को लेकर आगामी 24 मार्च को रांची में मुख्यमंत्री का घेराव किया जायेगा। उन्होंने गढ़वा जिला के अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को रांची में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया। बैठक में जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला, पलामू जिला परिषद सदस्य अभय कुमार भुइया ने भी अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में देवीदयाल मेहता, विद्या पासवान, रामनाथ उरांव, यूनुस खान, मजमुल्लाह खान, भानु प्रताप जंगली, राजकुमार भुइया, मुन्ना भुइयां, जगमोहन उरांव, रमेश बैठा, महेश राम, सुनेश्वर चंद्रवंशी, गोविंद राम, राजेन्द्र उरांव, रफीक बैठा, बेवी देवी, शिव कुमारी देवी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नौड़ीहा बाजार में अवैध क्लिनिक व अल्ट्रासाउंड संचालित

**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर अनुमंडल के अंतर्गत नौड़ीहा बाजार प्रखंड में कई झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा नर्सिंग होम व किलनिक खोल कर खुलेआम ऑपरेशन किया जा रहा है। आगे बताते चलें कि भोलेभाल ग्रामीणों से मनचाहा राशि की उगाही किया जाता है। कई ऐसे किलनिक है जो एमबीबीएस का फर्जी बोर्ड भी लगा कर सरेआम हर तरह के ऑपरेशन किया जाता है और सर्जरी के दौरान कई लोग मौत के शिकार भी हुए है। वही नर्सिंग होम व क्लिनिक के झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा भ्रूण हत्या तेजी से हो रहा है। कई वैसे झोलाछाप डॉक्टर है जो अपना घर में क्लिनिक खोलकर ऑपरेशन करते है।जाँच के बाद बड़ी खुलासा हो सकता है।

## प्रसिद्ध चतुर्भुजी मंदिर जाने वाला सड़क पर बहाया जा रहा है गंदा पानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड अंतर्गत अंबेडकर चौक बाजार से प्रसिद्ध चतुर्भुजी मंदिर जाने वाले सड़क पर नाली नहीं रहने के कारण जगह-जगह गंदा पानी बह रहा है। जिससे हर दिन स्थानीय राहगीरों के साथ-साथ दर्शन करने के लिए आने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्ञात हो कि पिछले कई वर्षो से सड़क के दोनों तरफ नाली का निर्माण कराने के लिए स्थानीय ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा आवेदन देकर अधिकारीयों को इसकी सूचना दी जा रही है। लेकिन इस पर किसी तरह का कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि आगामी 13 फरवरी से मंदिर परिसर में जोर शोर से सतचंडी महायज्ञ कराने को लेकर तैयारी चल रही है। जिसे महायज्ञ में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए बड़ी कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता हैं। इस दौरान मंदिर विकास समिति के कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद एवं अन्य ने प्रखंड प्रशासन से आग्रह किया है कि मंदिर जाने वाले रास्ते में सड़क पर बह रहे गंदा पानी को साफ कराया जाए ताकि महायज्ञ में आने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कतो का सामना न करना पड़े। वही इस संबंध में केतार मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि इसकी सूचना केतार सीओ सह प्रभारी बीडीओ को देकर जल्द ही इसका समाधान कराया जाएगा।

## राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दुबियाखाड मेले के उद्घाटन करने का किया आग्रह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा :** राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो ने संघ की ओर से झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर आगामी 11 एवं 12 फरवरी को पलामू जिले के दुबियाखांड में पलामू के गौरव और चेरो राजवंश के प्रतापी राजा मेदिनीराय की याद में लगने वाले आदिवासी विकास महाकुंभ मेले में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने एवं मेला के उद्घाटन करने का आग्रह किया है। पत्र में उन्होंने बताया है कि विगत तीस वर्षो से यह मेला लगता आ रहा है जिसमे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, पूर्वमुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी मुख्य अतिथि एवं उद्घाटनकर्ता के रूप में शामिल हो चुके हैं। पत्र में कहा गया है की अप ही की अध्यक्षता में इस मेले को राजकीय मेले का दर्जा परत हुआ है जिससे से चेरो जनजाति परिवार में हर्ष व्याप्त है। महाराजा मेदिनी राय ने मुगलों की अधीनता कभी स्वीकार नही की। वे रात्रि में वेश बदल कर घूमते थे और प्रजा के सुख दुख का ध्यान रखते थे। उनके विषय में एक लोकोक्ति प्रसिद्ध है धनी धनी राजा मेदनीया, घर घर बाजे मथनिया। पलामू प्रमंडल के सभी आदिवासी समाज मुख्यमंत्री को अपना अगुआ नेता और सफल नेतृत्वकर्ता मानकर मेला में शामिल होने का आग्रह करता है। आपकी उपस्थिति से आदिवासी समाज का गौरव बढ़ेगा तथा समाज के लिए हितकर होगा।

## दिल्ली पर भाजपा की जीत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर मुहर : रवि गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** देश के दिल कहे जाने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में 48 विधानसभा सीटों पर भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रचंड बहुमत देने के लिए दिल्ली की जनता बधाई के पात्र हैं उन्होंने देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया और भ्रष्ट केजरीवाल सरकार की विदाई की आम आदमी का जीवन जीने की कसमें खाने वाले केजरीवाल अरबो रुपए के शीश महल बना कर रहता था हर मोहल्ले में शराब के ठेके खुलवा दिए थे। जनता ने बता दिया कि उन्हें केजरीवाल की पॉलिसी पसंद नहीं है, दिल्ली वासियों ने बता दिया की जनता को बार-बार झूठे वादों से गुमराह नहीं किया जा सकता जनता ने अपने वोट से गांधी यमुना पीने का गंदा पानी टूटी सड़के ओवर पूरे होते सिवारो और हर गली में खुले शराब के ठेकों का जवाब दिया है साथ ही दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल जी के दुष्प्रचार को भी सिरे से खारिज कर दिया है।दिल्ली के जीत से झारखंड के कार्यकर्ताओं में भी जोश है कार्यकर्ता संगठन को मजबूत कर 2029 में जोरदार वापसी करने का प्रण ले रहे हैं।

## ग्राम सभा के बैठक का हुआ आयोजन

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के पिथरा पंचायत अंतर्गत बड़कीछापर में ग्रामीणों के समक्ष समाजसेवी सह कांग्रेस पार्टी के नेता खुशीराम कुमार पहुँचे । मौके पर ग्रामीणों ने अपने गाँव की सभी समस्याओं और बेरोजगारी के बारे में बताए। ग्रामीणों ने कहा हमारे गाँव में पेय जल, नहाने धोवाने सहित खेती करने के लिए पानी की भारी किल्लत है। हमारे गाँव के चारों दिशाओं भारी समस्यायों का अंबार लगा हुआ है, बच्चों के लिए जो स्कूल भवन है बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है, स्कूल भवन जर्जर हालत में है, स्कूल में शिक्षक की कमी के साथ स्कूल में बाउंड्री नहीं है। बिजली भी भगवान भरोसे, मोबाईल है लेकिन नेटवर्क नहीं है, बहुत से घरों में बिजली पोल के अभाव से बांस को बिजली पोल बनाकर काम चलाया जा रहा है। जहाँ सोलर लाइट लगना बेहद जरुरी था वहाँ नहीं लगाकर,एकमात्र खेल मैदान जो भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया है वहाँ पर लाइट लगाया गया है। इस गाँव में न तो सामुदायिक भवन है न ही सामुदायिक शौचालय,न ही गाँव के चारों दिशाओं में सड़क है सभी जगहों पर जाने के पगडंडी का सहारा लिया जाता है। इस गाँव के बेटी अर्जुन अवार्ड से पुरस्कृत, इंटरनेशनल हॉकी खिलाडी सलिमा टेटे एवं उनके परिवार से फोटो खिंचवाने के लिए जन प्रतिनिधि,नेता एवं प्रशासन जरूर आते हैं लेकिन ग्रामीणों के दुःख दर्द का सूद कोई नहीं लेते हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों में उदासीनता देखी गई। मौके पर खुशीराम कुमार ने कहा कि संबधित विभाग में सभी समस्यायों को अवगत कराते हुए निस्पादन कराने का पहल किया जायेगा। इस मौके पर सुलक्सन टेटे, प्रबल डुंगडुंग, खिस्तोफेर डुंगडुंग, हरिशेहणदर बेहरा, निमन डुंगडुंग, संदीप बारला, बेस्तर बारला, निर्मल बारला, अलेक्जेंडर बारला, बिमल बारला, जौवकीम बारला, फागु बेहरा, सुबरनी डुंगडुंग, सुषमा डुंगडुंग, सुरेखा देवी, सावित्री देवी, सुशांति डुंगडुंग, कांति डुंगडुंग, सुबानी टेटे, प्रेमिका देवी, भगवती देवी, रोशलिया बारला, विक्टोरिया केरकेटाटा,सुषमा देवी,जॉन लकड़ा सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भवानी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा डंडीला यूथ क्रिकेट टीम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला जे बी उच्च विधालय के खेल मैदान में चल रहे भवानी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में डंडीला यूथ क्रिकेट टीम के जीत का सिलसिला आज भी बरकरार रहा.अभी तक टूर्नामेंट में अजेय रही डंडीला यूथ क्रिकेट टीम ने रविवार को सेमीफाइनल मैच में बेलचंपा श्रीराम क्रिकेट क्लब को पांच विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्का कर लिया. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये बेलचंपा श्रीराम क्रिकेट क्लब ने 19.3 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 192 रन बनाया.ज़बाबी पारी खेलने उतरी डंडीला यूथ क्रिकेट टीम ने 18.5 ओवर में ही पांच विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाकर मैच जीत लिया. डंडीला की जीत में बंटी कुमार और आयुष शुक्ला का अहम योगदान रहा. बंटी ने शतक जड़ा वहीं आयुष ने 28 रन की धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी कर टीम को जीत दिलायी. डंडीला यूथ क्रिकेट टीम के शतकवीर खिलाड़ी बंटी को मैन ऑफ द मैच चुना गया.बंटी को मैन ऑफ द मैच का ट्रॉफी पार्षद दिनेश शुक्ला, रेहला रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष आलोक शुक्ला, आयोजन समिति के अध्यक्ष संजू सिंह, कुमार कलिका सिंह व अरविंद शुक्ला ने संयुक्त रूप से दिया. मौके पर नीरज सिंह,कृपा शंकर सिंह, शुशील शुक्ला, राशबिहारी शुक्ला, देव नारायण दुबे, मंगल गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

# अपराध नियंत्रण व यातायात सुरक्षा को लेकर एसडीपीओ ने की मासिक समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में नगर उंटारी पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, भवनाथपुर पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह एवं सभी थाना प्रभारियों के साथ मासिक समीक्षा बैठक की।बैठक में अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन और कानून-व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। एसडीपीओ ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि रात्रि गश्त के दौरान चौक-चौराहों पर विशेष नजर रखी जाए और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।उन्होंने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चेकिंग अभियान तेज करने का निर्देश दिया। बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, ट्रिपल लोडिंग और तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई करने को कहा।बैठक में नगर ऊंटरी थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, रमना पुलिस पदाधिकारी कमलेश महतो, बिशनपुरा पुलिस पदाधिकारी संजय महतो, भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन, केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी, खरौंधी थाना प्रभारी रवि कुमार केसरी, हरिहरपुर ओपी प्रभारी सैफुल्लाह अंसारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## कोल इंडिया रांची मैराथन 2025' का ऐतिहासिक समापन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिरसा मुंडा स्टेडियम, मोराबादी में कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा आयोजित ' कोल इंडिया रांची मैराथन 2025' का शानदार समापन हुआ। इस प्रतिष्ठित मैराथन में इस वर्ष 10,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया। यह आयोजन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और,ट्रूरूट द्वारा प्रमाणित किया गया था।इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम में पूर्व न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, झारखंड, एस.एन. पाठक; अध्यक्ष, सीआईएल, पीएम प्रसाद; पूर्व अध्यक्ष, सीआईएल, प्रमोद अग्रवाल;सीएमडी, सीसीएल, निलेंदु कुमार सिंह; सीएमडी, ईसीएल, सतीश झा;पूर्व सीएमडी सीसीएल /निदेशक तकनीकी( संचालन) सीआईएल, बी वीरा रेड्डी; सचिव (खेल कला एवं संस्कृति ), झारखण्ड सरकार, मनोज कुमार, निदेशक (कार्मिक), सीआईएल, विनय रंजन; निदेशक (बीडी), सीआईएल, देबाशीष नंदा; सीवीओ, सीआईएल, ब्रजेश कुमार त्रिपाठी; ; निदेशक (तकनीकी/संचालन), सीसीएल, हरीश दुहन; निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, हर्ष नाथ मिश्र; निदेशक (वित्त), सीसीएल, पवन कुमार मिश्रा; सीवीओ, सीसीएल, पंकज कुमार; निदेशक (कार्मिक), ईसीएल, गुंजन कुमार सिन्हा वरीय सुरक्षा सलाहकार, सीआईएल, आलोक कुमार पटारिया सहित बड़ी संख्या में राज्य सरकार के वरीय अधिकारी,सीसीएल कर्मी ,हितधारक एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सदर अस्पताल में दो नाबालिग युवतियों के साथ अभद्रता के आरोप में चार युवक गिरफ्तार

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के बीचों बीच स्थित पांच सौ बेड वाले सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल सदर अस्पताल परिसर में दो नाबालिग लड़कियों के साथ गैंगरेप का मामला प्रकाश में आने के बाद लोअर बाजार की पुलिस ने शनिवार को अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है घटना सरस्वती पूजा विसर्जन करने के बाद घर लौटने के दौरान घटना को अंजाम दिया गया है। बताया गया कि सदर अस्पताल परिसर में स्थित स्टाफ क्वार्टर के एक कमरे में चार युवकों ने दो लड़कियों को लाया और घटना को अंजाम दिया। लड़कियां और लड़के पहले से एक दूसरे से परिचित बताये जा रहे है। पुलिस ने दो बालिग अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो नाबालिग अभियुक्तों को बाल सुधार गृह भेजा गया। सिक्योरिटी गार्ड और स्टाफ को इसकी भनक लगी। सभी वहां पहुंचे और पहरा दे रहे लड़कों से पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने बताया कि कमरे के अंदर उनके दो साथी हैं। वहीं इस घटना के बाद स्टाफ कवार्टर खाली करा दिया गया है।

# आपने होल्डिंग टैक्स नहीं जमा किया है तो जल्द जमा कर दे, लग रहा है कैंप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची नगर निगम के राजस्व शाखा द्वारा गठित टीम के द्वारा निरंतर जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत होल्डिंग, ट्रेड लाइसेंस एवं बिना कमर्शियल होल्डिंग के आवासीय भवनों में संचालित व्यावसायिक गतिविधियों की जांच की जा रही है।इसी क्रम में, 08.02.2025 को निगम की टीम द्वारा लालपुर, अपर बाजार, स्टेशन रोड एवं मेन रोड स्थित विभिन्न भवनों एवं प्रतिष्ठानों में विशेष जांच अभियान चलाया गया।

**जांच अभियान के दौरान पाई गई विसंगति :** निगम की टीम ने कुल 6 प्रतिष्ठानों की जांच की। जिसमे मुख्यतः मेट्रो ब्रांच लिमिटेड, ऑल इन वन मिल्क प्रोडक्ट, सुधा मिल्क एण्ड दही, डॉलर शो बाजार, राजवंशी क्लॉथ स्टोर, रेबोक शूज शामिल हैं।मेट्रो ब्रांच लिमिटेड एवं रेबोक शूज ने अपने व्यवसाय को ÷सेल्फ ऑक्यूपाइड÷ दर्शाया था, किंतु जांच में वे किराए पर संचालित पाए गए।यह कृत्य प्रत्यक्ष रूप से कर की चोरी की श्रेणी में आता है। अतः निगम ने इन प्रतिष्ठानों को दो दिनों के अंदर ही पुनर्मूल्यांकन कराने का निर्देश दिया। आदेश की अवहेलना होने की स्थिति मे निगम अपने स्तर पर शास्ति अधिरोपित कर बकाये कर की वसूली करेगा ।




अपर बाजार में कुल 6 भवनों की जांच की गई। जिसमें शुक्ला रानी जैन एवं निर्मला देवी के भवनों को रेजिडेंशियल होल्डिंग के रूप में दिखाया गया था, जबकि वास्तविक रूप से वहाँ व्यावसायिक गतिविधियाँ संचालित हो रही थीं।निगम द्वारा इन भवनों की मापी कराकर ऑन स्पॉट ही कर निर्धारण कर डिमांड जारी किया गया और दो दिनों के भीतर भुगतान करने का निदेश दिया।

**कुल 10 प्रतिष्ठानों की जांच की गई :** जिसमे दो होटलों (होटल राही, होटल त्रिभुवन) के एरिया में अंतर पाया गया एवं फिर से मापी कर प्रतिष्ठानों का कर निर्धारण किया गया। वहीं लालपुर क्षेत्र में कुल 14 प्रतिष्ठानों की जांच की गई।जिसमे स्टे होम, मां सरस्वती गर्ल्स हॉस्टल एवं सीता राम गर्ल्स हॉस्टल में के एरिया में अंतर पाया गया एवं फिर से मापी कर प्रतिष्ठानों का कर निर्धारण किया गया।निगम ने भवन मालिकों को कर का समय पर भुगतान करने का निर्देश दिया।

**विशेष पहल :** नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, निगम द्वारा विभिन्न वार्डों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इन शिविरों में घृतिकर (प्रॉपर्टी टैक्स) भुगतान एवं ट्रेड लाइसेंस के आवेदन/नवीकरण की प्रक्रिया ऑन-स्पॉट पूरी की जा रही है। आगामी शिविर वार्ड नंबर 1 में दिनांक 10.2.25 को मारू टावर में आयोजित किया जाएगा। आस-पास के सभी भवन मालिक एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों से अनुरोध है कि वे जल्द से जल्द अपने घृतिकर का भुगतान करें एवं आवश्यक ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करें।

**प्रशासक रांची नगर निगम की अपील :** रांची शहर के सभी भवन मालिकों से अनुरोध है की वे अपना होल्डिंग टैक्स का भुगतान जल्द से जल्द कर दें और अगर अपने परिसर में कोई नई संरचना का निर्माण किया गया है तो उतने क्षेत्रफल का पुनर्मूल्यांकन करवाना सुनिश्चित करें ।उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू के नेतृत्व मे जांच मे निगम के सहायक प्रशासक, नगर प्रबंधक, निगम के कर संग्रहकर्ता, मेसर्स श्रीपब्लिकेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर, टीमलीडर एवं कर संग्रहकर्ता संयुक्त रूप से लगातार कार्य कर रहें हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अर्जित



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के दो अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रेहान मुस्तफा तथा प्रियांशु अग्रवाल ने अंतर्राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अर्जित करके राज्य का नाम रौशन किया । यह प्रतियोगिता 1-5 फरवरी को के. डी यादव इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया था।इस अवसर पर झारखंड किक-बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा दोनों खिलाड़ियों तथा अंतर्राष्ट्रीय रैफरी और कोच राज ठाकुर का बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर स्वागत किया गया इस उपलक्ष पर झारखंड बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष बी. सी ठाकुर जी , कार्यकारी-अध्यक्ष विनय सिन्हा ,कार्यवाहक सचिव गुलाम जावेद, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, रांची जिला किक बॉक्सिंग के कोषाध्यक्ष कमल किशोर कच्छप तथा संयुक्त सचिव इबरार अंसारी ने शुभकामनाएं दी।

# जिले के शिक्षकों को डीएसई बादल राज द्वारा किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रखण्ड स्तरीय शिक्षक सम्मान सह आठवीं प्री बोर्ड छात्र मेधा सम्मान समारोह का आयोजन नामकुम प्रखण्ड मुख्यालय हॉल में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने तीन शिक्षकों अशोक कुमार, देशराज मिश्रा व अंबिका स्वासी को प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही तीन छात्रों अनुप्रिया कुमारी ,बसंत कुमार साहू व वैष्णवी प्रिया को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में प्रखण्ड के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी बिजेंद्र कुमार चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नामकुम कल्पना तांति उपस्थित थी। जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने




कहा की प्रत्येक विद्यालय में छात्र बेझिझक पढ़ सके, बोल सके इसके लिए ईमानदार प्रयास होनी चाहिए। नोडल शिक्षक राजेश कुमार ने इसकी उपयोगिता पर विस्तार से अपनी बात कही। मुख्य रूप से अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद, राँची के डीडीओ प्रेम प्रकाश, अशोक कुमार, पशुपति महतो, आनंद लाल, अनिल गुप्ता, मोहम्मद हसन , बेद प्रकाश ओझा , पोखराज प्रसाद उपस्थित थे. प्रखण्ड स्तरीय सम्मान समारोह को सफल बनाने मे मुख्य भूमिका अजय ज्ञानी, भारत भूषण, भूदेव, राजेश, अरविन्द कुमार, बद्री विशाल, अंतेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, बिजय कुमार, जुली कुमारी और मंजू रानी ने मुख्य भूमिका निभायी।

## वित्त मंत्री के साथ झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के साथ उनकेसाथ अशोक नगर स्थित आवासीय कार्यालय में झारखंड आंदोलनकारियों व अनुसूचित क्षेत्र के झारखंडियों के संवैधानिक अधिकारों को सुनिश्चित करने के संबंध में मुलाकात की व मांग पत्र सौंपे। 12 फरवरी 2025 को पुनः झारखंड आंदोलनकारियों के जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करने के मसले पर गृह सचिव को लेकर विशेष चर्चा करने का निर्णय लिया गया। साथ ही झारखंड आंदोलनकारियों व झारखंडियों के नियोजन -तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के नौकरिया एवं जेपीएससी की नियुक्तियों में एवं रोजी- रोजगार में सौ प्रतिशत की गारंटी हो तथा क्षैतिज आरक्षण उत्तराखंड के तर्ज पर 10 प्रतिशत लागू करने, सभी बहालियों में आंदोलनकारियों के आश्रितों की सीधी नियुक्ति करने आदि विषयों पर चर्चा हुई। मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने गृह कर आपदा विभाग के जांच अधिनियम 1952 के तहत चिन्हित स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलनकारियों जेपी आंदोलनकारियों, उत्तराखंड के आंदोलनकारियों, के देय सुविधाएं व लाभ बारे में विस्तृत जानकारी लिए। झारखंड आंदोलनकारियों के बारे में सकारात्मक पहल सरकार करेगी हमारी सरकार की यह चिंता है। गरीबी भाग वित्त विभाग एवं विधि विभाग से आंदोलनकारियों को देय सुविधाओं एवं लाभ देने के बारे में विमर्श किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा, संयोजिका सरोजिनी कच्छप , शियोन तिर्की, नेहा नवनीता, संयोजक जवितुल्ला अंसारी, सुबोध लकड़ा, सुजीत कुमार राम व रंजन बाड़ा थे।

## अवैध बालू लदा एक टर्बो व ट्रैक्टर पुलिस ने किया जब्त

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना पुलिस ने अवैध रूप से बालू लदी अल्ट्रा 16 को जब्त किया है। पुलिसिया करवाई करते हुए थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान ने रविवार को गुमला से रांची की ओर जा रही टर्बो नंबर जेएच 07 एल 9617 अवैध रूप से बालू लदी अल्ट्रा 16 को हठुआ ब्रिज के पास रोका और वैध कागजात की मांग किया। बालू चालक द्वारा किसी तरह की कागजात प्रस्तुत नहीं किये जाने पर पुलिस ने बालू लदी वाहन को थाना परिसर लाकर रखा और इस संबंध में बेड़ो थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इधर वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार शनिवार की शाम में नरकोपी थाना अंतर्गत बेयासी जंगल के पास थाना प्रभारी नागेश्वर साव एवं साथ एस सअनि कंचन कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल के साथ एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर थाना लाया गया। वहीं इसे लेकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।




## जंगली हाथी से प्रभावित गांवो का दौरा कर पीडितो से मिले पूर्व मंत्री बंधु तिर्की

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जंगल बहुल क्षेत्र में जंगली हाथी से प्रभावित गांवो का दौरा रविवार को पूर्व मंत्री सह कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने किया। जहां उन्होंने जामटोली, बैरटोली, खक्सीटोली, महरु, पंड़रा, बोदा, घाघरा, तुको अम्बा टोली सहित दर्जन भर गांवो में घुम-घुम कर जंगली हाथी द्वारा ध्वस्थ मकान मालिकों, फसल क्षति की जानकारी ली। मौके पर वन विभाग व स्थानीय प्रशासन से दुरभाष से बात कर फसल, मकान व सामान क्षति का निरक्षण कर शीघ्र क्षति पूर्ति मुआवजा की भुगतान करने की निर्देश दिया। वहीं जंगली हाथियों द्वारा प्रभावित गांवो के ग्रामीणो के बीच टार्च, पटाखा, मशाल के लिये मिट्टी तेल वितरण करने के साथ साथ वन कर्मियो को जंगली हाथी से बचाव के लेकर ग्रामीणो को जागरुक करने को कहा इधर तुको अम्बाटोली में शनिवार रात लगभग एक बजे एक जंगली हाथी ने जमकर उत्पाद मचाया। जंगली हाथी ने सबसे पहले शनी उरांव के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे घर में रखे घरेलू सामान व अनाज मिट्टी में दब कर बर्बाद हो गया। जब जंगली हाथी के द्वारा घर को ध्वस्त किया तो घर में सो रहे शनि की पत्नी व बच्चे किसी तरह अपने जान बचाकर घर से भागे और चिल्लाने लगे जिसे सुनकर अगल-बगल वाले जाग गए और टार्च की रोशनी के साथ टीना बाल्टी बजा कर हाथी को जंगल की ओर भगा दिया।



# डीसी मंजुनाथ के प्रयास से 10 डिसिमल तक के लंबित मामलों का किया गया निष्पादन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जिला प्रशासन, रांची द्वारा सार्थक पहल करते हुए एक साथ 06 अंचलों में शिविर लगाकर 10 डिसिमल तक के लंबित म्यूटेशन के मामलों का निष्पादन करते हुए आवेदकों को करेक्शन स्लिप (शुद्धि पत्र) निर्गत किया गया। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा -09 फरवरी 2025 को कांके अंचल में आवेदकों को शुद्धि पत्र प्रदान किया गया। जबकि शहर, ओरमांझी, माण्डर, नामकुम एवं रातू में वरीय पदाधिकारियों द्वारा आवेदकों को करेक्शन स्लिप दिया गया।




**अस्वीकृत दाखिल-खारिज मामलों की वरीय पदाधिकारियों करेंगे :** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को बिना ठोस कारण के दाखिल-खारिज के आवेदन को अस्वीकृत नहीं करने का निर्देश पूर्व में ही दिया गया है। जिसको लेकर सभी अंचलो में वरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई, जो कैम्प में अस्वीकृत मामलों की समीक्षा करेंगे कि रिजेक्शन का कारण सही है या नहीं।

**अस्वीकृत मामलों के लिए काउंसलिंग की होगी व्यवस्था :** कैंप में जिन आवेदकों के आवेदन अस्वीकृत हुए हैं, उनके लिए रिजेक्शन काउंसलिंग की व्यवस्था की जाएगी, ताकि आवेदक जान सके कि किस कारण उनके आवेदन को अस्वीकृत किया गया।

अगर अंचल कार्यालय में बिचौलिये दिखे तो फौरन स्थानीय थाना या पीसीआर को सूचित करें। आम लोगो से जिला प्रशासन द्वारा जन शिकायत के लिए जारी किए गए व्हाट्सएप नंबर अबुआ साथी 9430328080 पर भी जानकारी दे सकते है। जिसपर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# विधेयकों पर कम चर्चा होना चिंताजनक है : रबिन्द्र नाथ महतो



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अध्यक्ष झारखंड विधानसभा रबीन्द्रनाथ महतो ने एम आईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी पुणे के द्वारा आयोजित सम्मेलन में आज शामिल हुए। राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से भाग लेने वाले सदस्यों का capacity building programme for legislators के दूसरे सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विधायिका का कार्य क़ानून बनाना है, परंतु विधेयकों पर कम चर्चा होना चिंताजनक है। विधानसभा सत्र को चलने नहीं दिए जाने की नई परिपाटी शुरू हुई है जो किसी भी स्थिति में लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। हमें इन विषयों पर गंभीरता से सोचने की ज़रूरत है। अध्यक्ष इस सम्मेलन में 14वां नेशनल कॉन्क्लेव भारतीय छात्र संसद की उद्घाटन समारोह में भी भाग लिया झारखंड विधानसभा के सदस्य जो इस कार्यशाला में भाग ले रहे है विभिन्न समितियों के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों से आए सदस्यों के साथ ,राज्य के विभिन्न योजनाएँ जो उनके राज्यों में फलीभूत हो रहे हैं तथा विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा किए।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# पूर्व मंत्री बन्धु तिर्की ने किया चान्हो में दो योजनाओं का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** चान्हो प्रखंड में शनिवार दोपहर एक बजे से झारखंड सरकार के संबंध में समिति के सदस्य व पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में दो योजनाओं का शिलान्यास किया गया। इस दौरान उन्होंने सोंस स्थित मदरसा इस्लामया कल्याण विभाग के द्वारा निर्मित 50 बेड के छात्रावास निर्माण कार्य और चलियों में जल आपूर्ति योजना का शिलान्यास शामिल है। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां की विधायक अभी राज्य की मंत्री बन गई है उनका क्षेत्र पूरा राज्य बन गया है उनके पास समय के अभाव के कारण लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र पर नजर रखते हुए मुझे पूरी जिम्मेदारी के साथ विकास कार्यो से क्षेत्र को जोड़कर पूरे विधानसभा को एक मॉडल विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित करना हमारी प्राथमिकता है। आगे उन्होंने कहा कि शिक्षा को लेकर के समाज के अगुवा लोगों को जागरूक रहना होगा तभी लोगों को संविधान सहित अन्य चीजों की जानकारी रहेगी शिक्षित समाज ही जागरूक बनता है और आगे बढ़ता है ।इस मौके पर कांग्रेस नेता मोहम्मद इश्तियाक मोहम्मद मुजीबुल्लाह मौलाना अब्बास मौलाना कमाल अब्दुल्लाह अंसारी जुल्फान अंसारी मोहम्मद ग्यास इरशाद खान हफीजुल अंसारी एहसान बबलू सुनील महली सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### नकटा पहाड़ पर ग्रमीणों के बिना सहमति कोई कार्य नहीं : बन्धु तिर्की

**चान्हो :** चान्हो प्रखंड के पतरातू के नकटा पहाड़ में वन विभाग के द्वारा एडवेंचर पार्क निर्माण कार्य को लेकर आज शिलान्यास होना था मगर ग्रामीणों के विरोध के कारण ये निर्माण कार्य रोक दिया गया है ।वहीं रविवार दोपहर 3 बजे ग्रामीणों के साथ पूर्व मंत्री व सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने बैठक कर स्थिति की पूरी जानकारी ली इसके बाद उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल से किसी तरह का कोई छेड़छाड़ नहीं की जाएगी वहीं धार्मिक स्थल होने के कारण वहां पर ग्रामीणों की बिना अनुमति का कोई भी कार्य नहीं करने दिया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि वन विभाग के अधिकारियों के साथ दो-तीन दिनों के अंदर ग्रामीणों के साथ बैठक करके नकटा पहाड़ पर स्थित पूजा स्थलों के बारे में पूरी जानकारी ली जाएगी। वहीं बंधु तिर्की के समक्ष ग्रामीणों ने बताया कि जिस जमीन पर पार्क का निर्माण वन विभाग के द्वारा किया जाना है व जमीन निजी है और बिना जानकारी दिए ही निर्माण कार्य विभाग कराना चाह रही है।

## यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का द्वितीय सम्मेलन आज पिपरवार मे

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन पिपरवार क्षेत्र का द्वितीय सम्मेलन आज श्रमिक क्लब बचरा में आयोजित किया गया है।सम्मेलन के लिए क्षेत्र के सभी परियोजना के अध्यक्ष सचिव के द्वारा डेलीगेट का चयन कर उनके नाम की सूची क्षेत्रीय कमेटी के संयोजक के पास उपलब्ध कराया दिया गया है।इस सम्मेलन में सिर्फ चयनित डेलीगेट ही भाग लेंगे।सम्मेलन में बतौर पर्यवेक्षक के रूप मे एटक के महासचिव अशोक यादव और विशिष्ट अतिथि मे युनियन के सचिव बिनोद बिहारी पासवान,प्रेम कुमार उपस्थित रहेंगे।सम्मेलन दिन के 10-30 बजे बचरा श्रमिक क्लब में झंडा तोलन के बाद प्रारंभ होगा।यह जानकारी यूनियन के संयोजक मोहम्मद रहमतुल्लाह ने दी है।

## सिद्धि विनायक बजाज शो रूम का उद्घाटन पूर्व उप मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नामकुम प्रखंड के सरई टोली महिलौंग में सिद्धि विनायक बजाज शो रूम का उद्घाटन माननीय उप मुख्यमंत्री एवं आजसू सुप्रीमों सुदेश कुमार महतो के कर कमलों द्वारा फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया गया।इस अवसर पर प्रोपराइटर सह उपप्रमुख नामकुम वीणा कुमारी एवं सहदेव महतो, प्रमुख नामकुम आशा कच्छप , समाजसेवी माधो कच्छप, डॉक्टर सुजीत कुमार निराला,जितेंद्र सिंह,उमेश महतो, पारसनाथ उरांव,प्रधान किस्टो उरांव , प स स अरविंद लोहरा, मुखिया संदीप तिर्की ,सुनीता देवी,धर्मेंद्र कुमार,राजेश्वर नाथ मिश्र, राजेंद्र प्रमाणिक,मंगल गुप्ता,थाना प्रभारी मनोज कुमार,राजू नायक, कुदरक शेख इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।इस शो रूम में विभिन्न मॉडल के मनमोहक एवं आकर्षक गाड़िया सजा के रखी गई थी।

## दिल्ली में विकास और सुशासन की जीत के लिए दिल्ली की जनता को धन्यवाद : दीपा चौरसिया

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दिल्ली में बीजेपी की जीत का जश्न झारखंड में भी देखने को मिला। वही ओरमांझी में भी भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिल्ली जीत पर खुशियाँ मनाए। साथ ही एक दूसरे का मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर किया। वही भाजपा के दिल्ली में भारी जीत को लेकर भाजपा नेत्री सह समाजसेविका दीपा चौरसिया ने बताया की दिल्ली के परिणाम विकास के दुश्मन और भ्रष्टाचारियों के लिए एक बड़ा सबक है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी को दिल्ली में यह बड़ी ऐतिहासिक जीत मिली है। 26 साल बाद दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भगवा लहराया है। निश्चित रूप से यह विजय देश की है। दिल्ली की जनता बधाई के पात्र हैं। साथ ही श्रीमती चौरसिया ने कहा की दिल्ली की समझदार देवतुल्य जनता ने इस चुनाव में भाजपा को भारी जीत दिलाई है।

## शहीद शेख भिखारी टिकैत उमराव सिंह सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र स्थित शहीद शेख भिखारी टिकैट उमराव सिंह सद्भावना समिति हेंदेबिली ओरमांझी की ओर से गुंजा डहूटोला मैदान पर रविवार को जिला स्तरीय विशाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। क्रिकेट मैच के आयोजक अध्यक्ष मुबारक अंसारी ने मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि व क्रिकेट टूर्नामेंट के अध्यक्ष मुबारक अंसारी व रामटहल चौधरी ने संयुक्त रूप से क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन फीता काटकर किया। खेल मैदान में पूर्व सांसद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन मैच ओईना 11 टीम बनाम आनंदी 11टीम के बीच खेला गया। ओईना की टीम ने 7 विकेट से उद्घाटन मैच जीता। वहीं दूसरा मैच कोकदोरो की टीम बनाम होचर की टीम के बीच खेला गया। जिसमें होचर की टीम ने 7 रन से जीता। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करने का आह्वान किया। इस आयोजन से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों में उत्साह का संचार हुआ और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिला। मौके पर मुख्य रूप से हेंदेबिल्ली पंचायत की मुखिया दशमी मिंज तारालाल यादव, अध्यक्ष मुबारक़ अंसारी, इसराफिल अंसारी, प्रवेज आलम, विकास सिंह भोकता, सईद अंसारी, सकिल अंसारी, सोहैल अंसारी, सुलेमान बेन आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## लोन बॉल्स विजेता को सुदेश व अन्य लोगों ने दी बधाई

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के ईचाहातू निवासी दिनेश कुमार महतो ने उत्तराखंड में 38वें नेशनल गेम्स में झारखंड लॉन बॉल में गोल्ड मेडल जीतने पर लोगों ने उज्जवल भविष्य की कामना करते बधाई दी है। दिनेश कुमार महतो ने बताया कि मेरे साथ सुनील बहादुर की जोड़ी ने बिश्वजीत खोंड और बिमान नाथ की जोड़ी को फाइनल में 25-4 से हरा कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया । बधाई देने वाले में के पूर्व विधायक सुदेश कुमार महतो गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह,आर्चरी कोच प्रकाश राम ,शिशिर महतो वुसु कोच वाहिद अली,संजय सिद्धार्थ, चितरंजन महतो,गौतम कृष्ण साहू, सुशील महतो, ब्रजेश प्रसाद,रंग बहादुर महतो,संजय महतो, बिकास महतो ,आदि शामिल है।

## नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट का पुनदाग बना चैम्पियन

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नेहरू युवा केंद्र राची द्वारा आयोजित प्रखण्ड स्तरीय युवा मंडल खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन जे एस एफ क्लब बरतुआ ने पंचायत खेल मैदान बरतुआ में बालक वर्ग के फुटबॉल,400 मी दौड़ और लम्बी कूद प्रतियोगिता का फाइनल कराया गया। 400 मीटर दौड़ में प्रथम- तिलेश्वर बेदिया, द्वितीय - पंकज कुमार बेदिया, तृतीय - छोटेलाल बेदिया विजेता रहें। लम्बी कूद में प्रथम- कुनाल मुंडा, द्वितीय - लक्की करमाली, तृतीय - छोटेलाल बेदिया विजेता रहीं,बालक वर्ग के फुटबॉल में पहला मैच जुनियर बरतुआ बनाम मनातु के बीच खेला गया, जिसमें मनातु ने बरतुआ जुनियर को 3-0 से पराजित किया। अन्य मैच पुनदाग ने गुरगाई को 1-0 से, जे एस एफ कल्ब बरतुआ ने जीदु को निर्धारित समय में 1-1 की बराबरी होने पर ट्राब्रेकर में 4-2 से पराजित किया। फाइनल मैच बरतुआ बनाम पुनदाग के बीच खेला गया। जिसमें पुनदाग ने बरतुआ को 1-0 से पराजित कर फाइनल मैच का खिताब पर कब्जा जमाया। वही मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जयडीहा पंचायत के पुर्व मुखिया विनोद बेदिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जयडीहा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रवेश भोगता, बरतुआ के ग्राम प्रधान शंकर करमाली ने विजेता उप विजेता टीमों को जर्सी, फुटबॉल, बैडमिंटन, स्किपींग, एवं शिल्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर टुर्नामेंट को सफल बनाने में दिनेश करमाली, प्रकाश बेदिया, राजु करमाली, भुनेश्वर करमाली, बबलू भोगता, सिकंदर गोप, अमित पाहन, अरविंद करमाली, दिपक करमाली, पिन्टू गंझू, लककी करमाली एवं सिधु कान्हू युवा खेल क्लब ओरमांझी के प्रखण्ड अध्यक्ष रमेश कुमार महतो का सराहनीय भूमिका रहीं।

## न्यु उदयन पब्लिक स्कूल मे विदाई समारोह आयोजित कर दसवीं कक्षा के बच्चों को दी गई विदाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर मे समारोह आयोजित कर कक्षा दसवीं के छात्र छात्राओं को विदाई दी गई।कार्यक्रम मे दसवीं कक्षा के बच्चो को उनके बेहतर उच्च शिक्षा प्राप्त करने की शुभकामना दी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कुल की प्राचार्या टाका नारो जमीर ने कहा कि अब दसवीं के बच्चे एक नए अध्याय की शुरुआत करने जा रहे हैं। उन्होंने बच्चों से मेहनत परिश्रम कर आगे की उच्च शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की।विद्यालय की प्रबंधक रेहाना परवीन ने बच्चों को कहा की विद्यालय परिवार आपसे एक अच्छा इंसान बनने की अपेक्षा करती है।उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा के बिना सफलता नहीं मिलती है इसलिए बच्चों को मेहनत के साथ बेहतर शिक्षा प्राप्त कर शून्य से शिखर तक पहुंचना है।विद्यालय के शिक्षक उमेश कुमार ने बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा की जीवन का वास्तविक अर्थ किसी पद की प्राप्ति नहीं है बल्कि आप जीवन में कितने खुश रहते हैं यह वास्तविक सफलता है।समारोह के अंत में छात्रों को प्रमाण पत्र और उपहार प्रदान किया गया।विद्यालय परिवार की ओर से बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दीं गई।समारोह में स्कूल के प्रधानाचार्य,शिक्षक और छात्रों के अलावा अभिभावक उपस्थित थे। इस अवसर पर छात्रों ने अपने अनुभव और यादों को साझा किया।उन्होंने अपने शिक्षकों और स्कूल के प्रति आभार व्यक्त किया।इसी के साथ विद्यालय में शिक्षक और अभिभावक की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें 2025 का वार्षिक परीक्षा पर चर्चा हुई एवं विद्यालय परिवार द्वारा विद्यालय में हो रही पठन-पाठन पर विशेष चर्चा की गई।

## मुरही एवं सिलादोन पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दिनांक 9/02/2025 को खूंटी प्रखंड के पंचायत मुरही और पंचायत सिलादोन में संयोजक मंडली सदस्य प्रखंड खूंटी के शंकर सिंह मुंडा एवं प्रकाश नाग मुंडा जी के द्वारा झा0मु0मो सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रति निष्ठा रखने वाले ग्रामीण लोगों का काफी समर्थन देखने को मिला और सदस्यता ग्रहण किया।

## अलौकिक विवाह सम्मान समारोह का आयोजन



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ब्रह्माकुमारी संस्थान टाटीसिलवे के द्वारा अलौकिक विवाह सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया।इस अवसर पर नृत्य संगीत के द्वारा लोगों को परम व सत्य गुरु शिव से जुड़े रहने की कला को भी प्रदर्शित किया गया।इस अवसर पर सेंटर प्रमुख कुमारी लक्ष्मी बहन,उप प्रमुख वीणा कुमारी,राजेश मिश्रा,जितेंद्र श्रीवास्तव,रंजीत कुमार,पुष्पनाथ महतो,राजकुमार भाई,नंदकिशोर भाई इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## झामुमो ने मांडर में चलाया सदस्यता अभियान, सैकड़ों लोगों ने ली सदस्यता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड अंतर्गत ग्राम चटवल में रविवार को झामुमो ने सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य झारखण्ड मुक्ति मोर्चा धर्मेन्द्र सिंह ने प्रमुख रुप से भाग लिया और उन्हें। फूल माला पहनाकर एवं गुलदस्ता देकर अभिनन्दन किया गया। संयोजक सदस्य मुर्शीद अमीरी के नेतृत्व में मांडर के चटवाल पंचायत के 500 से अधिक महिला व पुरुषों ने झामुमो का दामन थामा। सदस्यता फॉर्म भरने के लिए लोगों की काफी भीड़ जुटी। सभी ने फॉर्म भरकर सदस्यता ग्रहण की। सभी को पार्टी की विचारधारा और उद्देश्यों के बारे में बताया गया। संयोजक सदस्य धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि लोगों ने झामुमो में आस्था रखते हुए सदस्य बनकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। और यह अभियान हमारे संगठन को और मजबूत बनायेगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सदस्यता अभियान को व्यापक स्तर पर चलाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर में दो-दो सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि पार्टी का विस्तार शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में समान रूप से हो सके। और आने वाले दिनों में झामुमो पार्टी काफी मजबूत स्थिति में पहुंचेगी। उन्होंने हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार की योजनाओं को भी गिनाया। साथ ही योजना का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की। इसी मौके पर शाहबाज अंसारी, संयोजक सदस्य मुर्शीद अमीरी, सेराज अंसारी, फिरोज अंसारी सहदेव मंडी, जानकी देवी, शांति देवी,सायों देवी,रबीना खातून,अपशाना प्रवीण, नेसार अंसारी, मुख्तार अंसारी, नेयामत अंसारी, समेत और भी लोग उपस्थित थे।

## जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में अफीम की फसल को पुलिस के द्वारा किया गया नष्ट



**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देशानुसार आज खूंटी जिले के मुरहू प्रखंड के बुरजू, बुरुहातू समेत अन्य प्रखंडों में जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर अवैध अफीम की खेती को नष्ट करने की कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों की मदद से बड़ी मात्रा में अवैध फसल नष्ट की गई। इस कार्रवाई में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा स्थानीय लोगों को अवैध अफीम की खेती से होने वाले कानूनी और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा उन्हें वैकल्पिक और लाभकारी खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## सर्व ब्राह्मण महासभा के वार्षिक मिलन समारोह में परशुराम जयंती मनाने का निर्णय



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सपही नदी तट पर सर्व ब्राह्मण सभा के द्वारा वार्षिक मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार तिवारी ने किया. इस वार्षिक मिलन समारोह के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से भगवान परशुराम की जयंती मनाने, संगठन को मजबूत करने, सदस्यों की संख्या बढ़ाने, जरूरतमंद ब्राह्मण परिवारों को हर संभव मदद करने, जरूरतमंद ब्राह्मण के बच्चों को बेहतर शिक्षा में हर संभव मदद करने, भगवान परशुराम की मंदिर का निर्माण करने समेत अन्य बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श किया गया. बैठक के दौरान सर्वसम्मति से 29 अप्रैल को डकरा विवाह मंडप में भगवान परशुराम की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया. इस वार्षिक मिलन समारोह के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से बैठकर स्वादिष्ट व्यंजन का आनंद उठाया. संचालन सचिव दिनेश पांडेय घंटु ने किया. इस वार्षिक मिलन समारोह के अवसर पर संरक्षक बीएन पांडेय, उप कोषाध्यक्ष पंकज कुमार मिश्रा, सीएमओएआई के पिपरवार शाखा अध्यक्ष डीपी राय, अशोका परियोजना के प्रोजेक्ट इंजीनियर विघूत एवं यांत्रिक रितुराज कुमार, सीसीएल अधिकारी अखिल कुमार पांडेय, भूमि एवं राजस्व अधिकारी किशन अवस्थी, विकास कुमार पांडेय, संतोष कुमार गिरि, गुडु गिरि, मिथिलेश कुमार शर्मा, अनिल कुमार कुंवर, जसवंत पांडेय, शशि पांडेय,अजय कुमार दुबे, शंभूनाथ पांडेय, उमाकांत पांडेय, ओंकार तिवारी, आशीष कुमार तिवारी, उज्जवल गोस्वामी, दीपक ओझा, विनय कुमार पांडेय, राजीव मिश्रा, नीना शुक्ला, अभिमन्यु कुमार तिवारी, मनोज ओझा, योगेंद्र पांडेय उर्फ छोटू पांडेय, नरेश मिश्रा समेत अन्य सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित थे.

### ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल नेवरी का दूसरा वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया

## छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के संस्कार भी दिया जा रहा : जीशान अख्तर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल नेवरी का दूसरा वार्षिक उत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया, इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने तरह-तरह के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा नशा पान के रोकथाम के लिए आयोजित नुक्कड़ नाटक आकर्षण का केंद्र रहा.कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता देकर किया गया,इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर जीशान अख्तर ने बताया कि इस स्कूल में छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ कुछ स्तरीय संस्कार भी दिया जाता है, इस स्कूल में महज 2 सालों में 400 से अधिक छात्रों का नामांकन दर्शाता है कि अभिभावकों का रुझान इस स्कूल की ओर है. वही वक्ताओं ने स्कूल प्रबंधन को बधाई देते हुए शिक्षा के महत्व को बताया, और कहा कि शिक्षा के बगैर ना तो परिवार न समाज ना राष्ट्र विकास की ओर अग्रसर हो सकता है, कंपटीशन के इस युग में छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा दे ताकि वह बड़े स्कूलों की तरह इस स्कूल से पढ़कर देश व राष्ट्र का नाम रोशन कर सके,मौके पर मुख्य रूप से मेरी पंचायत के विकास ग्रुप इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर राधा चरण सिँह मुखिया साधो उरांव, कांग्रेसी नेता एनुल हक अंसारी, पूर्व मुखिया नसीम अंसारी, अख्तर अंसारी, मास्टर जमील अंसारी, हाफिज अतहर इमाम, उप मुखिया सईद अंसारी, सहित अनेकों गणमान सदस्य व शिक्षक शिक्षिकाए छात्राएं उपस्थित थे।

### गोल्डन ट्रॉफी हेसल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन बना किंग्स इलेवन नेवरी

## खिलाड़ियों के अंदर छूपी अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिला : मिन्हाज आलम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** प्रखण्ड क्षेत्र स्थित हेसल में चार दिवसीय गोल्डन ट्रॉफी हेसल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन बड़ी सफलतापूर्वक रहा। कमेटी के अध्यक्ष मिन्हाज आलम ने बताया खिलाड़ियों की उत्साह को देखते हुए गांव के लोगों ने मिलकर रात्रि क्रिकेट का आयोजन किया जिसमें खिलाड़ियों के अंदर छूपी अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिला इस टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग ली जो 5 फरवरी से 8 फरवरी तक सफलतापूर्वक चला।फाइनल मैच 8 फरवरी को किंग्स इलेवन नेवरी एवं जाकिर फाइटर मासू के बीच खेला गया , किंग्स इलेवन नेवरी विजेता एवं जाकिर फाइटर मासू उप विजेता रहे। प्रथम पुरस्कार 31000 नगर न्यू एक बड़ा ट्रॉफी द्वितीय पुरस्कार रू21000 नगद एवं एक बड़ा ट्रॉफी, मैन ऑफ द मैच,बेस्ट बॉलर बेस्ट बैट्समैन को अलग से ट्रॉफी दिया गया। कमेटी को सफल बनाने में अध्यक्ष मिन्हाज आलम सचिव महमूद अंसारी, कोषाध्यक्ष जावारूल अंसारी खेल प्रभारी साबिर हसन, अमीरुल अंसारी संरक्षक झारखंड रत्न से सम्मानित मुस्तफा अंसारी कविता देवी मुखिया हेसल पंचायत,समाज सेवी रामेश्वर महतो,समाजसेवी राम पोदो महतो,।इस्तियाक अहमद, अशफाक अंसारी, जमील अख्तर, खलील, अहमद,सौकत, शाहिद, अंसार, अमरूल, शकील,यूसुफ अंसारी इब्राहिम अंसारी अब्बास, रब्बानी राज क्रिस्टो कुजूर, शोएब अशरफुल अल्फाज हबीब, तस्लीम,चंचल,नसीम इत्यादि का अहम योगदान रहा ।

## झूठ, फरेब व अंहकार को नकार, दिल्ली ने भाजपा पर जताया भरोसा : प्रशांत



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जीत दर्ज करते हुए आम आदमी पार्टी की सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया है। दिल्ली में भाजपा की शानदार जीत पर भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि, दिल्ली के लोगों ने सबका साथ सबका विकास के नारे को मत देकर भाजपा को जिताया है। एवं लोगों ने झूठ, फरेब और अंहकार को नकार दिया है।

## साकची श्याम महोत्सव के भंडारे में 5 हजार से अधिक भक्त हुये शामिल



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को महाभंडारे के साथ श्री श्री साकची शिव मंदिर एवं श्री श्याम परिवार का 36वां श्री श्याम महोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। सुबह बाबा श्याम को बारस की ज्योत लेकर भोग लगाने के बाद भंडारा का शुभारंभ हुआ। लगभग पांच हजार से अधिक भक्त भंडारा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किए। प्रसाद वितरण के लिए 11 स्टॉल लगाये गये थे। श्याम भक्तों ने प्रसाद ग्रहण करते हुए बाबा की जय जयकार की। आज के भंडारा का आयोजन सरलाल इंजीनियरिंग लिमिटेड की तरफ से आयोजित किया गया था। महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता अपनी धर्मपत्नी सुधा गुप्ता के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने श्याम बाबा की विधि-विधान से पूजन-अर्चना कर राज्य, देश, समाज और जनकल्याण की कामना की। श्याम परिवार संस्था के अध्यक्ष गिरधारी लाल खेमका, सुरेश अग्रवाल, सुभाष शाह, नरेश अग्रवाल, उमेश शाह, कमलेश चौधरी, मोहित शाह, आशीष खन्ना आदि ने इस धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने व सहयोग करने पर सबों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही इतना बड़ा महोत्सव संभव हो पाता है।

## जोड़सा कुम्हार पाड़ा में हुई भानसिंह पूजा



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के सुदूरवर्ती जोड़सा गांव के कुम्हार पाड़ा में माघ महीने के अंतिम रविवार को हर साल की भांति इस साल भी दर्जनों परिवारों ने सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना करते हुए भानसिंह देवता की पूजा अर्चना की। पुजारी स्वरूप कुंभकार एवं सहयोगी के रूप में मनोरंजन कुंभकार, भीष्मनाथ कुंभकार एवं शशधर कुंभकार ने विधिवत पूजा संपन्न कराई। पुजारी स्वरूप कुंभकार ने बताया कि भानसिंह देवता के समक्ष सच्चे मन से प्रार्थना करने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामना अवश्य ही पूरी होती है। इस दौरान मन्नतें पूरी होने पर दर्जनों बत्तख, बकरा व कबूतरों की बलि चढ़ाई गई। पूजा संपन्न होने के बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से सुखदेव कुंभकार, गोराचांद कुंभकार, नखाई कुंभकार, चित्तरंजन कुंभकार, बिभाष चंद्र कुंभकार, प्राणकृष्ण कुंभकार समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद राय पंचतत्व में हुये विलीन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जनसंघ काल से भारतीय जनता पार्टी को सींचने वाले एवं जमशेदपुर में भाजपा के आधार स्तंभ रहे वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद राय का रविवार को पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। भुइयांडीह स्थित स्वर्णरेखा बर्निंग घाट पर उनके बड़े पुत्र ब्रजेश राय ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान पूरा माहौल गमगीन था जहां बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। अंतिम संस्कार से पूर्व स्व. सच्चिदानंद राय के पार्थिव शरीर को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय लाया गया, जहां उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा समेत वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनके पार्थिव शरीर पर सम्मानपूर्वक पार्टी का ध्वज ओढ़ाकर श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने सच्चिदानंद राय अमर रहे के नारों के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी।

## माघी पूजा कर आदिवासी समुदाय मनाते हैं नव वर्ष : महाबीर मुर्मू



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत किताडीह गांव में बड़े ही भक्तिपूर्ण माहौल में श्रद्धा के साथ ईष्ट देवता मारांग बुरु, ग्राम देवता, जाहेर आयो, मोड़, तुरुई देवी देवताओं की पूजा-अर्चना गांव के नायके बाबा (पुजारी) महाबीर मुर्मू के द्वारा माघी पूजा की गई और ईष्ट देवी देवताओं से प्रार्थना की गई कि गांव के समस्त परिवारों के लोग सुख समृद्धि के साथ रहे। पूजा को सफल बनाने में नायके सह माझी बाबा महाबीर मुर्मू ने बताया कि आदिवासी समुदाय माघ महीने में पूजा करके अपने नव वर्ष की शुरुआत करते हैं नया शुभ कार्य का शुभारंभ करते हैं। गांव में पारंपारिक नृत्य करते हैं दूसरा दिन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से बंगाल माझी, किशुन मुर्मू, सुदाम मुर्मू , मनोज मुर्मू, विकास मुर्मू, चुनू हेम्ब्रम, बिंदु सोरेन, हेमंत सोरेन, रामराय सोरेन, खेला सोरेन, गुरबा हांसदा, नारायण हेम्ब्रम, राजाराम मुर्मू, मधुसूदन सोरेन, विक्की कांडिर, बजाय विरुवा, तुराम सुंडी, सौरभ विरुवा, सिपाही विरुवा, राहुल हांसदा रेडी व लुगून आदि शामिल हुए।

# 10 से 25 फरवरी तक चलेगा फाइलेरिया रोधी अभियान : डीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले में 10 फरवरी से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू होगा। मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के तहत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। अभियान के तहत नोडल विभाग के रूप में स्वास्थ्य विभाग सभी विभागों के सहयोग से अभियान को संचालित किया जाएगा। स्कूलों में बच्चों को मिड डे मील के बाद दवा दी जाएगी। शिक्षा, पंचायती राज, समेकित बाल विकास, समाज कल्याण, आपूर्ति सहित अन्य विभाग स्वास्थ्य विभाग को सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रखंडों में दवा की उपलब्ध करा दी गई है। उपायुक्त के द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर जिला समन्वय समिति की बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

**मच्छर काटने से होती है फाइलेरिया**

अभियान के तहत प्रथम दिवस कैंप लगाकर तथा अगले दिन से स्वास्थ्य सहिया कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाएंगे। अभियान की सफलता एवं जनभागीदारी के लिए जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने लोगों से अपील की है कि फाइलेरिया एक मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी है। इसे आमतौर पर हाथी पांव के नाम से भी जाना जाता है। 10 फरवरी से 25 फरवरी तक इसकी दवाइयां विभिन्न बूथों में खिलाई जाएगी। 10 फरवरी को बोड़ाम, पटमदा, पोटका, गोलमुरी एवं जुगसलाई के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में बूथ बनाकर वहां के प्रशासकों द्वारा दवाइयां खिलाई जाएंगी। ये दवाई उम्र के हिसाब से खिलाई जाती है। इस दवाई को गर्भवती महिला, किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित व्यक्ति या फिर 2 साल से छोटे बच्चों को नहीं खानी है। 11 फरवरी से यह सभी दवाइयां घर-घर जाकर सभी लोगों को खिलाई जाएगी। डीसी ने कहा है कि मेरा आप सभी से अनुरोध है कि सभी इसमें भागीदारी अपनी दिखाएं, दवाइयों का सेवन करें, ताकि हम फलेरिया को कंप्लीट रूप से समाप्त कर सकें।

## मानगो नगर आयुक्त दीपांकर चौधरी ने निगम क्षेत्र का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर परियोजना निदेशक आईटीडीए सह प्रभारी नगर आयुक्त मानगो ने नगर निगम क्षेत्र में मानगो डिमना रोड, डिमना चौक, चेपा पुल आदि इलाकों का भ्रमण कर निगम क्षेत्र में बेहतर नागरिक सुविधा तथा साफ सफाई आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में चौधरी ने मुख्य रूप से घरों से कचरा संग्रहण, परिवहन तथा उसके निष्पादन आदि का अवलोकन किया। इस क्रम में उन्होंने निर्देशित किया कि कचरा को निर्धारित स्थानों पर ही संग्रहीत किया जाए, संग्रहण के उपरांत वाहनों में ढक कर कचरा का परिवहन एवं निर्धारित स्थानों पर कचरे का निपटान सुनिश्चित करें। साथ ही आवश्यकतानुसार कचरा का दो बार उठाव करने, निर्धारित स्थान पर डस्टबिन की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया ताकि कचरा का फैलाव आसपास के इलाकों में न हो।इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र से राजस्व संग्रहण बढ़ाने, अवैध पानी कनेक्शन वालों पर कार्रवाई करने जुर्माना सहित प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया। साथ ही विभिन्न चौक चौराहा, सड़क किनारे दुकान लगाने वालों पर अतिक्रमण अभियान चलाने, सड़कों पर घूमते पशुओं की रोकथाम और वैसे पशुपालकों पर कारवाई का निर्देश सहायक नगर आयुक्त को दिया गया।मौके पर सहायक नगर आयुक्त आकिब जावेद एवं सेनेटरी सुपरवाइजर मौजूद थे।

## मनरेगा सप्ताह का समापन, उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाभुक हुये सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ :** मनरेगा योजना के अंतर्गत 2 फरवरी से मनरेगा सप्ताह मनाया जा रहा था। जिसका समापन 8 फरवरी को हो गया। मनरेगा सप्ताह के अंतिम दिन शनिवार को कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत भवन सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बागवानी योजना के लाभुक एवं बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाभुकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही योजनाओं में सुव्यवस्थित तरीके से कार्य करने वाले मेट को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान कुकड़ू प्रखंड के बीपीओ रामलगन उरांव ने कहा कि मनरेगा सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सजग करना था। मौके पर पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, मुखिया एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मजदूरों का पलायन रोकने को ग्रामीणों के बीच बांटे गये जॉब कार्ड



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** मजदूरों का पलायन रोकने के लिए पोटका प्रखंड के ग्वालकाटा पंचायत मुखिया वीना मुंडा ने ग्रामीणों के बीच जॉब कार्ड का वितरण किया। इधर जॉब कार्ड पाकर मजदूरों के चेहरे खिल उठे। इस बाबत मुखिया वीना मुंडा, जोबा टुडू व पंचायत सचिव लोवियस तिर्की ने कहा कि झारखंड सरकार की 100 दिन रोजगार गारंटी योजना को जमीन पर उतराने व पोटका प्रखंड से पलायन रोकने के लिए क्षेत्र में एक सप्ताह मनरेगा जागरूकता अभियान चलाया गया था। इस दौरान पंचायत के विभिन्न टोला मसलन ग्वालकाटा, गौड़ग्राम, जामड़ीह, सेरेंगडीह , बूटगोंडा, सहारजुड़ी , पोंडसा, धतकीगोंडा में जागरूकता अभियान चलाया गया व अंत में 500 लोगों ने जॉब कार्ड के लिए आवेदन जमा किया। तत्पश्चात लोगों को जॉब कार्ड वितरित की गई, जिन्हें मनरेगा के जरिए 100 दिन का रोजगार ग्राम सभा से पारित योजनाओं के आधार पर मिलेगा।

## खोखरो पहाड़िया टोला में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के सौजन्य से रविवार को समाजसेवी ईशान चंद्र गोप के नेतृत्व में बोड़ाम प्रखंड के खोखरो पहाड़िया टोला एवं बुरु बहाल में गरीब एवं असहाय जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। श्री गोप ने बताया कि ठंड को देखते हुए विधायक ने क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के लिए कंबल उपलब्ध कराया था। पार्टी कार्यकर्ता व पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से चिन्हित करते हुए कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान प्रमुख प्रतिनिधि अंगद सिंह, छुटुलाल हांसदा, मुखिया अजब सिंह, चित्त गोप, ईशान चंद्र गोप, महापद सिंह, चंद्र केतु, विनय मंडल, विश्वनाथ तंतुवाय, मनोज रजक, शंभू मांडी व जनार्दन सिंह उपस्थित थे।

## सांसद पप्पू यादव ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से की संगठन को मजबूत करने की अपील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस नेता और सांसद पप्पू यादव ने जमशेदपुर में अपने प्रवास के दौरान बिष्टुपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने पप्पू यादव का स्वागत करते हुए उन्हें अंगवस्त्र, गांधी टोपी और बुके प्रदान कर सम्मानित किया।सांसद पप्पू यादव ने कांग्रेस के पदाधिकारियों से सम्मान पाकर अभिभूत होते हुए जिला कमिटी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। पप्पू यादव ने कहा कि भाजपा की नीतियों को जनता के बीच उजागर करना हम सभी का कर्तव्य है। सांसद ने भाजपा सरकार की नीतियों पर आलोचना करते हुए कहा, भाजपा सरकार ने गरीबों के लिए समस्याएं बढ़ा दी हैं। खाने-पीने की वस्तुओं और कपड़ों पर जीएसटी लगाने से लोगों की जिंदगी मुश्किल हो गई है। युवा पीढ़ी की नौकरियां खत्म हो रही हैं, और ऐसे में कांग्रेस के पदाधिकारियों को भाजपा की



नीतियों का पर्दाफाश करने में और भी उत्साह के साथ काम करना चाहिए।पप्पू यादव ने यह भी कहा, ÷2029 के आम चुनावों में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में केंद्र सरकार का गठन होगा। यह हमारे संगठन के प्रयासों और आम जनता के समर्थन से ही संभव होगा। सांसद पप्पू यादव ने जिला कांग्रेस पदाधिकारियों से कहा कि संगठन को गांव-गांव तक विस्तार दिया जाए। इस अवसर पर खगेन चंद्र महतो, योगेन्द्र सिंह यादव, अरुण कुमार सिंह, संजय सिंह आजाद, ऋषि मिश्र, अशोक सिंह क्रांतिकारी, अमित श्रीवास्तव, रंजीत सिंह और अशोक सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पिलिद में 25वीं एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के पिलीद स्टेडियम में लख टकिया 25 वीं एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पिलीद स्टेडियम में रविवार को संपन्न हुई। झारखंड युवा विकास मंच पिलीद की ओर से आयोजित खेल में झारखंड एवं बंगाल के 16 दलों ने भाग लिया। स्टेडियम में खचाखच भरे दर्शकों ने जमकर खेल का लुत्फ उठाया। फाइनल मैच बंगाल के जंगल महल पुरुलिया एवं डीआर ब्रदर खुंटी झारखंड के बीच खेला गया। वहीं डीआर ब्रदर ने जंगल महल को टॉस के माध्यम से पराजित कर खिताब पर कब्जा



जमाया। तृतीय स्थान लायंस क्लब रघुनाथपुर एवं चतुर्थ पर एनजीसी बड़ा लाखा की टीम रही। विजेता को 1 लाख 1 रूपए व ट्राफी, उप विजेता को 80 हजार 1 रूपए व ट्राफी, तृतीय एवं चतुर्थ पुरस्कार के रूप में 40- 40 हजार की राशि दी गई। मौके पर उपस्थित दर्शकों को समाजसेवी कार्तिक महतो व खगेन महतो आदि ने संबोधित किया। मौके पर जेएलकेएम के केन्द्रीय सचिव गोपेश महतो, हेमंत कटियार, उमाकांत महतो, वृन्दावन महतो , डॉ. गुरू चरण महतो व दिलीप कुमार दास सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## जोड़ा सारजोम और बिरगामडीह में कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से रविवार को कुचाई के आदिम जनजाति बहुल जोड़ा सारजोम और बिरगामडीह में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे डालसा के सचिव तौसीफ मिराज ने शिविर में बिरहोर जनजाति के सदस्यों को उनके अधिकारों और सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गयी। डालसा के सचिव ने कहा कि यह शिविर कानूनी जागरूकता और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। मौके पर जोड़ा सारजोम और बिरगामडीह में स्वास्थ्य शिविर लगाकर बुजुर्ग सदस्यों एवं महिलाओं की जांच की गई और उन्हें दवाईयां भी दी गई। इन गांवों के करीब 60 लोगों के पास आधार कार्ड तक नहीं है, इस कारण सरकार से मिलने वाले कई सुविधाओं से ग्रामीण वंचित रहे थे। कुचाई प्रखंड के बीडीओ साधु चरण देवगम के



प्रयासों से इन गांव के लोगों के दस्तावेज मौके पर ही तैयार किए गए। उनके आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरु कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के भीतर आधार बनकर तैयार हो जायेंगे। इस दौरान मुख्य रुप से मुखिया सरस्वती मिंज, पंचायत समिति सदस्य, डिप्टी एलएडीसी सुनीत कर्मकार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सरायकेला के पीएलवी बिटटू प्रजापति, रमजान अंसारी, राजकुमार कैवर्त, मुकेश साहू, सुरमई सोय, महेश मिंज व रमेश कुम्हार आदि उपस्थित रहे।

## जमशेदपुर एफसी अंडर-17 ने ओड़िशा एफसी को 2-0 से हराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटक (ओड़िशा) :** जमशेदपुर एफसी अंडर-17 ने शुक्रवार को कटक में अंडर-17 एलीट लीग मुकाबले में ओड़िशा एफसी पर 2-0 से कड़ी टक्कर में जीत हासिल की। इस जीत के साथ जमशेदपुर एफसी ग्रुप के स्टैंडिंग में सात मैचों में 18 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है, जबकि एआईएफएफ अकादमी ने एक मैच अधिक खेला है और 19 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है।बिकाश और अमन जमशेदपुर के हीरो रहे, जिन्होंने पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम (45+1') और 68वें मिनट में गोल करके जीत सुनिश्चित की। जमशेदपुर एफसी ने गेंद पर कब्ज़ा जमाया और कई मौके बनाए, आखिरकार बिकाश के संयमित फिनिश के ज़रिए हाफटाइम से ठीक पहले गतिरोध को तोड़ा। दूसरे हाफ में, अमन ने एक बेहतरीन स्ट्राइक के साथ बढ़त को दोगुना कर दिया, जिससे मेहमान टीम के लिए एक आरामदायक फिनिश सुनिश्चित हो गई।जमशेदपुर




एफसी को अब एक महत्वपूर्ण परीक्षा का सामना करना होगा, जब वे 12 फरवरी को भुवनेश्वर में तालिका में शीर्ष पर चल रही एआईएफएफ अकादमी से भिड़ेंगे।

## झामुमो के सदस्यता अभियान समारोह में बोले सुप्रियो - 2029 में झामुमो अकेले दम पर बनाएगा हेमंत सरकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** झामुमो की ओर से गांजिया बराज के समीप रविवार को एक दिवसीय सरायकेला विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य के मंत्री दीपक बिरुआ ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सरायकेला विधानसभा में पार्टी मजबूत स्थिति में है। इसे और मजबूत बनाना है। समारोह में जुटी अपार भीड़ के मद्देनजर उन्होंने कहा कि समारोह में लोग स्वयं चलकर आए हैं। ये लोग लाए गए नहीं हैं। यही सदस्यता अभियान की सफलता है। उन्होंने



कहा कि संगठन कार्यकर्ता की गलती स्वीकार कर लेगी लेकिन गद्दारी कभी स्वीकार नहीं। केंद्रीय प्रवक्ता ने कहा कि 2019 में विपक्षी दलों को साफ कर दिया था, लेकिन 2024 में एक कांटा आ गया जिसे आने वाले चुनाव में उखाड़ देंगे। संगठन के सभी कार्यकर्ता एक साथ जब चलेंगे तो चुनाव के पहले ही फिजा बदल देंगे और चुनाव जीत कर दिखा देंगे। दिल्ली चुनाव के बावत उन्होंने कहा कि वहां भाजपा नहीं, ईडी- सीबीआई चुनाव लड़ी। लेकिन झारखंड के कार्यकर्ता 2024 के चुनाव में सफल होने नहीं दिया। सभी कार्यकर्ताओं ने ईडी, सीबीआई को खदेड़ने का काम किया। 2029 में झामुमो अकेले दम पर दो तिहाई सीट जीतकर फिर से हेमंत सोरेन की सरकार बनेगी। इसके लिए कार्यकर्ताओं ने फरवरी 2025 में सरायकेला विधानसा क्षेत्र में सदस्यता अभियान कार्यक्रम के माध्यम से शुरुआत कर दी है। कार्यक्रम को खरसावां विधायक दशरथ गगराई, पूर्व सांसद कृष्णा मार्डी, मोहन कर्मकार, राजू गिरी, पूर्व पार्टी प्रत्याशी गणेश महाली, केंद्रीय सदस्य गणेश चौधरी समेत कई अन्य नेताओं ने सम्बोधित किया। समारोह की अध्यक्षता जिला संयोजक डॉ. शुभेन्दू महतो ने किया जबकि संचालन पार्टी नेता अमृत महतो ने किया। इस दौरान विभिन्न दलों के काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर बारी मुर्मू, वीरेंद्र प्रधान, जगदीश महतो, सन्नी सिंह, सचिन महतो, बंकिम चौधरी, मंगल मांझी, गुरुचरण मुखी, इंद्रजीत महतो समेत कई झामुमो नेता व काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा तो आ गई क्या वादे पूरा कर पायेगी : सुधीर कुमार पप्पू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली प्रदेश विधानसभा चुनाव में पराजित कर सत्ता पर कब्जा कर लिया। कांग्रेस पार्टी बहुत पहले ही अरविंद केजरीवाल को पहचान लिया था यह भाजपा की बी डिवीजन टीम है। इसी कारण से आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच दिल्ली प्रदेश चुनाव में गठबंधन नहीं बन सका। नतीजा सबके सामने हैं भाजपा को लाभ हुआ और चुनाव जीत लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली चुनाव में जो जो वादे किए थे उन्हें पूरा करना चाहिए। दिल्ली में रामराज लाने की बात थी, गैस सिलेंडर 500 रुपए में देना है, जमुना की सफाई करना है वगैरह। जो भी वादे भाजपा की ओर से की गई उसे पूरा होना चाहिए चुनावी जुमला नहीं होना चाहिए। केजरीवाल को तो उसकी सजा मिल गई पता चला कि भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए और कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने के लिए दिल्ली, पंजाब, गुजरात, राजस्थान व हरियाणा में काम कर रहा था। ऐसे और भी बहुत से पार्टी और नेता है दिखावे के लिए मोदी विरोधी है और अंदर ही अंदर मोदी के पैसे पर राजनीति करते हैं और भाजपा को लाभ पहुंचाते हैं। समाजवादी चिंतक और शहर अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने दिल्ली के चुनाव परिणाम के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उक्त बातें कही है। उसके बाद ही केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी नाम से राजनीतिक दल बनाया और गुपचुप से भाजपा से मदद लेकर कांग्रेस को नुकसान पहुंचाते रहा। इसकी जानकारी कांग्रेस नेतृत्व को भी था और दिल्ली के जाने-माने पत्रकार भी यह बात जानते थे। जैसे ही भाजपा को लगा कि मेरी बिल्ली मेरे



को ही म्याऊं म्याऊं इसीलिए कहा जा रहा है इस बार दिल्ली प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की टीम ने अपने बी टीम को हरा दिया।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# दिल्ली चुनावों की संभावनाएं

दिल्ली ने मतदान कर दिया। अब 8 फरवरी को जनादेश घोषित किया जाएगा कि दिल्ली किस पार्टी के पक्ष में है। बुधवार, 5 फरवरी की देर रात तक 60.4 फीसदी मतदान दर्ज किया गया, यह चुनाव आयोग का अधिकृत आंकड़ा है। कुल करीब 1.56 करोड़ मतदाताओं में से 65 लाख से अधिक मतदाताओं ने मतदान ही नहीं किया। दिल्ली जैसे राजधानी महानगर में यह उदासीनता महत्वपूर्ण है। दिल्ली का समूचा विचार और राजनीतिक सोच स्पष्ट नहीं हो पाती। जनादेश भी अधूरा ही रहेगा। दिल्ली सबसे शिक्षित और जागरूक महानगर है। उसके बावजूद चुनाव-प्रक्रिया के प्रति यह उदासीनता भी निराश करती है। लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण और बुनियादी नागरिक अधिकार मताधिकार ही है, जिसके जरिए नागरिक अपने जन-प्रतिनिधि और अपनी सरकार चुनते हैं। हालांकि इस बार का मतदान लोकसभा चुनाव से बेहतर रहा, लेकिन 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों से पिछड़ा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल की सीट नई दिल्ली पर 54.7 फीसदी ही मतदान हुआ। हालांकि इस सीट पर करीब 88 फीसदी हिंदू मतदाता हैं, लेकिन 'आप' और भाजपा के समर्थक हिंदू मतदाता घरों से कम निकले। मुख्यमंत्री आतिशी की सीट कालकाजी भी हिंदू-बहुल है, लेकिन सिर्फ 52 फीसदी ही मतदान किया गया, लेकिन इन सीटों के उलट मुस्लिम-बहुल मुस्तफाबाद, सीलमपुर, शाहीन बाग सरीखी सीटों पर बंपर मतदान किया गया, लेकिन वह भी 70 फीसदी से कम रहा। जहां 2020 में सांप्रदायिक दंगे हुए थे, वहां मुसलमानों ने सबसे ज्यादा मतदान किया। हालांकि दिल्ली एक अद्र्धराज्य है, संघशासित क्षेत्र भी है, लेकिन 'मिनी इंडिया' भी है, क्योंकि देश भर से लोग यहां पढने, काम करने और एक बेहतर भविष्य के लिए आते हैं। दिल्ली के जनादेश की प्रतिध्वनि देश भर में गूंज सकती है। राजधानी शहर में बीते 12 साल से 'आप' की सत्ता है, उससे पहले 15 साल कांग्रेस ने शासन किया, लिहाजा भाजपा 27 साल से 'वनवास' झेल रही है। इस बार 'आप' और भाजपा की राजनीति दांव पर है। मतदान के बाद 10 एग्जिट पोल के अनुमान सामने आए हैं, जिनमें से 8 भाजपा और सिर्फ 2 'आप' की सत्ता के पक्ष में हैं। एग्जिट पोल एक वैज्ञानिक, प्रयोगिक सर्वेक्षण-पद्धति है, लेकिन बीते एक अंतराल से भारत में सभी पोल गलत रहे हैं। हाल ही में हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड राज्यों के विधानसभा चुनावों के अनुमान भी गलत साबित हुए हैं। लोकसभा चुनाव के अनुमान भी धराशायी हो गए, लिहाजा कहा नहीं जा सकता कि जनादेश 'आप' या भाजपा के पक्ष में रहेगा। लेकिन जो भी जनादेश मिलेगा, वह ऐतिहासिक ही होगा। केजरीवाल और 'आप' का राजनीतिक उदय भ्रष्टाचार-विरोधी आंदोलन से हुआ था, लेकिन आज उन्हीं के चेहरों पर खरोंचे हैं। पार्टी के शीर्ष नेता-केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह-जेल जा चुके हैं और फिलहाल जमानत पर बाहर हैं, लेकिन अदालत में उनका अपराध अभी साबित होना है। जनता कुछ संदेह कर रही है और कुछ सवाल भी हैं, शायद इसीलिए केजरीवाल, आतिशी, सिसोदिया की सीटें फंसी हुई हैं। वे चुनाव हार भी सकते हैं। दिल्ली का प्रदूषण, गंदा पानी, प्रदूषित हवा, टूटी-फूटी सडक़ें, शराब घोटाला, प्रदूषित यमुना आदि चुनावी मुद्दे बनते चले गए, जिनका नुकसान 'आप' को होता लगता है। यदि केजरीवाल और 'आप' चुनाव हार जाते हैं, तो पार्टी में बिखराव हो सकता है, क्योंकि 'आप' काडर आधारित पार्टी नहीं है। यदि केजरीवाल चुनाव जीत जाते हैं, तो उनका राजनीतिक ब्रांड मजबूत होगा।

> दिल्ली सबसे शिक्षित और जागरूक महानगर है। उसके बावजूद चुनाव-प्रक्रिया के प्रति यह उदासीनता भी निराश करती है। लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण और बुनियादी नागरिक अधिकार मताधिकार ही है, जिसके जरिए नागरिक अपने जन-प्रतिनिधि और अपनी सरकार चुनते हैं। हालांकि इस बार का मतदान लोकसभा चुनाव से बेहतर रहा, लेकिन 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों से पिछड़ा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल की सीट नई दिल्ली पर 54.7 फीसदी ही मतदान हुआ। हालांकि इस सीट पर करीब 88 फीसदी हिंदू मतदाता हैं, लेकिन 'आप' और भाजपा के समर्थक हिंदू मतदाता घरों से कम निकले। मुख्यमंत्री आतिशी की सीट कालकाजी भी हिंदू-बहुल है, लेकिन सिर्फ 52 फीसदी ही मतदान किया गया, लेकिन इन सीटों के उलट मुस्लिम-बहुल मुस्तफाबाद, सीलमपुर, शाहीन बाग सरीखी सीटों पर बंपर मतदान किया गया, लेकिन वह भी 70 फीसदी से कम रहा। जहां 2020 में सांप्रदायिक दंगे हुए थे, वहां मुसलमानों ने सबसे ज्यादा मतदान किया।

### पाकिस्तान से निकलने के लिए टीटीपी यानी तहरीके तालिबान पाकिस्तान का गठन किया हुआ है

# पाकिस्तान के अस्तित्व का प्रश्न

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

> सरकार का कहना है कि पाकिस्तान के लोगों को कश्मीर के साथ एकजुटता का प्रदर्शन करना है जो शहबाज शरीफ के अनुसार पाकिस्तान में शामिल होने के लिए तड़प रहे हैं, लेकिन भारत सरकार उन्हें जबरदस्ती भारत में रखे हुए है। जब पाकिस्तान सरकार पाकिस्तान के लोगों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश कर रही थी कि कश्मीरी पाकिस्तान में मिलने के लिए छटपटा रहे हैं, उन्हीं दिनों पाकिस्तान में रहने वाले बलोच और पश्तून पाकिस्तान से अलग होने की कोशिश में मशगूल थे।

तीन-चार दिन पहले पाकिस्तान सरकार ने सार्वजनिक छुट्टी की थी। सरकार का कहना है कि पाकिस्तान के लोगों को कश्मीर के साथ एकजुटता का प्रदर्शन करना है जो शहबाज शरीफ के अनुसार पाकिस्तान में शामिल होने के लिए तड़प रहे हैं, लेकिन भारत सरकार उन्हें जबरदस्ती भारत में रखे हुए है। जब पाकिस्तान सरकार पाकिस्तान के लोगों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश कर रही थी कि कश्मीरी पाकिस्तान में मिलने के लिए छटपटा रहे हैं, उन्हीं दिनों पाकिस्तान में रहने वाले बलोच और पश्तून पाकिस्तान से अलग होने की कोशिश में मशगूल थे। बलोचिस्तान के लोगों ने इस काम के लिए बीएलए यानी बलोचिस्तान लिबरेशन आर्मी बना रखी है। इसी प्रकार पश्तूनों ने पाकिस्तान से निकलने के लिए टीटीपी यानी तहरीके तालिबान पाकिस्तान का गठन किया हुआ है। ये दोनों संगठन अपने स्वभाव और प्रकृति के अनुरूप ही अपना मुकाम हासिल करने के लिए हथियारों का इस्तेमाल करते हैं। बलोचों को यह अंदेशा हो गया है कि पाकिस्तान सरकार बलोचिस्तान को परोक्ष रूप से चीन के हवाले करने जा रही है। दरअसल इस्लामाबाद ने बलूचिस्तान में गवादर बंदरगाह एक प्रकार से चीन के हवाले की हुई है। इसलिए उस इलाके में बलोच कम और चीनी ज्यादा दिखाई देने लगे हैं। ये चीनी सैनिक और चीनी इंजीनियर इत्यादि बलोचों से तिरस्कार से बात करते हैं। बलोच लिबरेशन आर्मी समय-स्थान देखकर पाकिस्तानी सेना पर हमला करती रहती है। लेकिन जिन दिनों पाकिस्तान कश्मीरियों को पाकिस्तान में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा था, उन्हीं दिनों बलोच नौजवान कलात में घात लगा कर पाकिस्तानी सेना के लोगों का इंतजार कर रहे थे। घात लगा कर किए इस हमले में पाक सेना के 18 सैनिक तो मौके पर ही मारे गए, यह सूचना है। बहुत से सैनिक घायल भी हुए। इसके दूसरे दिन ही पश्तूनों के सूबे खैबर पख्तूनखवा में बलूचिस्तान के चार सरकारी कर्मचारियों की डेरा ईसमाईल खान में हत्या कर दी गई। यह माना जा रहा है कि यह



टीटीपी का कारनामा है। पश्तून और बलोचों का गुस्सा पंजाबियों के खिलाफ है। पाकिस्तान में बलोच, सिंधी और पश्तून यह मान कर चलते हैं कि पाकिस्तान का अर्थ असल मायने में पंजाबी जाटों, राजपूतों और सैयदों का देश है। इनके देश में बाकी बिरादरियां मसलन सिंधी, बलोच और पश्तून दोयम दर्जे के नागरिक ही हैं। सिंध, बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनखवा के प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग पंजाब के लोग करते हैं और बाकी बिरादरियों का पंजाबियों द्वारा शोषण किया जाता है। सिंधियों का 'जिए सिंध' अहिंसक है, लेकिन बलोचों और पश्तूनों का आंदोलन उनकी परंपरा के अनुसार 'बंदूक का आंदोलन' है। पहले पहल बीएलए और टीटीपी अलग-अलग आंदोलन चलाते थे। पाकिस्तान सरकार को शक है कि पिछले कुछ समय से ये दोनों आपसी तालमेल बढ़ा रहे हैं और आपसी सहयोग से ही निशाना चुनते हैं और उसे अंजाम देते हैं। पाकिस्तान की चिंता का एक दूसरा कारण भी है। खैबर पख्तूनखवा (केपी) के पश्तून लड़ाकों को अफगानिस्तान में तीन साल पहले बनी पश्तूनों की सरकार भी मदद कर रही है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक करके काबुल को डराने और धमकाने की कोशिश की। लेकिन लम्बे अरसे तक रूस और अमेरिका की फौजों से लड़ते लड़ते पश्तून इस स्ट्राइक से और भी उग्र हो गए और उन्होंने पाकिस्तान के भीतर घुस कर पाक सरकार को चुनौती दी। अकेले बलोचिस्तान में ही पिछले एक महीने में बलोच नौजवानों ने 24 बार अलग अलग स्थानों पर पाकिस्तानी सेना की टुकडियों पर हमले किए जिनमें ग्यारह पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। जहां तक हथियारों का प्रश्न है, कहा जाता है कि काबुल छोड़ते समय अमेरिकी सेना हथियारों के जो जखीरे छोड़ गई थी, उसका कुछ हिस्सा टीटीपी के हाथ भी लग गया है। अब प्रश्न उठता है कि जिस पाकिस्तान में पंजाबी जाटों, सैयदों को छोड़ कर शेष बचे सिंधी, बलोच और पश्तून भी रहना नहीं चाहते, वहां भला कश्मीरी क्या करने जाएगा? इतना ही नहीं, वहां से निकलने के लिए बलोच और पश्तून तो बंदूक लेकर पाकिस्तानी सेना से लगातार लड़ रहे हैं। वहां कश्मीरी की क्या हैसियत होगी? लेकिन पाकिस्तान की सरकार, जिसको बलोच और पश्तून आम तौर पर पाकिस्तान की सरकार नहीं कहते बल्कि पंजाबियों और सैयदों की सरकार ही कहते हैं, कश्मीरियों को पाकिस्तान में आने के लिए निमंत्रण दे रही है। अब इसकी चर्चा कश्मीर के उस हिस्से में भी होने लगी है, जो 1947 से ही पाकिस्तान के कब्जे में बना हुआ है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण गिलगित और बलतीस्तान ही हैं। बलतीस्तान का एक हिस्सा कारगिल को 1947 में ही भारतीय सेना ने छुड़ा लिया था, लेकिन उसका शेष विशाल हिस्सा पाकिस्तान सरकार के कब्जे में ही रहा। पाकिस्तानी सेना ने 1999 में कारगिल पर एक बार फिर कब्जा करने की कोशिश की, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। गिलगित में से चीन सरकार सडक़ बना रही है, इसलिए वहां चीनी सैनिकों एवं अन्य चीनी कर्मियों का जमावड़ा बना रहता है। गिलगित के दरद और बलतीस्तान के बलती पाकिस्तान सरकार द्वारा किए जा रहे सौतेले व्यवहार से त्रस्त होकर पिछले कुछ वर्षों से संगठित होने लगे हैं, ऐसी सूचना है। वे भी पाकिस्तान सरकार के खिलाफ किसी न किसी रूप में लामबंद होने लगे हैं। पाकिस्तान सरकार इन इलाकों की किसी न किसी तरह पहचान समाप्त करने की कोशिश में लगी रहती है। उसने हजारा और चित्राल को तो केपी में ही मिला दिया है।

दृष्टि कोण

# प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को वजीफा तो दो

सरकारें प्रतिभाशाली खिलाडियों को सीधा वजीफा क्यों नहीं दे सकती हैं? हिमाचल प्रदेश के कुछ एथलीट हैं जो 2026 की एशियाई खेलों में देश के लिए खेल कर पदक दे सकते हैं। उनमें सावन और दिनेश सेना व सीमा भी राष्ट्रीय कैंप में रह कर राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। सीमा ने इस खत्म हुए प्रतियोगिता कलैंडर में एशियाई क्रास कंट्री का व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भारत की झोली में डाला है। दूसरी तरफ कुछ उभरते हुए जूनियर एथलीट हैं जो विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले सत्र गोहाटी में आयोजित खेलो इंडिया अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक्स में राजकीय महाविद्यालय मंडी की धाविका कुसुम ठाकुर ने सौ मीटर की फर्राटा दौड़ में रजत व दो सौ मीटर में स्वर्ण पदक जीत कर हिमाचल का नाम रोशन किया है। हमीरपुर के सरकारी महाविद्यालय की धाविका प्रिय ठाकुर ने चार सौ मीटर की दौड़ में कांस्य पदक जीता है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की चार गुणा चार सौ मीटर दौड़ में भी लड़कियों ने कांस्य पदक जीता है। इस वर्ष पंजाब विश्वविद्यालय की एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हमीरपुर की मनीषा ठाकुर ने चार सौ मीटर की दौड़ को 53.1 सैकंड में दौड़ कर स्वर्ण पदक जीता है, मगर अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में वह फाइनल तक ही पहुंच पाई है। इस सत्र में भी धर्मशाला कालेज की स्मृति जमवाल ने तेज गति की दौड़ों में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को पदक जीते हैं। इन सब उभरती धाविकाओं को नौकरी व वजीफे की सख्त जरूरत है। तेज गति की दौड़ों में हिमाचल के खिलाडियों का प्रदर्शन पहले कमजोर ही रहा है। यह अलग बात है कि पुष्पा ठाकुर ने जरूर इस मिथक को तोडक़र भविष्य के एथलीटों को राह दिखाई है। इसके बाद फिर हमीरपुर कालेज की प्रोमिला व ज्योति ने अंतर विश्वविद्यालय स्तर पर पदक जीते हैं। मानव शरीर ईश्वर द्वारा बनाई गई बहुत ही अद्भुत मशीन है। इसे चलाने के लिए भी ईंधन की जरूरत होती है। मानव शरीर के ऊर्जा चक्र को समझने के लिए हमें एटीपी से लेकर सीपीए लैक्टिक एसिड, शरीर से ऑक्सीजन की उधारी व सांस द्वारा ऑक्सीजन का फेफड़ों में पहुंच कर खून के साथ मिलकर फिर सैल तक पहुंच कर शरीर को गतिशील बनाए रखने का गहन अध्ययन जरूरी है। सौ से लेकर चार सौ मीटर की दौड़ों को तेज गति में गिना जाता है। गति ही सभी स्पर्धाओं व खेलों की जीत का मूल मंत्र है। यह खिलाड़ी में जन्मजात होती है। प्रशिक्षण द्वारा भी इसमें बहुत ही कम, एक उम्र तक विकास होता है। ओलंपिक खेलों में विभिन्न खेलों की कई स्पर्धाएं आयोजित होती हैं, मगर एथलेटिक्स का आकर्षण सबसे अधिक होता है। ओलंपिक में जो धावक सौ मीटर की दौड़ में विजेता बनता है, वह पृथ्वी का तीव्रतम इनसान बनता है। सौ मीटर की दौड़ का अद्भुत रोमांच होता है। हिमाचल प्रदेश में तेज गति के बहुत कम धावक व धाविकाएं आज तक सामने आए हैं। सौ मीटर से लेकर चार सौ मीटर की स्पर्धाओं को स्परिंट यानी तेज गति की दौड़ों में रखा है। इन स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए जहां जन्मजात स्पीड चाहिए होती है, वहीं पर बहुत अधिक स्पीड, इंडोरैंस व स्ट्रैंथ ट्रेनिंग की जरूरत होती है। जहां उच्च कोटि का प्रोटीन आम आदमी को आसानी से उपलब्ध होता है, वहीं के लोगों में अच्छी स्पीड जन्म से ही होती है। स्पीड को बहुत छोटी उम्र से ही विकसित करना पड़ता है। इसलिए स्पीड पर प्रशिक्षण दस वर्ष से भी कम आयु में शुरू करना पड़ता है। अगले पांच सालों में स्पीड अपने उच्च स्तर तक विकसित हो जाती है। यह भी कहा जाता है कि स्परिंटर पैदा होते हैं, बनाए नहीं जाते। भारत के अधिकतर स्परिंटर समुद्र तट से संबंध रखते हैं। मछली इन लोगों का मुख्य आहार है। मछली में अच्छी गुणवत्ता का प्रोटीन मिलता है। उत्तर भारत में शाकाहारी अधिक हैं, मगर गेहूं, दूध व उससे बने पदार्थों में भी अच्छी क्वालिटी का प्रोटीन मिलता है। यह भी कारण है कि पंजाब, हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश से भी समय-समय पर अच्छे स्परिंटर मिलते रहते हैं। हिमाचल प्रदेश से वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पुष्पा ठाकुर ही एक मात्र धाविका है जो हिमाचल प्रदेश के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 400 मीटर में पदक विजेता है। एशिया व ओलंपिक खेलों के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों तक पहुंचने वाली इस धाविका के बाद अभी तक कोई भी पुरुष या महिला हिमाचल प्रदेश के लिए वरिष्ठ राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत नहीं पाया है। भविष्य में उभरते हुए कुसुम, प्रिया, स्मृति व मनीषा आदि तेज गति के एथलीट हैं। लंबी दूरी की दौड़ों में सीमा व सावन आज राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इन सब एथलीटों को, जो हिमाचल से पलायन कर गए हैं और जो हिमाचल में रह कर ट्रेनिंग कर रहे हैं, हिमाचल सरकार सम्मानजनक नौकरी दे तथा इन सभी एथलीटों को 2026 खेलों तक वजीफा भी दे। इस स्तर पर अपना अभ्यास जारी रखने के लिए महीने में पचास हजार रुपए चाहिए होते हैं। जो नौकरी में हैं वो तो बहुत कठिनाई से अपने वेतन से कुछ न कुछ जुगाड़ कर लेते हैं, मगर जो विद्यार्थी व बेरोजगार हैं, वे कैसे अपना अभ्यास जारी रखें, यह हिमाचल सरकार को सोचना होगा। क्या प्रदेश सरकार कुछ उपकार इन प्रतिभाशाली एथलीटों पर करेगी ताकि वे फ्री माईंड होकर अपना प्रशिक्षण जारी रख सकें। खिलाड़ी बनाए नहीं जाते हैं, वे जन्म से ही अलग होते हैं। लाखों बच्चों में कोई एक प्रतिभाशाली एथलीट मिलता है।

कुछ अलग

# कथा हमारे समाजवाद की

पिछले दिनों जंगल की एक सुनसान पगडंडी से गुजर रहा था। यकायक किसी के कराहने की आवाज सुनाई दी। चौंक कर इधर उधर देखा, परंतु कोई दिखाई नहीं दिया। फिर जिस ओर से आवाज आ रही थी, उस दिशा में चला तो आवाज एक गहरे अंधे कुएं में से आ रही थी। मैंने कुएं में झांका तो न पानी था न कुछ दिखाई देता था। गहरा और अंधेरा छाया हुआ था। मैंने कहा.. 'कौन है?' वह जोर से कराहने लगा, मैंने फिर पूछा-'क्या हुआ है तुम्हें?' अबकी बार वह बोला-'मुझे बाहर निकाल दो इस अंधे कुएं से। तुम्हारा एहसास जीवन भर नहीं भूलूंगा। वे लोग मुझे यहां डाल गए हैं।' 'कौन लोग?' 'वे चार लोग थे। धोती-कुर्ता और टोपी लगाए थे। मुझे पता नहीं वे थे तो कौन, पर लोग उन्हें नेताजी कहा करते थे। सरकारी कागजों में उल्लेख होने लगा और अब मेरी महत्ता की मांग हुई थी तो वे लोग मुझे यहां डाल गए। बीस वर्षों से मैं यहां भूखा-प्यासा पड़ा बिलख रहा हूं।' वह बोला। 'लेकिन तुम हो कौन?' मैंने पूछा। 'मैं समाजवाद हूं।' उसने उत्तर दिया। 'समाजवाद, तुम यहां पड़े हो। लोग तुम्हें ढूंढ-ढूंढ कर थक गए हैं। अभी-अभी सरकार ने फिर तुम्हारा नारा दिया है कि वह देश में समाजवाद लाकर रहेगी। परंतु तुम तो यहां पड़े सड़ रहे हो।' 'मैं फिर कहता हूं भले आदमी। तुम मुझे बाहर निकालो, वरना सरकार तो जनता को पहले की तरह बेवकूफ बनाती रहेगी। केवल मेरी बातें की जाती रहेंगी। मेरी स्थापना के लिए कुछ नहीं किया जाएगा। चुनाव जीतने के तथा मन जीतने के स्टंट भर हैं ये बातें। तुम्हें पता है गरीबी हटाओ के नारे का क्या हश्र हुआ? वह नारा सरकारी कागजों के आंकड़ों में तथा नेताओं के भाषण में अवश्य रह गया है। परंतु वास्तविकता यह है कि वह भी पास ही के एक दूसरे कुएं में पड़ा दम तोड़ रहा है। यदि तुम मुझे निकाल सको तो मैं सरकार की कलई जनता के सामने खोल कर उसको नंगा कर सकता हूं।' वह गिड़गिड़ाया। मैं अचकचा गया और बोला-'ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें कैसे निकाल सकता हूं। जब सरकार के लोग ही तुम्हें इस कुएं में डाल गए हैं तो मैं तुम्हें निकाल कर राजद्रोह व देशद्रोह का आरोप अपने माथे क्यों कर लूं?' 'मैं सच कहता हूं, तुम्हारा नाम कदापि नहीं लूंगा। भाई मेरे, अब ज्यादा दिन इस कुएं में जिंदा नहीं रह सकूंगा। जनहित के लिए तुम्हें कोई तो एक नेक कार्य करना ही चाहिए।' 'वे लोग नेकी कर कुएं में डाल गए हैं। मैं तुम्हें निकाल कर जेल की हवा खाऊं, तब मेरा क्या होगा? तुम तो स्वतंत्र हुए और मैं जाऊं जेल में।' मैंने कहा। 'तुम समझते क्यों नहीं भारत के भोले नागरिक। जहां मेरा राज है, पता है लोगों ने वहां किस तरह बलिदान दिए हैं। हजारों लोग सामंती और तानाशाही शक्तियों के हाथों कलम हुए हैं। तुम्हें फकत मेरे निकालने पर एतराज है?' समाजवाद ने मुझे समझाया। मैंने कहा-'लेकिन मुझे लाभ क्या होगा?' 'लाभ तो तुम्हें ही होगा। मुझे कुछ नहीं मिलेगा, सिवाय मान-सम्मान के। मैं केवल अस्तित्व को बचाए रखने के लिए बाहर आना चाहता हूं।' 'अस्तित्व तो तुम्हारा है। सरकार ने अभी तुम्हें स्वीकार किया है और देश के हाईकमान आजकल तुम्हारा जिक्र फिर आम सभाओं में करने लगे हैं।' 'जब तुम वास्तविकता से परिचित हो तो तुम्हें मुझे बाहर निकाल कर जनता के लिए सेवा करनी चाहिए।' वह बोला।

देश दुनीया से

# प्लास्टिक के खतरों से निपटने का कारगर विकल्प

चावल दुनियाभर में सबसे अधिक उगाया और खाया जाने वाला अनाज है। इसके प्रसंस्करण के दौरान बड़ी मात्रा में कृषि अवशेष, जैसे धान की भूसी और पराली, निकलते हैं। आमतौर पर इनका कोई विशेष उपयोग नहीं होता और कई बार किसान इन्हें जलाने के लिए मजबूर हो जाते हैं, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। दिसम्बर-जनवरी के महीनों में दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है। वैज्ञानिकों ने इस कृषि कचरे का उपयोग बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक बनाने में करना सीख लिया है, जिससे न केवल कृषि कचरे का पुनर्चक्रण होता है, जो पर्यावरण के लिए फायदेमंद है, बल्कि इससे किसानों की आय भी बढ़ सकती है और उद्योगों के लिए एक नया लाभकारी अवसर उत्पन्न हो सकता है। पारंपरिक प्लास्टिक कचरे की समस्या यह है कि यह पर्यावरण में आसानी से नष्ट नहीं होता और धीरे-धीरे छोटे कणों में टूटकर माइक्रोप्लास्टिक में बदल जाता है। यही माइक्रोप्लास्टिक हमारे पानी, भोजन और यहां तक कि हवा में भी मिल चुके हैं, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। शोध बताते हैं कि हर साल लाखों टन प्लास्टिक महासागरों में पहुंच जाता है, जिससे समुद्री जीव-जंतुओं को भारी नुकसान होता है। इसके अलावा, प्लास्टिक बनाने की प्रक्रिया में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे जलवायु परिवर्तन की समस्या और गंभीर हो जाती है। पारंपरिक प्लास्टिक की रिसाइक्लिंग भी पूरी तरह से प्रभावी नहीं है, क्योंकि अधिकांश प्लास्टिक या तो लैंडफिल में चला जाता है या जलाए जाने पर हानिकारक गैसें उत्पन्न करता है। बायोप्लास्टिक प्राकृतिक रूप से विघटित हो सकते हैं और पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाते। इन्हें जैविक स्रोतों से बनाया जाता है, जैसे मक्का, गन्ना और अब चावल। चावल से बने बायोप्लास्टिक में मुख्य रूप से स्टार्च और सेल्यूलोज का इस्तेमाल होता है। चावल के स्टार्च को कुछ प्राकृतिक पदार्थों, जैसे ग्लिसरॉल, के साथ मिलाकर एक लचीला और टिकाऊ प्लास्टिक तैयार किया जाता है। इसके अलावा, चावल की भूसी से सेल्यूलोज निकाला जाता है, जिसे आगे की प्रक्रिया में तैयार करके मजबूत बायोप्लास्टिक बनाया जा सकता है। वैज्ञानिकों ने चावल के अवशेषों से पॉलीहाइड्रॉक्सीएल्केनोएट्स (पीएचए) नामक एक जैविक पॉलिमर बनाने की तकनीक विकसित की है, जो पूरी तरह से बायोडिग्रेडेबल है। यह पारंपरिक प्लास्टिक की तरह मजबूत होता है लेकिन कुछ महीनों में ही प्राकृतिक रूप से विघटित हो जाता है। चावल-आधारित बायोप्लास्टिक का उपयोग कई उद्योगों में किया जा सकता है, जिससे यह पारंपरिक प्लास्टिक का व्यावहारिक विकल्प बन सकता है। खाद्य पैकेजिंग में, बायोप्लास्टिक से बने कंटेनर और रैपिंग मैटेरियल खाद्य उत्पादों की ताजगी बनाए रखते हैं और प्लास्टिक कचरे को कम करते हैं। कृषि क्षेत्र में, बायोडिग्रेडेबल मल्चिंग फिल्म मिट्टी की नमी बनाए रखने और खरपतवार नियंत्रण में सहायक होती है। चिकित्सा उपकरणों में, सर्जिकल सुई, खुद से पिघलने वाले टांके और दवा वितरण प्रणालियों में इसका उपयोग बढ़ रहा है। उपभोक्ता उत्पादों में, बायोडिग्रेडेबल कटलरी, डिस्पोजेबल कप और खिलौनों के निर्माण में भी बायोप्लास्टिक का उपयोग बढ़ रहा है। इसी तरह, टेक्सटाइल और फैशन उद्योग में, बायोपॉलिमर से बने जैविक कपड़े पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने में मदद कर सकते हैं। थ्रीडी प्रिंटिंग में, बायोप्लास्टिक एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग में एक टिकाऊ विकल्प बन रहा है। हालांकि, चावल-आधारित बायोप्लास्टिक के कई फायदे हैं, लेकिन इसे बड़े पैमाने पर अपनाने में कुछ बाधाएं भी हैं। फिलहाल इसकी उत्पादन लागत पारंपरिक प्लास्टिक की तुलना में महंगी है। कुछ बायोप्लास्टिक पारंपरिक प्लास्टिक की तरह मजबूत नहीं होते। इन्हें पूरी तरह विघटित होने के लिए सही परिस्थितियों की आवश्यकता होती है। यदि बायोप्लास्टिक उत्पादन के लिए खाद्यान्न आधारित कच्चे माल का उपयोग बढ़ता है, तो इससे खाद्य सुरक्षा पर भी असर पड़ सकता है। इसके बावजूद, बायोप्लास्टिक की प्रगति में अपार संभावनाएं हैं, जिसके चलते इसका वैश्विक बाजार तेजी से बढ़ रहा है। यूरोपीय देशों ने इस तकनीक को अपनाने में अग्रणी भूमिका निभाई है। भारत में भी सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे बायोप्लास्टिक के लिए एक बड़ा अवसर पैदा हो सकता है। अगर चावल-आधारित बायोप्लास्टिक के उत्पादन को बढ़ावा दिया जाए और अनुसंधान को प्रोत्साहित किया जाए, तो यह प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने का एक महत्वपूर्ण समाधान बन सकता है। यदि, चावल-आधारित बायोप्लास्टिक को बड़े पैमाने पर अपनाया जाता है, तो यह पारंपरिक प्लास्टिक का एक बेहतर विकल्प बन सकता है। यदि इस तकनीक को प्रोत्साहित किया जाए और इसके विकास में निवेश बढ़ाया जाए, तो निश्चित ही यह हरित और स्वच्छ भविष्य के हमारे सपने को साकार करने में सहायक सिद्ध होगा।



आप का नजरीया

# जबरन वापसी

यह विडंबना ही है कि पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों, मानव अधिकारों व आदर्श जीवन मूल्यों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई को बलपूर्वक अंजाम दिया है। सुनहरे सपनों की आस में घर-खेत दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये देकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता ही है कि हमारी युवा शक्ति दुनिया के विभिन्न देशों में लुट-पिटकर अपमानजनक स्थितियों का सामना कर रही है। कभी उन्हें पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधी बंधक बनाकर ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं, तो कभी उन्हें धोखे से बिचौलिए रूसी सेना में भर्ती करवा देते हैं। कभी उन्हें इस्राइल-हमास के भयावह युद्धग्रस्त इलाके में काम की तलाश में पहुंचा दिया जाता है। लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार-चांद लगाए हैं। अंतरिक्ष में इतिहास रचने वाली कल्पना चावला से लेकर भारतवंशी कमला हैरिस, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से अमेरिका में उपराष्ट्रपति पद तक हासिल किया। यह विडंबना ही है कि मूलतः प्रवासियों द्वारा बसाये देश अमेरिका में आज सेना के बल पर बेहतर भविष्य की तलाश में आए प्रवासियों को खदेड़ा जा रहा है। मैक्सिको की सीमा पर दीवार खड़ी करके सेना तैनात की जा रही है। यह विडंबना ही कि प्रधानमंत्री मोदी की वाशिंगटन यात्रा से कुछ दिन पहले एक अमेरिकी सैन्य विमान से दो सौ से अधिक कथित अवैध भारतीय प्रवासियों को जबरन वापस भारत लाया गया है। निश्चित रूप से संकीर्णतावादी सोच का पक्षधर ट्रंप प्रशासन दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ वैसा व्यवहार नहीं कर सकता जैसा कि वह अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरास, पेरू के प्रवासियों के साथ कर रहा है। हालांकि, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत, अमेरिका में गए सर्वाधिक अवैध अप्रवासियों वाले देशों में शुमार है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई 'निर्वासन उड़ान' विसंगतियों व विडंबनाओं की ही द्योतक है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने का प्रयास किया। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास किये। उन्होंने ट्रंप प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिये तैयार है। निस्संदेह, भारत ने समझदारी से टकराव टालने का सार्थक प्रयास किया ताकि मोदी-ट्रंप की मुलाकात से पहले दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट न घुले। निश्चय ही तुनक मिजाज ट्रंप व उनके प्रशासन से इस मुद्दे पर अड़ने में कोई समझदारी भी नहीं थी। ऐसी ही स्थिति पर कोलम्बिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो द्वारा अपने प्रवासी नागरिकों से भरे अमेरिकी सेना के जहाज को न उतरने देने की घोषणा करके अपने लिए अपमानजनक स्थितियां पैदा कर दी थी। पहले उन्होंने निर्वासित लोगों को ले जाने वाली सैन्य उड़ानों को स्वीकार करने से मना कर दिया था।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर में ताइक्कांडो खिलाड़ियों की ग्रेडिंग परीक्षा संपन्न

➲मुख्य अतिथि के रूप में चतरा के एसडीपीओ संदीप सुमन रहे मौजूद
➲खिलाड़ियों ने उम्दा खेल का किया प्रदर्शन, राष्ट्रहित में ताइक्कांडो खेल जरूरी : एसडीपीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड व जिला ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त चतरा जिला ताइक्कांडो एसोशिएशन के तत्वाधान में स्थानीय रामेश्वर लाल खंडेलवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को ताइक्कांडो की ग्रेडिंग परीक्षा सम्पन्न हुई। ग्रेडिंग परीक्षा का विधिवत उदघाटन मुख्य अतिथि रूप में उपस्थित चतरा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन ने की। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के आगमन पर उन्हें बुके देकर स्वागत किया गया। इस परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों के करीब 55 बच्चो ने ग्रेडिंग परीक्षा में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संदीप सुमन ने बच्चो को शुभकामना देते हुए कहा कि ताइक्कांडो आत्मरक्षा और आत्मबल बढ़ाने का खेल है। ग्रेडिंग परीक्षा में बच्चो ने काफी उम्दा प्रदर्शन किया है। खासकर छोटे छोटे बच्चों ने अपने पंचेज और किक के माध्यम से मन मोह लिया। कहा कि बच्चों में काफी ऊर्जा देखी गई। इनके अंदर कला और टैलेंट काफी कूट कूटकर भरा हुआ है। उन्होंने बच्चो को शुभकामना देते हुए कहा कि बच्चे ग्रैंड के अंतिम 10 वे पायदान तक पहुंचें। उन्होंने कहा कि ताइक्कांडो राष्ट्र के गौरव का खेल है। देशहित में ताइक्कांडो खेल बहुत जरूरी है। श्री सुमन ने उम्मीद जाहिर किया कि आनेवाले समय में यहां के ताइक्कांडो खिलाड़ी जिलास्तर के साथ साथ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होनेवाले ओलंपिक गेम्स में भी चतरा का नाम रौशन करेंगे। श्री सुमन ने अपने दोनों बच्चों को ताइक्कांडो खेलने के लिए भेजने का वादा किया। ग्रेडिंग परीक्षा में रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर चतरा से (व्हाइट से एलो बेल्ट) के लिए वैभव केसरी,मयंक कुमार साहू, आर्यन कुमार, कार्तिक कुमार।एलो से ग्रीन बेल्ट के लिए अनुरोध कुमार। वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्कूल चतरा (व्हाइट एलो बेल्ट) विकास कुमार, सुनील कुमार, आशीष कुमार, अंकित कुमार, पवन कुमार, उज्जवल कुमार, राजू कुमार, रिशु कुमार,सानू कुमार, संजय कुमार ।(एलो से ग्रीन बेल्ट) के लिए लवकुश कुमार। (ब्लू बेल्ट से ब्लू वन बेल्ट) के लिए राकेश कुमार और मनीष कुमार। लोयोला अकैडमी चतरा( व्हाइट से एलो बेल्ट) अनुष्का, आलिया, संघमित्रा बौद्ध, आशीष कुमार, यशराज, नवनीत तिर्की, मुकुंद केसरी, हरि ओम शर्मा और मनीष कुमार ।( एलो से ग्रीन बेल्ट)। श्रुति कुमारी, स्नेहा लता और सूमी कुमारी। दिल्ली पब्लिक स्कूल तपेज चतरा(व्हाइट एलो बेल्ट) दिव्या रानी, स्वाति प्रिया, आलोक कुमार, हंसराज पांडे, संकेत कुमार वर्मा।(एलो से ग्रीन बेल्ट) आराध्या कुशवाहा। नाज़रेंथ स्कूल चतरा (व्हाईट से एलो बेल्ट)दिव्यांशी रानी, विधि डांगी, अरोमा जनित एक्का, इशिका सिंह और आरसी प्रवीण। (एलो से ग्रीन बेल्ट) रागिनी कुमारी, सलेहा जन्नत, काव्य राज, अतुल एक्का और अभिनव ऋषि। प्रगतिशील संस्थान चतरा (व्हाईट से एलो बेल्ट) शौर्य शरण,श्रीयां कुमार और नव्या कुमारी। (ब्लू टू ब्लू वन) अभय कुमार प्रजापति परीक्षा में सफल घोषित किए गए।

# कृषकों को प्रशिक्षण देकर सर्टिफिकेट वितरण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के बगरा पंचायत सचिवालय में कृषको को प्रशिक्षण दिया गया साथ हीं सर्टिफिकेट के साथ कुदाल का भी वितरण किया गया है। यह प्रशिक्षण उमाशंकर प्रसाद पौधा संरक्षक चतरा द्वारा, बीटीएम राजेश कुमार, मुखिया चंदा देवी के मौजूदगी में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत सभी को सर्टिफिकेट और कुदाल का वितरण किया गया। प्रशिक्षण में फसल सुरक्षा संबंधी उपाय एवं देखभाल एवं कीटनाशक दवाइयां आदि की जानकारी दी जा रही है। मौके पर इंद्रदेव प्रसाद,जितेंद्र कुमार सिंह, दशरथ प्रसाद यादव के अलावे दर्जनों किसान शामिल थे।

## विधिक शिविर का किया गया आयोजन



**कुंदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के जिला सचिव के निर्देशानुसार कुंदा थाना में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कई मामलों में आपसी सुलह समझौता किया गया। वही अधिकार मित्र अजित कुमार ने लोगों को नालसा द्वारा जारी निश्शुल्क हेल्पलाइन नम्बर 15100 के बारे में बताया। उन्होंने ने बताया की टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।विधिक शिविर में पुलिस पदाधिकारी समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## कुराने पाक की तिलावत से किया गया जलसे की आगाज



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत रतनपुर में मदरसा इमदादुल उलूम इमदादिया, इंग्लिश मीडियम स्कूल रतनपुर में शनिवार को प्यामे इंसानियत कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।इस मौके पर 26 हाफिजे कुरआन की दस्तार बंदी हुई। कुराने पाक की तिलावत से कारी सिकंदर साहब ने जलसे का आगाज किया। इस मौके पर हिंदुस्तान के बड़े बड़े बड़े ओलेमा और शायर एवं राजनेताओं का आगमन हुआ जिन्हे भव्य स्वागत किया गया। इस जलसे की सदारत हजरत मौलाना मुफ्ती नजरे तौहिद साहब ने किया। और मंच संचालन मदरसे की मोदर्रीस मौलाना उमर फारूक ने किया। जलसे में सबसे पहले अब्दुल्लाह सालीम कमर चतुर्वेदी का संबोधन हुआ।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मदरसा एक तालीम गाह ही नहीं है बल्कि हिंदुस्तान की आजादी में मदरसा ने बढ़-चढ़कर हिस्सा भी लिया है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इस अवसर पर सहीद जय मंगल पांडे के वंशज सच्चिदानंद पांडे ने कहा धर्म सब का प्यारा है। आज धर्म के नाम पर हिंदू मुस्लिम को कुछ धर्म के ठेकेदार बांटने का काम करते हैं। जो नहीं होना चाहिए।आगे मुफ्ती सनाउल्लाह काजी सरियत इमारतेसरिया हजारीबाग ने अपने संबोधन में कहा की शिक्षा हर मौका पर काम आता है इसलिए अपने-अपने गांव व शहर में स्कूल मदरसा होना चाहिए ताकि बच्चे अच्छी तालीम हासिल कर सके। इस जलसे में झारखंड के विभिन्न जिलों से काफी संख्या में लोग कार्यक्रम को सुनने के लिए एकत्रित हुए। मौके पर मौलाना महफूज रहमान अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा के गिद्धौर के पावन धरती पर यह पहला जलसा है।जो पूरे प्रखंड का नाम रोशन किया है।मदरसे के नाजिम हाफिज मिनहाज रसीदी व मोहत्तमीन कारी हसन इमाम शकिबी ने कहा कि हमारे मदरसे में काफी बुनियादी जरूरतें है इसलिए मैं सरकार और आम अवाम से अपील करता हूं कि इस पर ध्यान दिया जाए। मदरसे की शुभचिंतक व शिक्षक अर्जुन प्रसाद दांगी ने सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# बचपन फ्री स्कूल का हुआ उद्घाटन मुख्य अतिथि बनी दीब्या बक्शी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के ब्लॉक मोड समिप बचपन फ्री स्कूल का विधिवत उद्घाटन रविवार को किया गया।जिसका मुख्य अतिथि नेशनल प्लेयर जीपीएस गुलमोहर पब्लिक स्कूल हजारीबाग के डायरेक्टर विद्या बक्शी उपस्थित हुई। साथ गिद्धौर अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता सेवानिवृत शिक्षक युगेश्वर राम दांगी श्यामसुंदर दांगी शिक्षक नरेश पासवान राजेंद्र दास मुखिया निर्मला देवी के साथ दर्जनों जनप्रतिनिधि अभिभावक व अन्य लोग मौजूद थे।गिद्धौर में विद्यालय के संचालक प्रदीप कुमार मौर्य शिक्षक सुबोध कुमार दांगी एवं मनोज वर्मा हैं। इन लोगों ने बताया कि विद्यालय में 2 वर्ष से लेकर 6 वर्ष के आयु के बच्चे एवं बच्चियों इस विद्यालय में शैक्षणिक ज्ञान प्राप्त कर सकती है। जिसके लिए विद्यालय में नामांकन का कार्य शुरू हो चुका है। मौके पर उपस्थित राजेश कुशवाहा विद्यालय के शिक्षिकाएं कुमारी निशि ज्योति कुमारी प्रिया कुमारी सोनी कुमारी मोहम्मद बारिश थे एवं विद्यालय संचालन करने हेतु खूब सारा एवं भविष्य के लिए मंगल कामना भी किया गया।

# दो अलग-अलग खेल में एक ही टीम ने दो बार किया जीत हासिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में स्थित जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल मैदान में प्रीमियर लीग सीजन 2 का आज दो मैच खेला गया। पहला मैच सिंदवारी फाइटर बनाम मुकेश वॉरियर्स के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सिंदवारी फाइटर ने निर्धारित12ओवर में पांच विकेट खोकर147 रनों का स्कोर बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी मुकेश वॉरियर्स ने 9.1ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 89 रन हीं बना पाई। इस प्रकार सिंदवारी फाइटर ने 58 रनों से मैच जीत लिया।बेहतर प्रदर्शन के आधार पर सोनू गुप्ता को हीरा टाइल्स मार्बल की तरफ से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।दूसरा मैच हिंदुस्तान फाइटर बनाम सिंदवारी फाइटर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हिंदुस्तान फाइटर ने निर्धारित 12 ओवर में मात्र 149 रन बनाया।जवाबी पारी खेलने उतरी सिंदवारी फाइटर11.4 ओवर में छः विकेट के नुकसान पर150 रन बनाकर सिंदुवारी फाइटर ने चार विकेट से मैच जीत लिया।बेहतर प्रदर्शन के आधार पर आलोक दुबे को को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। अंपायर की भूमिका में सोनू और सुमित और स्कोरर की भूमिका में उज्जवल कुमार ने निभाई। मौके पर उपस्थित गिद्धौर प्रीमियर लीग के अध्यक्ष निरंजन दांगी सचिव प्रेम राणा सहसचिव कपिल कुमार कोषाध्यक्ष मोहन साव, सह कोषाध्यक्ष विनोद पासवान, निगरानी समिति आशीष कुमार खेल मंत्री मुकेश दांगी कमलेश कुमार उपस्थित थे।

## हेहेगड़ा चिराई कटवा में पांच महीना से जलमीनार खराब होने से बढ़ी परेशानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चुंगरु पंचायत हेहेगड़ा चिराई कटवा टोला में आदिम जन जाति जनमन योजना के तहत लगाए गए जल मीनार पिछले पांच महीनों से खराब है जल मीनार खराब होने से ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है जबकि उक्त जलमीनार से करीब दर्जन परिवार के सैकड़ों लोग अपनी प्यास बुझाते हैं । ग्रामीण बताते हैं कि जलमीनार खराब हो जाने के लोगों को पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को प्यास बुझाने के लिए पानी की तलाश में इधर-उधर भटकना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि इसे दुरुस्त करवाने के लिए कई बार संबंधित मुखिया को कहा गया पर किसी ने संज्ञान नहीं लिया। वहीं ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से पेयजल आपूर्ति कराने की गुहार लगाई है।

# श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का 10 फरवरी को मनाया जाएगा 31 वां वार्षिकोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर का 31 वां वार्षिकोसव 10 फरवरी को मनाया जायेगा। 31 वें वार्षिकोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम पिछले आठ फरवरी को कलश यात्रा से प्रारंभ हो चुका है। नौ फरवरी को दुर्गा सप्तशति का पाठ किया जा रहा है।पाठ पुजारी त्रिभुवन पांडेय के सानिध्य में किया गया। मौके पर मुख्य यजमान के रूप में संतोष प्रसाद (पिंटू) सप्तनीक मौजूद थे। इसके बाद 10 फरवरी को अपराह्न 12 बजे के बाद कन्या पूजन के बाद भंडारा और रात्रि में भगवती जागरण का आया गलत नहीं होगा कि शहर का श्री वैष्णव मंदिर न सिर्फ लातेहार वरन आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं के लिए आस्था व विश्वास का प्रतीक है। दूर-दूर से लोग यहां आते हैं मां का दर्शन करते हैं।माता के चरणों में माथा टेक कर सुख व समृद्धि की कामना करते हैं।यही नहीं श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर सांप्रदायिक सौहार्द की भी मिसाल है।जब साल 1992 में इस मंदिर का निर्माण कराया जा रहा था




तो मंदिर निर्माण समिति का अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद एवं मुस्लिम समुदाय के मो शफीक (अब स्वर्गीय) को मंदिर निर्माण समिति का उपाध्यक्ष बनाया गया था।श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के सचिव आशीष टैगोर ने बातचीत करते हुए बताया कि आज जिस स्थान पर श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर है, वहां एक बड़ा सा तालाब हुआ करता था।तालाब के पास आजादी के पहले से ही दुर्गा पूजा होता था।बाद में साल 1948 को तालाब के एक हिस्से को भर कर देवी मंडप का निर्माण कराया गया था।उसके बाद से लगातार देवी मंडप में माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जाती थी।बाद में एक सामुहिक बैठक कर यहां एक मंदिर निर्माण कराने का निर्णय लिया गया। वर्ष 1992 में यहां मंदिर निर्माण का कार्य शुरू किया गया।दो वर्ष बाद वर्ष 1994 में माघ मास की त्रयोदशी, शुल्क पक्ष को मंदिर में जयपुर, राजस्थान से माता वैष्णव दुर्गा की प्रतिमा मंगा कर स्थापित की गयी। तब से माघ मास की त्रयोदशी, शुल्क पक्ष की तिथि को मंदिर का तीन दिवसीय स्थापना दिवस मनाया जाता है। कहते हैं कहते हैं कि मंदिर में स्थापित माता की प्रतिमा अद्वितीय है। स्थापना दिवस कार्यक्रम में तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा तक भाग ले चुके हैं. रात्रि जागरण में कानपुर, पंजाब, दिल्ली एवं टी सीरिज के कई कलाकार भाग ले चुके हैं।

**विधायक बैद्यनाथ राम ने बनवाया था विवाह मंडप**

झारखंड अलग होने के बाद जब बैद्यनाथ राम विधायक बने तो उन्होंने अपने विधायक कोटे की राशि से मंदिर परिसर में एक विशाल विवाह मंडप का निर्माण कराया। बैद्यनाथ राम ने विधायकी के अपने दूसरे कार्यकाल में भी विवाह मंडप के उपर एक हॉल एवं सात कमरों का निर्माण कराया।आज मंदिरों परिसर में प्रतिवर्ष दर्जनों शादियां व अन्य कार्यक्रम होते हैं।

## बिजली विभाग के कनीय विद्युत अभियंता अंकित कुमार का बिदाई समारोह आयोजित



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजली विभाग के कनीय विद्युत अभियंता अंकित कुमार का एक भव्य बिदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्र नेता कमलेश उराँव ने कहा कि अंकित कुमार अपने काम में बेहद ईमानदार और लगनशील थे, और उन्होंने हमेशा अपना काम पूरी मेहनत से किया। कार्यक्रम में बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ईईई राजदेव मेहता, शामशाद आलम, छोटन, कुणाल, जितेंद्र, फुलेश्वर, धर्मेश सहित सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

## मछली पकड़ने के दौरान सांप काटने से अचेत

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के डाढ़ा ग्राम में रविवार को मछली पकड़ने के दौरान सांप काटने से एक युवक अचेत हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अशोक कुमार महतो 16 वर्ष पिता रूपलाल महतो ग्राम डाढ़ा थाना बारियातू निवासी तालाब में मछली पकड़ रहा था। इसी दौरान सांप ने उसे काट लिया ।जिससे वह अचेत हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा किया गया।

## लातेहार की स्मृति सदैव मेरे हृदय में रहेगी : अंकित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** कनीय विद्युत अभियंता, लातेहार अंकित कुमार का स्थानांतरण हो गया है।उनके स्थानांतरण के बाद विद्युत प्रमंडल कार्यालय परिसर में आयोजित एक सादे समारोह में अंकित कुमार को विदाय दी गयी। मौके पर निवर्तमान कार्यपालक अभियंता मो समशाद आलम व वर्तमान कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर संबोधित करते हुए निवर्तमान कार्यपालक अभियंता मो समशाद आलम ने कहा कि अंकित कुमार एक व्यवहार कुशल और मिलनसार व्यक्ति हैं। उन्?होंने लातेहार में पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपना कार्यकाल बिताया है। उन्होंने पिछले तीन सालों से इनके साथ कार्य करने का अवसर मिला है। वहीं नव पदस्थापित कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता ने कहा कि उन्होन अंकित कुमार के साथ एक लंबा समय बीताया है। जब वे लातेहार में सहायक अभियंता थे, तब ही से उनका अंकित कुमार के साथ काम करने का अवसर प्राप्त हुआ है। बता दें कि राजदेव मेहता लातेहार में बतौर कार्यपालक अभियंता पदस्थापित किये गये हैं। उन्होंने अन्य पदाधिकारी व कर्मियों से पूर्व की तरह की सहयोग करने की अपील की। मौके पर संबोधित करते हुए कनीय अभियंता अंकित कुमार ने कहा कि उन्होने लातेहार में तकरीबन साढ़े सात साल का लंबा समय बिताया है। लातेहार के लोगों से उनका मित्रवत व्यवहार रहा है। यहां के लोगों से भी उन्हे भरपूर सहयोग मिला है। लातेहार की स्मृति सदैव उनके साथ रहेगी। उन्होने अपने अधीनस्थ कर्मियों को नये पदाधिकारियों के साथ मधुर संबंध रखने एवं अपने काम के प्रति निष्ठावान होने की अपील की। कार्यक्रम को वरीय पत्रकार आशीष टैगोर ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अंकित कुमार एक सहज व सुलझे इंसान हैं।लोगों को निर्बाध बिजली मिले, इसके लिए वे हमेशा तत्पर रहे। उनकी कमी लातेहार वासियों को खलेगी। छोटन यादव व छात्र नेता कमलेश उरांव ने भी संबोधित किया और श्री कुमार के कार्यो की प्रशंसा की। इससे पहले विभाग के कर्मियों ने श्री कुमार को बुके व उपहार भेंट कर सम्मानित किया। मौके विद्युत प्रमंडल कार्यालय के दीपक कुमार, आपूर्तिकर्ता उदय प्रसाद समेंत शंकर कुमार, कुणाल, जितेंद्र, फुलेश्वर, धर्मेश आदि मौजूद थे।

# सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** टाउन हॉल, लातेहार में सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) विषय पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला परिषद सदस्य, जिला स्तरीय पदाधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित का कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। आयोजित इस कार्यशाला में सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सॉलिड एण्ड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट पर आयोजित कार्यशाला में परियोजना निदेशक, सलाहकार सी श्रीनिवासन के द्वारा अवांछित ठोस और तरल पदार्थो के उपचार और पुनर्चक्रण के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारा लक्ष्य लातेहार जिला को एक शून्य-अपशिष्ट बनाने और भविष्य के पर्यावरणीय प्रशिक्षकों का निर्माण करने की दिशा में काम करना है। कार्यशाला में सी. श्रीनिवास ने डॉक्युमेंटरी फिल्म के द्वारा इंटिग्रेटेड सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट रिसोर्स मैनेजमेंट प्रणाली की जानकारी विस्तृत रूप दी और प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यशाला में उन्होंने बताया कि उद्यान अपशिष्ट (जैसे सूखे पत्ते), मछली बाजार अपशिष्ट, सब्जी अपशिष्ट, द्वितीयक पृथक्करण शेड, एक मवेशी शेड और दो या तीन बायो-गैस संयंत्र प्राथमिक पृथक्करण स्रोत पर किया जाता है, जबकि द्वितीयक पृथक्करण एसएलआरएम केंद्रों पर किया जाता है। तृतीयक पृथक्करण एक सामान्य केंद्र पर किया जाता है।पर्यावरण प्रदूषण के कारण जिले अंतर्गत कचरा जमा होने की समस्या को वैज्ञानिक ठोस स्थापित करके हल किया जा सकता है।आगे उन्होंने जिले अंतर्गत तरल संसाधन प्रबंधन (एसएलआरएम) केंद्र बनाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला में कचरा प्रबंधन की वैज्ञानिक व व्यवहारिक पहलुओं को समझाने के बाद जिले की बेहतरी हेतु इस प्रक्रिया को अपनाने की बात कही गई।कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण के दृष्टिगत हमें ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन की तकनीकी विधि को अपनाने की जरूरत है। जिले को स्वच्छ व हरा-भरा बनाए रखने के लिए पर्यावरण अनुकूल विधियों व प्रक्रियाओं पर बल देने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से कचरा प्रबन्धन की प्रक्रिया अपनाते हुए जिला, गांव, पंचायत को साफ-सुथरा बनाने की बात कही। मौके पर जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड लातेहार, मनिका, सरयू के मुखिया, पंचायत सचिव, पर्यावरण कार्यकर्ता, समाजसेवी ,समेत अन्य उपस्थित थे।

# लाखों को लागत से बना पंचकर्म केंद्र, 5 महीने पहले हुआ उद्घाटन, लेकिन सुविधाएं नदारद

❍ सांसद मनीष जायसवाल ने लिया संज्ञान, स्थिति का जायजा लेने अपने प्रतिनिधि रंजन चौधरी को भेजा पंचकर्म केंद्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** आयुष विधि से इलाज को सुदृढ़ करने और लोगों को आयुर्वेद विधि से समुचित इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में बीते दिनों सरकार ने सार्थक कदम उठाते हुए हजारीबाग जिले के नए समाहरणालय के बगल में पंचकर्म प्रशिक्षण सह सेवा केंद्र भवन का निर्माण कराया। भवन निर्माण के पश्चात बीते 05.10.2024 को इसका विधिवत् उद्घाटन हजारीबाग जिला उपायुक्त नैंसी सहाय और प्रभारी जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग डॉ. श्याम नंदन तिवारी ने कर दिया। यहां महज ओपीडी के नाम पर सिर्फ़ कोरम पूरा किया जाता है। सांसद मनीष जायसवाल को यहां की वास्तविक स्थिति से उनके प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने अवगत करा दिया है। रंजन चौधरी ने इस संबंध में आयुष विभाग की निदेशिका डॉ. सीमा उदयपुरिया से जब इस संबंध में बात किया उन्होंने स्पष्ट शब्दों में बताया कि हमारे विभाग में फिलहाल कोई फंड इसके संसाधन के लिए नहीं है और न ही सरकार के द्वारा कोई आवंटन प्राप्त हुआ है जिस कारण से वहां पंचकर्म विधि से उपचार शुरू नहीं हो सका है। यहां उपस्थिति आयुष चिकित्सकों ने रंजन चौधरी को यह भी बताया कि करीब पांच महीने से उनका वेतन भी नहीं मिल पाया है ।




**क्या है पंचकर्म विधि और कौन मरीज को होता है राहत और कैसे होता है इसका इलाज**

पंचकर में कैसी तकनीक है जो शरीर के साथ-साथ मस्तिष्क के हानिकारक विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने के लिए सिद्ध प्राकृतिक चिकित्सा है। सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया कि वर्तमान भाग दौड़ भरी जिंदगी और व्यस्ततम लाइफस्टाइल में लोग काफी बिजी रहते हैं लेकिन जो फिट रहना पसंद करते हैं हुए ऐसी तकनीक को आजमाते हैं। पंचकर्म के पांच तरीके होते हैं जिसमें वामन से उल्टी द्वारा शरीर से वैशाख पदार्थों को निकाला जाता है। विरेचन विधि से मल त्याग के जरिए, नासिकाक्रिया से नाक से द्वार डालकर, अनुनासववती से गैस्ट्रिक समस्याओं, गठिया के इलाज, प्रजनन प्रणाली को स्वस्थ बनाने और पुरानी बीमारियों से छुटकारा दिलाने में मदद मिलती है और रक्तमोक्षन विधि के जरिए औषधीय जोंक आपके शरीर के प्रभावित हिस्सों पर लगाई जाती है जो रक्त परिसंचरण में मदद कर रक्त को शुद्ध करता है। पंचकर्म से पुरानी बीमारियों को दूर करने, तनाव को दूर करने, शरीर, मन और आत्मा को शांत करने, पाचन में सुधार करने, वजन कम करने, ग्लोइंग स्किन पाने और बालों की गुणवत्ता में सुधार करने के बाद माइग्रेन और पारालाईसिस जैसे बीमारियों में बेहद हितकर साबित होता है ।

**बाहर में 2-5 हजार तक देकर जरूरतमंदों को कराना पड़ता है पंचकर्म**

हजारीबाग में पंचकर्म भवन में इससे संबंधित संसाधन के अभाव होने के कारण जरूरतमंद मरीजों को बाहर में 2- 5 हज़ार रुपए भुगतान कर ऐसे सुविधा का लाभ मिल पाता है। कई सक्षम लोग इस सुविधा का लाभ महानगरों में जाकर उठा रहे हैं। अगर जिला प्रशासन और राज्य सरकार पंचकर्म भवन में संसाधन मुहैया करा दे तो निश्चित रूप से जरूरतमंद मरीजों को इस महत्ती सुविधा और इलाज का लाभ प्राप्त होगा और बड़ी सहूलियत मिलेगी ।

# ज्ञान गंगा मेमोरियल स्कूल में पांचवां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से संपन्न, बच्चों की प्रतिभा ने मोहा मन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**दारू(हजारीबाग):** जिनगा स्थित ज्ञान गंगा मेमोरियल स्कूल में रविवार को पांचवां वार्षिक महोत्सव बेहद उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस भव्य समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि चाणक्य आईएएस अकादमी के डायरेक्टर विनय मिश्रा एवं रीमा मिश्रा ने किया। साथ ही विशिष्ट अतिथि दारू प्रखंड जिला परिषद सदस्य गीता देवी एवं जिनगा पंचायत की मुखिया पिंकी देवी, शशि भूषण, रमेश प्रसाद, एवम् मंजीत वर्मा ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, विज्ञान प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्रविद्यालय के कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं विज्ञान प्रदर्शनी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रगान पर नृत्य, सोलर सिस्टम, प्यूरिफाई वाटर, ह्यूमन बॉडी, स्मार्ट सिटी जैसी शानदार विज्ञान प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।अवॉर्ड सेरेमनी में बच्चों, अभिभावकों और स्टाफ का



सम्मानसमारोह में प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बेस्ट स्टूडेंट, स्टूडेंट ऑफ द ईयर, बेस्ट पेरेंट्स एवं विद्यालय में कार्यरत ड्राइवरों को भी विशेष पुरस्कार दिए गए।मुख्य अतिथियों के प्रेरणादायक विचारचाणक्य आईएएस अकादमी के डायरेक्टर विनय मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा,बच्चों को उनकी प्रतिभा के अनुसार आगे बढ़ने दें। नकारात्मक सोच से बचें और उनके सपनों को साकार करने में सहयोग करें। वहीं, रीमा मिश्रा ने कहा,आपके बच्चे ही आपका भविष्य हैं, इसलिए उनके लालन-पालन और आचरण पर विशेष ध्यान दें। अब ग्रामीण और शहरी स्कूलों में कोई अंतर नहीं रह गया है।विद्यालय के डायरेक्टर ने दी शुभकामनाएं विद्यालय के डायरेक्टर शशि भूषण ने कहा,यह कार्यक्रम स्कूल परिवार के सहयोग से सफल हुआ। हमारे छात्र भविष्य में निश्चित रूप से नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।इस खास अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य द्वारिका कुमार दास, शिक्षक परमेश्वर प्रसाद, आकाश प्रसाद, विशाल प्रसाद, सुनीता गुप्ता, मीनू राणा, अनुज कुमारी, विद्या कुमारी, सरिता देवी, सृष्टि प्रकाश, लक्ष्मी कुमारी, नीलू देवी सहित भारी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।ज्ञान गंगा मेमोरियल स्कूल के इस भव्य आयोजन ने सभी को शिक्षा और संस्कार के महत्व का संदेश दिया, जो आने वाले वर्षों तक यादगार रहेगा।

# तीन दिवसीय किसान कृषि फसल सुरक्षा कार्यक्रम सम्पन्न

❍ प्रशिक्षु किसानों को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया :** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के ओर से फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना के तहत खैरा पंचायत सचिवालय परिसर में तीन दिवसीय फसल सुरक्षा किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कुमारी माधुरी ने किया और संचालन पौधा संरक्षण केंद्र प्रभारी विष्णुगढ़ सह प्रशिक्षक योगेन्द्र महतो ने किया । प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षक योगेन्द्र महतो ने किसानों को बताया कि यांत्रिक नियंत्रण विधि से कीट




नियंत्रण,पिला चिपचिपा फंदा, फुट फ्लाई ट्रैप तैयार करना एवं लगाना ,नीमास्त्र का खेत में छिड़काव करने एवं लगाना समेत फसल सुरक्षा के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर जानकारी दिया। बता दे कि यह कार्यक्रम 7 फरवरी दिन शुक्रवार से 9 फरवरी दिन रविवार तीन दिनों तक इच्छुक किसानों को प्रशिक्षण देकर कार्यक्रम की समापन किया गया और कार्यक्रम में शामिल लगभग 30 किसानों को बीटीएम अमित मोहन,प्रशिक्षक योगेन्द्र महतो के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं एवं धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

# हजारीबाग द फाइनेस्ट सिटी समूह ने किया सामूहिक मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सोशल मीडिया समूह हजारीबाग द फाइनेस्ट सिटी के द्वारा बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत डूमारो नदी के समीप रविवार को सामूहिक मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारीबाग और आसपास के जिलों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समूह के सदस्यों ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य हजारीबाग के प्राकृतिक स्थलों का प्रचार-प्रसार कर उन्हें पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराना है। ऐसे कई खूबसूरत स्थान आम लोगों की नजरों से दूर हैं, जिन्हें सोशल मीडिया के



माध्यम से पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित कई गणमान्य लोग भी शामिल हुए। हजारीबाग द फाइनेस्ट सिटी समूह हमेशा सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेता रहा है, जिससे हजारीबाग की ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहरों को नई पहचान मिल सके। इस आयोजन ने पर्यटन और सामुदायिक एकजुटता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कॉस्मिक पब्लिक स्कूल धनवार में दसवीं के बच्चों को दी गई विदाई




**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कॉस्मिक पब्लिक स्कूल धनवार में दसवीं के विद्यार्थियों को विदाई दी। कक्षा नवमी के छात्राएं स्वागत गीत गया। मंच संचालक पूर्व प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रसाद व वर्तमान प्रधानाध्यापक राकेश राणा ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष संघ के जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। किशुन यादव ने कहा कि इस स्कूल में पठन-पाठन के साथ-साथ अनुशासन और गतिविधियों पर काफी ध्यान दिया जाता है। आप इस दरवाजे को अच्छे प्रतिशत से खोलते हो तो आप अपने भविष्य में आपके लिए सभी दरवाजे खुले मिलेंगे। स्कूल प्राचार्य राकेश राणा ने कहा कि बच्चों को किसी भी प्रश्न को डटकर सामना करना है, घबराने की आवश्यकता नहीं है। मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव, शिक्षक दीपक कुमार, राहुल कुमार, राहुल कुमार, सहदेव प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, फरजाना प्रवीण, वहीं छात्र-छात्राएं में प्रिंस कुमार, मधु कुमारी, प्रदीप,कुमार,रेणुका कुमारी,विवेक कुमार,अहसान अंसारी, नरगिश प्रवीण, अंजु कुमारी,रुखसार प्रवीण,शहनाज प्रवीण, रूबी कुमारी, बीरेंद्र कुमार, सहित अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# प्राकृतिक सुषमा से परिपूर्ण लारा नदी की नैसर्गिक सौंदर्यता फरवरी माह में भी सैलानियों को कर रहा है आकर्षित

❍नयनाभिराम दृश्य के संग सुकून का पल व्यतीत कर लोग हो रहे हैं तरोताजा, प्राकृतिक सुषमा का उठा रहें हैं आनंद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिला को प्रकृति ने अपने हाथों से सजाया है। यहां घने जंगल और नदी आंचल में बसा है। मनोरम वादियां सैलानियों को काफी आकर्षित करता है। प्राकृतिक सुंदरता काफी रोमांचकारी एवं सुखद एहसास कराता है। जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर चूरचू रोड स्थित %लारा नदी% की नैसर्गिक सौंदर्यता सैलानियों को फरवरी माह में भी काफी आकर्षित कर रहा है। यहां की नयनाभिराम दृश्य एवं उबडखबड पथ्थर एवं बीच में स्थित नदी समेत चारों ओर घनघोर जंगल संग समय बिताकर लोग तरोताजा हो रहें। अब फरवरी में भी यह आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्राकृतिक सुषमा से परिपूर्ण एवं मनोरम वादियों में सुकून का पल लोग व्यतीत कर रहे हैं। नदी की मनमोहक दृश्य एवं नजारा में घंटों तक सैलानियों ने अपने परिवार एवं दोस्तों के संग बिताकर सुकून पल एहसास कर रहे हैं। उत्साह एवं उमंग में लोग झुमते एवं गाते नजर आएं। लारा नदी की मनोरम वादियां सैलानियों को खुब अपनी ओर आकर्षित किया। नदी की सुंदरता एवं नयनाभिराम दृश्य काफी रोमांचित किया। दरअसल यह इलाका कभी घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता था। जहां नक्सलियों की जन अदालत भी लगा करती थी। दिन में भी लोग इस इलाके से गुजरने से परहेज करते थे। पुलिस की कड़ी पहरेदारी हुआ करती थी धीरे-धीरे इस समस्या का समाधान हुआ और बेहद सुंदर आकर्षक स्पॉट आम जनता के आंखों के सामने आया।



# नाबालिग लड़की को भगाने के आरोप में पुलिस ने युवक को किया गिरफतार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** थाना कांड संख्या 29/25, के प्राथमिक अभियुक्त मोहम्मद राजा पिता मोहम्मद बबलू, ग्राम गुरु चट्टी निवासी को बड़कागांव पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। मामले के लेकर थाना प्रभारी नेमधरी रजक ने बताया के मोहम्मद राजा के ऊपर नाबालिग लड़की को भगाने का आरोप में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में हजारीबाग केंद्रीय कारागार भेजा गया है।

# 75 एकड़ में लगी अफीम की फसल को किया गया नष्ट



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चौपारण थाना क्षेत्र में पुलिस और वन विभाग ने मिलकर 75 एकड़ में फैली अवैध अफीम की फसल को नष्ट कर दिया। 09 फरवरी 2025 को मुरैना, दुरागड़ा, सिकदा सहित आसपास के जंगलों में यह छापेमारी अभियान चलाया गया।इस अभियान में बरही अंचल और दारू अंचल के पुलिस निरीक्षक, चौपारण के अंचलाधिकारी, चौपारण, पदमा और गोरहर थाना के प्रभारी, अन्य पुलिस पदाधिकारी, वन विभाग के अधिकारी और कर्मी शामिल थे। इस दौरान करीब 150 पुलिसकर्मियों की 4 टीम बनाई गई, जिन्होंने अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर 20 ट्रैक्टर की मदद से अफीम की फसल को पूरी तरह से नष्ट कर दिया।प्रशासन की सख्त कार्रवाई अफीम की अवैध खेती करने वालों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस और प्रशासन इस बात को भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि भविष्य में इन इलाकों में दोबारा अफीम की खेती न हो।सूत्रों के अनुसार, चौपारण में काफी बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की जा रही थी। प्रशासन अब इस दिशा में कड़े कदम उठा रहा है ताकि इस अवैध कारोबार पर हमेशा के लिए रोक लगाई जा सके।

# गोंदलपुरा के ग्रामीण के द्वारा किया गया बरताव बर्दाश्त नहीं : ग्रामीण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत चंदौल पंचायत भवन के प्रांगण में प्रभावित क्षेत्र के भू रैयतों की एक विशेष बैठक की गई। बैठक में लगभग 300 भू रैयत शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि सनित महतो एवं संचालन विनोद यादव ने किया। साथ ही जनसुनवाई के दिन प्रतिनिधियों एवं ग्रामीण के साथ हुए मारपीट की घटना पर कड़ी निंदा की हुआ। ग्रामीणों ने कहा यह मामला हम लोग का है इसमें गोंदलपुरा हस्तक्षेप ना करे, वह अपने ग्राम को बचाएं हम लोग अपने ग्राम को बचा लेंगे। आंदोलन का रूपरेखा तैयार करने के लिए पंचायत के जनता, प्रतिनिधियों को एवं सभी जाति के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के कमिटी बनाई गई। मौके पर मुख्य रूप से पंचायत समिति प्रतिनिधि सुरेश चौधरी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अचेश्वर राम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य दिनेश्वर पासवान, वर्तमान उप मुखिया शमशेर अंसारी, महुगाई खुर्द वार्ड प्रतिनिधि नंदकिशोर यादव, महेन्द्र यादव, पारस प्रजापति, सुरेश प्रजापति, सागर यादव, सिकेंद्र राजवार, नरेश यादव, मो नौसाद, संतोष प्रसाद, मेघलाला महतो, कैलाश महतो, रघुबीर राम, रामबिलास राम, किशोर राम, असेश्वर राम, ओम प्रकाश सिंह, रंजन पाण्डेय, विकास पाण्डेय, किशुन राजवार, दिलचंद राम सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।



# सोना-सोबरन योजना के तहत कार्डधारियों के बीच धोती, साड़ी व लुंगी का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सोना सोबरन साड़ी-धोती योजना के तहत देवचन्दा के 193 लाभुकों के बीच रविवार को साड़ी-धोती का वितरण किया गया। इसकी शुरुआत बरही प्रखंड अंतर्गत केदारूत पंचायत के ग्राम देवचन्दा के जनवितरण केंद्र से की गयी। मौके पर स्थानीय मुखिया सरिता देवी, मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सोना सोबरन साड़ी-धोती योजना काफी सराहनीय है। गरीब लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गरीब ग्रामीणों के लिए मात्र 10ङ्क10 रुपये में साड़ी-धोती उपलब्ध करायी जा रही है, ताकि उनकी आर्थिक मदद की जा सके एवं उनकी स्थिति में सुधार लाया जा सके। मैके पर मौजूद पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह ने लोगों से कहा कि सरकार से मिलने वाली योजनाओं का लाभ जरूरत लें। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह, इंद्रदेव ठाकुर, किशुन यादव, दुखन भुईयां, प्रभु सिंह, सहजादा खातुन, समां प्रवीन, विमला देवी, रिंकी देवी, निलम देवी सहित कई लाभुक मौजूद थे।



# श्रीनिवास डायग्नोस्टिक ने लगाया स्वास्थ्य जाँच शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर के झील परिसर में श्रीनिवास डायग्नोस्टिक ने रविवार को स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर मे शुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच निःशुल्क किया गया। इसमें 67 से अधिक लोगो ने शुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच एवं उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श प्राप्त किया, साथ ही कई लोगों ने अन्य जांच का परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान अन्य जांच पर बाजार से किफायती दर पर उपलब्ध होने से कई जरूरतमंदों ने पंजीकरण कराया। शिविर मे आये लोगों ने बताया कि साप्ताहिक छुट्टी रविवार के दिन पब्लिक पलेस में इस प्रकार की जांच से आमजनों को काफी सहूलियत होगी । पूरे शरीर के जांच में सीबीसी, थायराइड प्रोफाइल, लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट, वसा प्रालेख एचबीए, आरबीएस, इलेक्ट्रोलाइट, विटामिन-डी, विटामिन बी, ई.सी.जी यूएसजीडब्ल्यू, छाती का एक्स-रे एवं मुत्र का जांच सहित कई जांच के अलावे निःशुल्क डॉक्टर्स परामर्श भी उपलब्ध है।मौके पर श्रीनिवास डायग्नोस्टिक संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शुगर की बिमारी एवं हीमोग्लोबिन संबंधित बिमारी काफी सामान्य होते जा रही है।उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक रूप से पूरा शरीर जांच उपलब्ध करना हमारी प्राथमिकता है। गरीब एवं मीडिल क्लास फैमली को इसका शतप्रतिशत लाभ मिल रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगों को राहत पहूंचाने के लिए हमेशा से श्रीनिवास डायग्नोस्टिक की टीम कार्यरत है। मौके पर श्रीनिवास डायग्नोस्टिक के नर्सिंग कर्मी अज़रा, लैब विभाग से पिंकू, दीपक, छात्र सयूम, टिया एवं गुंजा सहित कई स्वास्थ्य कर्मी शामिल रहे।




# मदरसा अल जामियातुल गौसिया में बच्चों का रिजल्ट के साथ हुआ इनामी मुक़ाबला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग) :** प्रखण्ड अंतर्गत मलकोको पंचायत में संचालित मदरसा अल जामियातुल गौसिया में ईनामी मुक़ाबला के साथ बच्चों का इम्तेहान का रिजल्ट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुरआन शरीफ के तिलावत से किया गया। मदरसा के बच्चे और बच्चियों ने नात शरीफ, अरबीक, उर्दू, इंग्लिश, हिंदी में तकरीर, इस्लामिक क्विज जैसे हुनर को पेश किया। वहीं सुहाना प्रवीण ने इस्लाम और शिक्षा पर तकरीर की। वहीं तरन्नुम प्रवीण ने पैगमबर हज़रत मोहम्मद सल्लहु ताला अलीहे वस्सल्म के जीवनी के बारे में बताया। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष अब्दुल कयूम ने बताया कि मलकोको के मदरसा गौसियाह के बच्चों में काफी हुनर है। बाहरी बच्चों के लिए छात्रावास एवं आने जाने वालों बच्चों के लिए वाहन की सुविधा भी रहेगी। नए सत्र - 2025-26 के लिए अकादमी में निः शुल्क नामांकन जारी कर दिया गया है। वहीं अम्बिशन अकादमी के निदेशक सह मदरसा गौसियाह के अकेडमिक इंचार्ज अज़हर उद्दीन ने सभी अतिथियों को आभार प्रकट करते हुए कहा कि जिस प्रकार से पिछले सालो से मैट्रिक का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है, उसी तरह यहां मदरसे के बच्चों का रिजल्ट सत प्रतिशत रहेगा। इसके साथ इनामी मुक़ाबला और वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान लाने वाले बच्चे बाच्चियों को इनाम दिया गया। मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, अलजामियातुल गौसियाह के प्राचार्य हाफिज अल्लाउद्दीन रज़ा, जामा मस्जिद के इमाम मौलाना रमजान, मौलाना गुलाम हैदर, मास्टर सोएब अख्तर, सदर अस्मिद अंसारी, सेक्रेटरी मेराज अहमद, मेराज उद्दीन, उप मुखिया फिरोज निज़ामी, अनवर अंसारी, अब्दुल अंसारी आदि के सहयोग से कार्यक्रम कामयाब रहा।



# शांतिपूर्ण विसर्जन जुलूस पर हमला निंदनीय : मनीष जायसवाल

## 15 दिन के अंदर पुलिस करे करवाई नहीं तो करेंगे थाने का घेराव : सांसद



**गोला सरस्वती पूजा के विसर्जन जुलूस में घायल हुए पीड़ितों की सुध लेने पहुंचे सांसद**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** गोला प्रखंड के सोसो कलां गांव में बीते दिनों सरस्वती पूजा के विसर्जन जुलूस के दौरान दो समुदाय के बीच जुलूस को लेकर विवाद हो गया था। मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन जुलूस लेकर स्थानीय ग्रामीण निकले हुए थे जिसमें ज्यादातर संख्या में महिलाएं एवं छोटी बच्चियां उपस्थित थी, जुलूस मां सरस्वती की प्रतिमा को रिक्शे पर लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ रही थी कि अचानक एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा विरोध जताते हुए विसर्जन जुलूस को रोकने का प्रयास किया जाने लगा, जिसके बाद विवाद बढ़ा और समुदाय विशेष के लोगों द्वारा जुलूस में शामिल महिलाओं और लड़कियों पर हिंसक हमला कर दिया गया। इस हमले में कई श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए थे।घटना और पीड़ितों की जानकारी लेने पहुंचे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इस तरह की घटना की मैं कड़ी निंदा करता हूं। घटना पर बात करते हुए सांसद ने कहा कि झारखंड सरकार अपराध और अपराधियों को रोकने में लगातार विफल रही है। प्रदेश में इस तरह की घटनाएं आम हो गई हैं, आए दिन चोरी, डकैती, हत्या, बलात्कार और भ्रष्टाचार की खबरें सामने आती है, किंतु दुर्भाग्य है कि शासन और प्रशासन इनको रोकने में विफल दिख रही है। जब से हेमंत जी की सरकार बनी है असामाजिक तत्वों और अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है और सरकार भ्रष्टाचार व तुष्टिकरण की राजनीति में व्यस्त है। साथ ही सांसद ने कहा कि इस घटना में जो भी दोषी हैं प्रशासन उन पर कड़ी कानूनी करवाई करें।मौके पर उपस्थित सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने कहा कि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए घटना में शामिल दोषियों पर करवाई हो, अन्यथा ऐसे असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ेगा। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री विजय जायसावल, जिला मंत्री दिलीप सिंह, जिला मंत्री अनमोल सिंह, गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव, प्रीतम झा, बिक्की कुमार महतो, बरलंगा मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, बरलंग मंडल संयोजक महेन्द्र प्रसाद, संतोष कुशवाहा, विकास मनी पाठक, राम निवास सिंह, सनेहलता चौधरी, ललन कुशवाहा सोनू सोनी उपस्थित रहे।

# भाजपा रामगढ़ नगर परिषद की कार्यशाला बैठक भाजपा जिला कार्यालय में हुइ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ नगर परिषद की कार्यशाला बैठक भाजपा जिला कार्यालय में संपन्न हुई इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी ने किया संचालन महामंत्री राम प्रसाद मलिक ने किया धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष अर्जुन यादव ने किया इस बेटर बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ जिला सदस्यता प्रभारी जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा उपस्थित हुए रामगढ़ नगर परिषद के मंडल के चुनाव प्रभारी आनंद बेदिया उपस्थित थे बैठक के पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रचलित कर पुष्पराजित कर वंदे मातरम गीत गाकर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया इस बैठक में मंडल के पदाधिकारी मंच मोर्चा के अध्यक्ष शक्ति केंद्र के प्रभारी शक्ति केंद्र के संयोजक स संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित हुए ऑनलाइन सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा की गई 10 फरवरी तक ऑनलाइन सदस्यता अभियान का सक्रिय सदस्य का सत्यापन सुनिश्चित हो जाएगा 12 फरवरी 2025 तक सभी बुथ में कमेटी का गठन करना अनिवार्य है बुथ कमेटी गठन करने के बाद संगठन का प्रभारी के माध्यम से मंडल का चुनाव सुनिश्चित होगा बैठक के बाद दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के प्रचंड बहुमत आने पर भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की इस प्रचंड बहुमत जीत के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नेता को बधाई इस बैठक में ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हरिनारायण कुशवाहा भाजपा नेता अरुण कुशवाहा रामगढ़ नगर परिषद के सदस्यता अभियान के स प्रभारी सुनीता रविदास जगत नारायण साहू राकेश पांडे देवनाथ कुशवाहा मंजू देवी उपस्थित है

# आत्मा के द्वारा फ़सल सुरक्षा एवं फसलों की गुणवता पर कृषक गोष्ठी का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रविवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) चितरपुर, रामगढ़ के द्वारा फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना के तहत पंचायत+गांव मायल के सामुदायिक भवन में किसान गोष्ठी कार्यक्रम किया गया इस दरम्यान वार्ड सदस्य संगीता देवी , कृषि विशेषज्ञ , प्रखंढ तकनीकी प्रबंधक चंद्रमौली व कृषक मित्र सतीश कुमार उपस्थित रहे। प्रशिक्षणार्थी को सर्व प्रथम प्रखंड तकनीकी प्रबंधक के द्वारा फसल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत होनेवाले कृषक गोष्ठी कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्य से अवगत कराया गया । तदोपरान्त कृषि विशेषज्ञ के द्वारा फसल सुरक्षा के महत्व के बारे में किसानों को बताया कि फसल सुरक्षा से न केवल फसल की गुणवत्ता में सुधार होता है, बल्कि यह किसानों की आय में भी वृद्धि करता है। ृषि विशेषज्ञ ने कीटनाशी दवाएं बनाने की विधि एवं प्रयोग कैसे करे इस संबंध में बताया रस चूसने वाले कीट एवं छोटी सुंडी इल्लियां के नियंत्रण हेतू नीमास्त्र और अन्य कीट और बड़ी सूंडी के लिए ब्रम्हास्त्र , तना छेदक कीट ,फलों में होनेवाले सूंडी एवं इल्लियों के लिए अग्नि अस्त्र बनाने की जानकारी दी गई। द्रोण का प्रयोग कर दवा का छिड़काव एवं खेत में हो रहे रोग व्याधि की निगरानी कर उसपर नियंत्रण किया जा सकता है। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ,चितरपुर चंद्रमौली ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से सब्जी फसल में प्रयोग की गई कीटनाशी रसायनों की प्रतीक्षा अवधि के बारे में किसानों को बताया जो कीटनाशी दवा कीड़ो के लिए नुकसानदायक है वो प्रयोग करनेवाले को भी नुकसान पहुंचा सकती है इसलिए सावधानियां बरतते हुए फसल में कीटनाशी रसायनों के छिड़कने के उपरांत निर्धारित प्रतीक्षा अवधि के बाद ही फल -सब्जी तोड़े स्वास्थ्य को नही होगा नुकसान । किसान गोष्ठी में श्रव्य दृश्य के माध्यम से किसानों को समेकित कीट प्रबंधन एवं जैविक तरीके से बीजोपचार कैसे करे इसकी विस्तृत जानकारी दी गई।किसान सतीश कुमार प्रशिक्षक जो कि इज़राईल भ्रमण कर आये हैं वे फसल सुरक्षा चक्र ,नर्सरी तैयार करने की विधि एवं आई पी एम के विषय पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित किसानगण को अन्य किसानोपयोगी जानकारी साझा की।

# अल फातिमा पब्लिक स्कूल में दसवीं के छात्राओं का विदाई समारोह का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** अल फातिमा पब्लिक स्कूल में दसवीं के छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन हुआ।आयोजन की जिम्मेवारी स्कूल की नौवीं की छात्राओं ने मिलकर किया।जिसमें स्कूल मैनेजमेंट के कई आला अधिकारी मौजूद थे और स्कूल में बहुत सारे अभिभावक और बच्चों ने भी शिरकत की और आयोजन को सफल बनाया।स्कूल में अतिथि समाज सेवी आरिफ कुरैशी ने बच्चों को सफलता की कामना की और उनकी हौसला अफजई कि। स्कूल के प्राचार्य मो जहीरूद्दीन अपने बच्चों को गिफ्ट दिया और उनके एग्जाम के लिए उन्हें मार्गदर्शन भी दिए और पुरानी बातों को याद दिलाते हुए आने वाले भविष्य में अच्छा करने की और समाज को सुधार करने के लिए योगदान देने के लिए सभी को प्रेरित किया इस समारोह में शामिल शिक्षिकाएं जोया कुरैशी, नरगिस परवीन, हिना परवीन, इशरत जहांन, मुस्कान परवीन, आफरीन सदफ़ बच्चों कि हौसला अफ़ज़ई की।

# बलकुदरा में पीवीयुएनएल के विस्थापित-प्रभावित रैयतों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** बलकुदरा आम बगीचा में विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में पीवीयुएनएल के विस्थापित-प्रभावित रैयतों की अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आदित्य नारायण प्रसाद एवं संचालन मुखिया विजय मुंडा व सुरेश साहू ने किया।आज के बैठक के माध्यम से सभी ग्रामीणों ने एक-स्वर से पीवीयुएनएल प्रबंधन, प्रशासन और झारखण्ड सरकार से सवाल किया कि मुआवजा दिए बिना ग्रामबलकुदरा, रसदा, जयनगर व गेगदा के जमीन पर कैसे ऐश डाइक / ऐश माउंट, ऐश कोरिडोर का निर्माण कैसे किया जाएगा ? सवाल किया कि हम ग्रामीणों को जीने का मौलिक अधिकार है या नहीं ? इसका जवाब प्रबंधन-प्रशासन दें उसके बाद ही छाई डैम में किसी भी प्रकार का कोई काम करने का बात हो। बैठक में निर्णय लिया गया कि छाई डैम में जबरन काम करने के प्रबंधन के प्रयास को लेकर शीघ्र जेएमएम के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया से मिलकर सारी स्थिति से अवगत कराया जाएगा। उनके दिशा निर्देश पर आगे के आंदोलन का घोषणा किया जाएगा। जरूरत हुआ तो धरना - प्रदर्शन के माध्यम से अंचल अधिकारी का घेराव किया जाएगा। साथ ही संजीव बेदिया के नेतृत्व में शीघ्र मा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिलकर अपने जीने के मौलिक अधिकार की रक्षा करने एवं पीवीयुएनएल की स्थापना के नाम पर हम ग्रामीण रैयतों की बलि नहीं देने का गुहार लगाया जाएगा इस बैठक में मुख्य रुप से कुमेल उरांव, राजा राम प्रसाद, अब्दुल क्यूम अंसारी, प्रदीप महतो, अलीम अंसारी, ननकु मुंडा, कपिल मुंडा, भरत साव, अब्बास अंसारी, वीरमोहन मुंडा, मनु मुंडा, बसंत कुमार, जितेन्द्र मुंडा, भरत मांझी, चरण सोरेन, लालमोहन मुंडा,अरुण कुमार, आदि सैंकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

# किराये के मकान में पत्नी का मिला शव, पति फरार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ के न्यू कॉलोनी बगीचा स्थित किराए के एक मकान में रह रही पुष्पा शुक्ला (30) का शव बीती रात बरामद किया गया। पुष्पा अपनी 11 साल की बच्ची और पति छोटू शुक्ला के साथ यहां पिछले तीन माह से रह रही थी। बच्ची के रोने पर मकान मालिक जब कमरे पर पहुंचे तो उन्होंने पुष्पा का शव फंदे से लटका देखा। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी।मकान मालिक बृजेंद्र चौधरी ने बताया कि बच्ची के रोने पर उन्होंने पुष्पा के पति छोटू शुक्ला को फोन लगाया, पर उसने कॉल रिसीव नहीं किया। घटना के बाद से छोटू शुक्ला फरार है। मकान मालिक के अनुसार, छोटू ने कुछ दिन पहले बताया था कि उसका ट्रांसफर बड़कागांव में होने वाला है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दंपती के बीच आपसी संबंध सामान्य दिखाई देते थे।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, घटना की सूचना रामगढ़ पुलिस ने छोटू शुक्ला की परिवार वालों को दी।थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया की मृतका के कमरे से एक आधार कार्ड मिला है, जिसमें पति के नाम की जगह किसी विनोद नामक व्यक्ति का जिक्र है। ऐसा प्रतीत होता है कि महिला की दूसरी शादी हुई है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

# कोल इंडिया रांची मैराथन दौड़ में शामिल हुआ सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** कोल इंडिया रांची मैराथन 2025 का आयोजन रांची मोराबादी स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम से किया गया। कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में सीसीएल ने मैराथन दौड़ का आयोजन कराया। जिसमें सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र कि टीम ने भी भाग लिया। बता दें कि इस एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस किया गया। गणमान्यों ने फ्लैग ऑफ कर मैराथन का शुभारंभ किया। मैराथन सुबह 5 बजे बिरसा मुंडा स्टेडियम से शुरू होकर कांके रोड होते हुए पुनः मोरहाबादी में संपन्न हुआ। कोल इंडिया ने विजेताओं को 35.1 लाख रुपए से अधिक की पुरस्कार राशि प्रदान की। यह मैराथन महिलाओं और पुरुषों की चार श्रेणियों में आयोजित किया गया था।कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने ने कहा कि जनता के बीच शारीरिक फिटनेस के बारे में जागरुकता पैदा करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह मैराथन न केवल एक दौड़ है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का एक मंच भी है। सीसीएल के सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह ने कहा सीसीएल अपने हितधारकों के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है। यह आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देता है, बल्कि समाज में सौहार्द्र और एकता की भावना को भी मजबूत करता है। वहीं सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र से कोल इंडिया रांची मैराथन में टिम मैनेजर गणेश राम एवं टिम कोच मिस मेरी के नेतृत्व में बरका सयाल एरिया की टीम 21 व 10और 05 किलोमीटर केटेगरी मैराथन में सैकड़ों प्रतिभागी शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों को मैडल प्राप्त हुए। शामिल प्रतिभागियों में प्रदीप गुप्ता,प्रवीण सहारे,रामदेव राम,सुभाष चंद्र ओझा,सुहृद सरकार,गौतम प्रसाद,शशि कुमार दूसाद,रीटा देवी,नरेश कुम्हार,एश्वर्य मरांडी,बाल्मिकी यादव,आशीष राम,नंदिता रवि,संतु उरांव,कुंजेश्वर मंडल,विजय मुर्मू,सुनीता देवी,सोनिया देवी,सुनील कुमार,महेश, घूणेश्वर,शिव नारायण गंझू, शिव शंकर राम,गोपाल मांझी,रामेश्वर महतो,रमेश बेदिया,अमर राजभर,रणजीत कुमार,कौशल्या देवी,बंधु उरांव,संतोष ठाकुर,गणेश मुंडा,सानुब्रत सरकार,मंजू देवी,उमेश कुमार लकड़ा,विवेक कुमार,प्रमिला देवी,बाबू मुर्मू,अरुण कुमार,शिवम् कुमार हेंब्रम,रवि मांझी,प्रभु किस्कू,रतन मांझी,बिरजू सोरेन,सरोज मुर्मू,दिनेश करमाली,लखी देवी,नितेश उरांव,संध्या लता,प्रीति कुमारी,मुस्कान कुमारी,स्नेहा कुमारी,आदित्य राज,किरण केरकेट्टा, मुनको कुमारी, कर्मदेई,कुंती देवी,बंशीलाल मांझी,आदि सैकड़ों सीसीएल कर्मी एवं विस्थापित शामिल हुए।

# रेलीगढा परियोजना कार्यालय में मुंडा पट्टी के सवाल पर प्रबंधन व झामुमो के बीच हुये वार्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** रेलीगढा परियोजना कार्यालय में मुंडा पट्टी के सवाल पर प्रबंधन, झामुमो और मुंडा पट्टी के बीच कोलियरी विस्तार को लेकर एक बैठक हुई। जिसमें मुंडा पट्टी के लगभग 50 घरों को एक साथ ऑफीसर कॉलोनी के बगल में पुनर्वास करने पर सहमति बनी तथा 46 घरों का मुआवजा देने की बात कही गई। साथ ही गोपाल वर्धा पर जो एफआईआर हुआ है उसे प्रबंधक वापस लेगा। इस वार्ता में परियोजना पदाधिकारी अनुग्रह नारायण सिंह, मैनेजर अमरेंद्र कुमार ,झामुमो केंद्रीय सदस्य सैनाथ गंझु,प्रखंड अध्यक्ष सह -डाडी मुखिया लखनलाल महतो, रेलीगढा पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि राकेश सिंह , सुधीर सिंह ,श्रीनाथ महतो ,गोपाल वर्धा ,विजय हसदा आदि लोग शामिल थे।

# सेल समिति से लेकर कांटा, मुंशी, थाना और माफिया तक पहुचता है हिस्सेदारी का मोटा रकम



**मजदूरों के मजदूरी का ज्यादातर हिस्सा का होता है बंदरबांट, मामला उरीमारी सेल का**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के उरीमारी परियोजना के सेल में इन दिनों सबकुछ ठिक-ठाक नहीं चल रहा है। यहां मजदूरों के मजदुरी का ज्यादातर हिस्सा का बंदरबांट कर सेल से जुड़े सभी लोग मालामाल हो रहे हैं। सेल समिति से जुड़े लोग गरीब मजदूरों का शोषण कर औने पौने दाम देकर उनसे काम ले रहे हैं। मामला उरीमारी सेल का है। जहां सेल में काम करने वाले गरीब मजदूरों को राज्य सरकार द्वारा तय मजदूरी दर का भुगतान ना कर उन्ही के पैसे से सफेद पोश ओढ़े लोग गरीब मजदूरों पर ही अपनी रौब झाड़ते है। बता दें कि सेल में लगने वाले सभी गाड़ीयों में अवैध तरीके से कोयला लोड कर अधिक मुनाफा कमाया जा रहा है। वहीं इस सेल में प्रतिदिन सैकडो गाड़ीयां लगती है। सेल से आए पैसे का हिस्सा सेल समिति तय करती है। यह भी बता दें कि सेल के इस अवैध कोयला कारोबार में उगाही के पैसे के बंदरबांट में सेल आफिस, सेल कांटा में कांटा बाबू, सीसीएल सुरक्षा विभाग,सेल में काम करने वाले मुंशी,क्षेत्र में गठित अपराधीक संगठन, स्थानीय थाना तक सभी को तय हिस्सेदारी का मोटा रकम पहुंचाया जाता है। सभी लोग मिलजुल कर गरीब का हक मारते हैं।

# गर्ल्स स्कूल में तीन दिवसीय जूडो ट्रेनिंग सेशन का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के द्वारा सुभाष चौक स्थित गर्ल्स स्कूल में तीन दिवसीय जूडो ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया गया। जूडो ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य सेल्फ डिफेंस का ट्रेनिंग देना जूडो एक जापानी मार्शल आर्ट है. यह एक लड़ाकू खेल है जिसमें प्रतिद्वंद्वी को गिराने के लिए त्वरित गति और उत्तोलन का इस्तेमाल किया जाता है जूडो में शारीरिक कौशल विकसित करने पर ज़ोर दिया जाता है. पूर्व में भी जूडो का ट्रेनिंग क्लब के द्वारा गर्ल्स स्कूल मे कराया गया है । शशि पांडेय के द्वारा जूडो ट्रेनिंग दिया गया वहीं लड़कियों के बीच पेंसिल सेट का भी वितरण किया गया । मौके पर स्वीटी सोनी , जसविंदर होरा,जसमीत कौर आदि लोग उपस्थित थे।

# भाजपा का एतिहासिक जीत कार्यकताओं की जीत : राजेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रेस बयान जारी कर दिल्ली चुनाव प्रचंड बहुमत से जीत हासिल कर बीजेपी 27 साल बाद हमलोग सरकार बनाने जा रहे हैं बड़ी जीत की नेतृत्व नरेंद्र मोदी जी की सरकार ओर दिल्ली मैं संघटन मजबूत है जो कजरीवाल सरकार का किला ध्वस्त किया गया में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमित शाह जेपी नड्डा और दिल्ली का संगठन को में बढ़ाई देता हु भाजपा ने दो तिहाई बहुमत से दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतकर इतिहास जीत दर्ज किया है हरियाणा महाराष्ट्र से हैदरिक दर्जा किया है दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतकर दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बना चुकी हैं ऐतिहासिक जीत से देशभर के कार्यकर्ताओं मै ऊर्जा और जोश आया है और मन मैं उदासह आया है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## कुख्यात अपराधी प्रिंस खान और आशीष रंजन की जानकारी देने वाले को मिलेगा भारी इनाम, दोनों के खिलाफ कई मामले हैं दर्ज



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुख्यात अपराधी गैंगस्टर प्रिंस खान और आशीष रंजन को गिरफ्तार कराने वाले की इनाम की राशि बढ़ा दी गई है। प्रिंस खान को पकड़वाने के लिए पहले पचास हजार जबकि आशीष रंजन के ऊपर पांच हजार रुपए का इनाम रखा गया था। लेकिन अब इस राशि को बढ़ा दिया गया है। एसएसपी एचपी जनार्दनन ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑर्गनाइज्ड क्राइम धीरे-धीरे यहां पनप रहा है, जिसमें दो गैंग सक्रिय है। एक प्रिंस खान का गिरोह, दूसरा जेल में कुख्यात अमन सिंह की हत्या के बाद उसका राइट हैंड आशीष रंजन उसका साम्राज्य चला रहा है। पुलिस लगातार दोनों के ऊपर कार्रवाई कर रही है। दोनों अपराधी धनबाद से बाहर रह कर अपना गिरोह चला रहे हैं। एसएसपी ने कहा कि इनामी राशि बढ़ जाने से दोनों को पकड़ने के लिए जो भी लोग लगे हुए हैं, वह और अधिक मोटिवेट होंगे।प्रिंस खान के खिलाफ बिहार और झारखंड के अलग-अलग थानों में कुल 91 मामले दर्ज हैं। 24 नवंबर 2021 को गैंगस्टर फहीम खान के करीबी जमीन कारोबारी नन्हे खान की हत्या हुई थी। उस दिन से प्रिंस खान फरार है। झारखंड पुलिस के आग्रह पर इंटरपोल ने उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी कर चुका है।वहीं हत्या, जानलेवा हमला, रंगदारी जैसे संगीन मामलों में आशीष रंजन फरार चल रहा है। सरायढेला के जमीन कारोबारी समीर मंडल की हत्या में पहली बार आशीष जेल गया था। 12 मई 2021 में सरफुल हसन उर्फ लाला की हत्या में भी उसका नाम सामने आया था। धनबाद जेल में गैंगस्टर अमन सिंह हत्या में भी आशीष आरोपी है। वीडियो वायरल कर उसने खुद अमन की हत्या की जिम्मेदारी ली थी। इसे देखते हुए दोनों अपराधियों पर सरकार ने भारी इनाम की राशि का एलान किया है। गैंगस्टर प्रिंस खान को गिरफ्तार कराने वाले को अब पांच लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। वहीं आशीष रंजन उर्फ छोटू के ऊपर भी इनाम की राशि बढ़ाकर चार लाख रुपए कर दी गई है।

## प्रशस्ति पत्र के लिए राज्यपाल को धन्यवाद : अनीता अग्रवाल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पहला कदम स्कूल की सचिव अनीता अग्रवाल ने बताया कि बाबा श्याम की कृपा से दिव्यांग्यता के क्षेत्र में कार्य करने हेतु पहला कदम को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्राप्त करना ना केवल हमारे लिए बल्कि पूरे पहला कदम परिवार के लिए, साथ ही पूरे दिव्यांग बच्चों के लिए एवं पूरे जिले के लिए बहुत हर्ष की बात है। हम तहे दिल से महामहिम को धन्यवाद देना चाहेंगे। हमारे कार्यों का प्रतिफल जो आज राज्यपाल के द्वारा मिला है, यह प्रशस्ति पत्र हमें और भी दिव्यांग्यता के क्षेत्र मे और भी उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित करेगा। प्रदत्त प्रशस्ति पत्र में राज्यपाल ने लिखा कि पहला कदम स्कूल दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा, चिकित्सा एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास करना अत्यंत सराहनीय है।

## अमेजिंग टैलेंट हंट 2025 में पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने लोकनृत्य में दिखाया प्रतिभा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने रविवार को साहू धर्मशाला मनईटांड मे आयोजित अमेज़िंग टैलेंट हंट 2025 में हिस्सा लिया। पहला कदम स्कूल के बच्चों ने झारखण्ड के लोक नृत्य की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम मे चार चाँद लगाया। टैलेंट हंट मे बच्चों ने फैन्सी ड्रेस,सिंगिंग,निबन्ध प्रतियोगिता मे हिस्सा ले अपना अनुभव बढ़ाया। फैन्सी ड्रेस मे दिव्यांग बच्चों ने श्रवण कुमार,बाबा साहेब अंबेडकर, झांसी की रानी आदिवासी और अन्य भूमिकाएं कर अपने प्रतिभा को दर्शको के बीच प्रदर्शित किया। एक अभिभावक के कहा कि बहुत हर्ष की बात है की आज समाज के हर वर्ग के प्रोग्राम मे हिस्सा लेकर बच्चे अपना आत्म विश्वास में बढ़ोत्तरी कर रहे है और सभी का प्रोत्साहन इन्हे प्राप्त हो रहा है। अमेज़िंग टैलेंट हंट 2025 के आयोजकों का शुक्रिया अदा करते हुए पहला कदम परिवार ने कहा की इस तरह के प्रोग्राम आयोजित होने से बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका मिलता है।

## दिल्ली में भाजपा की जीत पर रिजवान खान ने दी बधाई

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य हज समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा नेता रिजवान खान ने कहा कि दिल्ली की जीत का श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दिल्ली के पार्टी कार्यकर्ता एवं दिल्ली की समस्त जनता को जाता है। आज अरविंद केजरीवाल को घमंड एवं तानाशाह रवैया के कारण उनके झूठ को मतदाताओं ने नाकर दिया है एवं 27 साल के बाद दिल्ली में कमल खिला है। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है एवं दिल्ली के हर क्षेत्र में हर समुदाय का सहयोग प्राप्त हुआ है। आगे उन्होंने कहा कि बहुत जल्द दिल्ली में अब विकास नजर आएगी और झूठ और फरेब की छाया से मुक्त होगा दिल्ली।

## प्यार में धोखा की शिकार प्रेमिका ने प्रेमी के सामने खाया जहर, स्थिति नाजुक, प्रेमी फरार

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झरिया की लड़की ने बिहार के आरा में प्रेमी के घर पहुंच कर प्रेमी के सामने ही जहर खा लिया। प्रेमी ने उसे आरा महिला थाना के गेट पर रख दिया और फरार हो गया। गनीमत रही कि राहगीरों की नजर बेसुध लड़की पर पड़ गई और उन लोगों ने पुलिस को सूचना दी। फिर पुलिस पहुंची और लड़की को आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। यह घटना शनिवार की बताई गई है। लड़की झरिया थाना के आमटाल की रहने वाली है। जहर खाने के बाद उसकी स्थिति गंभीर हो गई। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। धनबाद पहुंची सूचना के मुताबिक प्यार में धोखा की शिकार 23 वर्षीय लड़की ने पुलिस को बताया कि 4 वर्ष पूर्व अपने घर से परीक्षा देने पटना जा रही थी। इस दौरान ट्रेन में उसकी राजीव कुमार से पहली मुलाकात हुई। फेसबुक पेज पर वह रील बनाकर डालती थी। राजीव कुमार उसके रील्स को लाइक करता था। मुलाकात के दौरान दोनों ने अपना नंबर एक दूसरे को दिया। फिर बात करने का सिलसिला शुरू हुआ। देखते-देखते बात दोस्ती और उसके बाद प्यार में बदल गई। दोनों एक दूसरे के घर आने जाने लगे।

# बुनकरों को अपनी कला और शिल्प प्रदर्शित करने का बेहतरीन प्लेटफार्म है हैंडलूम एक्सपो : उपायुक्त

- 21 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुला रहेगा एक्सपो
- हैंडलूम की बुनाई, छपाई सहित पूरी प्रक्रिया को दिखाया जाता है लाइव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बुनकरों को अपनी कला और शिल्प को प्रदर्शित करने का बेहतरीन प्लेटफार्म प्रदान करता है एक्सक्लूसिव हैंडलूम एक्सपो। बुनकरों को आर्थिक रूप से स्थिर करने का केन्द्र और राज्य सरकार का यह कारगर कदम है।उपरोक्त बातें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने बेकारबांध स्थित ब्लेसिंग्स बैंक्विट हॉल में भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के तहत बुनकर सेवा केंद्र द्वारा आयोजित एक्सक्लूसिव हैंडलूम एक्सपो का बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन करने के बाद कही।उपायुक्त ने कहा कि यह बुनकरों को बढ़ावा देने का अच्छा मौका है। उन्हें आर्थिक रूप से भी बढ़ावा देने की आवश्यकता है। इस एक्सपो में झारखंड के अलावा अन्य राज्यों के बुनकरों ने भी अपने स्टाल लगाए हैं। इससे झारखंड के बुनकरों को उनसे कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा।वहीं बुनकर सेवा केंद्र के उपनिदेशक मनोज कुमार ने बताया कि इसमें 40 स्टाल लगाए गए हैं। जिसमें 20 स्टॉल बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा इत्यादि राज्यों के हैं। प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से रात 8:00 बजे तक हैंडलूम एक्सपो ग्राहकों के लिए खुला रहेगा। उन्होंने बताया कि इसमें महिलाओं के लिए कॉटन एवं सिल्क की साड़ियां, दुपट्टा, स्टोल सहित अन्य वस्त्र तथा पुरुषों के लिए ड्रेस मटेरियल उपलब्ध है। सभी प्रोडक्ट बुनकरों द्वारा सीधे ग्राहकों को बेचा जाएगा। इसकी कीमत मार्केट से कम रहेगी। हैंडलूम एक्सपो में आने वाले ग्राहकों को हैंडलूम की बुनाई, छपाई सहित पूरी प्रक्रिया को लाइव दिखाया जाएगा। उपायुक्त ने हैंडलूम से वस्त्र बनाने की पूरी प्रक्रिया को बारिकी से देखा और समझा।इस अवसर पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, बुनकर सेवा केंद्र के उपनिदेशक मनोज कुमार, तकनीकी अधीक्षक पूरनमल सैनी, डिजाइनर शशांक अभिनव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## साथी फाउंडेशन संस्था के बच्चों ने किया पार्क की सैर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** वासेपुर स्थित साथी फाउंडेशन संस्था जो झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले एवं असहाय बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देती आ रही है। वैसे बच्चे को बस से बोकारो के अमृत पार्क और जवाहरलाल नेहरू पार्क में पिकनिक के लिए ले जाया गया। रोटी बैंक धनबाद के सहयोग से बस सेवा उपलब्ध हुआ था। बच्चों ने पार्क में कई तरह के जानवर और पक्षी को देखा। साथ ही तरह तरह के झूलों का काफी आनंद लिया। सभी बच्चों ने पार्क में खूब मस्ती की। बच्चो को शिक्षकों के द्वारा जंगली जानवर के बारे में विस्तार से बताया गया। रोटी बैंक संस्था धनबाद की ओर से बच्चो के बीच खाने के लिए सारा व्यवस्था किया गया जिसके लिए साथी फाउंडेशन संस्था के संचालक इरफान आलम ने रोटी बैंक संस्था के अध्यक्ष रवि शेखर एवं रोटी बैंक के सभी मेंबर को धन्यवाद दिया। मौके पर शिक्षकगण और संस्था के वॉलिंटियर आदि मौजूद थे।

# डी वाइ पाटिल इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मना वार्षिक महोत्सव

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** डी वाइ पाटील इंटरनेशनल स्कूल का दूसरा वार्षिक महोत्सव बहुत धूमधाम से उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह महोत्सव दो दिनों तक चलेगा। इस वार्षिक महोत्सव में मुख्य अतिथि सिंफर के डायरेक्टर अरविंद कुमार मिश्रा द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य अतिथि को पुष्पगुछ एवं अंग वस्त्र ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अभिभावक भी उपस्थित हुए।कार्यक्रम काफी भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने स्वागत गीत गाकर वहां उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया और एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में बच्चों ने कई शानदार एवं दर्शनीय प्रस्तुतियां देकर मन मोहा। कार्यक्रम में बच्चों ने नाटक के माध्यम से भ्रूण हत्या रोकने के लिए समाज में एक संदेश दिया। साथ ही भारतीय संस्कृति को भी अतिथियों के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षा लोगों के लिए कितना आवश्यक है। इसे भी नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया, यही नहीं जिन छात्रों का पूरे वर्ष में काफी बेहतर प्रदर्शन रहा उनके अभिभावकों को भी यहां सम्मानित किया गया।

## डीएवी में 12 वीं कक्षा के छात्रों को शुभकामना के साथ दी गई विदाई

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** कोयला नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में 12 वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत बीसीसीएल महाप्रबंधक सह विद्यालय के स्थानीय प्रबंध कमिटी के चेयरमैन विद्युत साहा, प्राचार्य सह डीएवी झारखण्ड प्रक्षेत्र-सी के एन एन श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं के साथ गायत्री मंत्र ध्वनि एवं हवन आदि के साथ किया। 11 वीं कक्षा के छात्रों ने 12 वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को फूलों की वर्षा करके व तिलक लगा कर सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की। सुंदर व रंग-बिरंगे परिधानों से सजे छात्रों की चहल-पहल से विद्यालय परिसर गूंज उठा। छात्राओं ने कई मनमोहक नृत्य प्रस्तुत की। प्राचार्य के द्वारा छात्रों की प्रतिभा और प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत कई विजेताओं का चयन किया गया। मिस्टर डीएवी अर्णव दत्ता मिस डीएवी आरुषी मुखर्जी को 2024-25 के खिताब के लिए चुने गए। मौके पर मुख्य अतिथि बीसीसीएल के डायरेक्टर पर्सनल एम मुरली कृष्ण रमैया ने छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया और कहा कि जीवन का प्रत्येक पल महत्त्वपूर्ण है। अतः आप सभी इसका सदुपयोग व लक्ष्य पर अपना ध्यान रखें। महाप्रबंधक सह विद्यालय के स्थानीय प्रबंध कमिटी के चेयरमैन विद्युत साहा ने कहा कि निरंतर प्रयास, कठिन परिश्रम व अनुशासन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। विद्यालय में शिक्षकों द्वारा बताई गई बातें हमेशा याद रखें, यह जीवन मार्ग में सहायक होंगी। वहीं प्राचार्य एन एन श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके प्रेरक भाषण से हमारे बच्चे काफी लाभान्वित हुए। आगे उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते कहा कि परीक्षा में धैर्य, लगन व मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए लगातार शिक्षकों द्वारा बताए विषय बिंदुओं का अभ्यास करते रहना चाहिए। वहीं करुणा श्रीवास्तव ने भी उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वरीय शिक्षक आर प्रसाद, डी दत्ता, शरद श्रीवास्तव, बिश्वजीत मंडल, अरूप चटर्जी, आशीष चौबे, रोजी झा, रश्मि गांगुली आदि उपस्थित थे।

## टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों का सम्पन्न हुआ आर्शीबाद वचन सह विदाई समारोह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में बारहवीं कक्षा के परीक्षार्थियों के लिए आशीर्वचन सह विदाई समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास से किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर सर्वप्रथम बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने धर्मराज जी की देख-रेख में जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में होने वाली परीक्षा में सफलता प्राप्त करने, बाह्य एवं आंतरिक शुद्धि के लिए हवन किया। प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने पूर्व विद्यार्थी रह चुके अभिषेक कुमार प्रमोशन मैनेजर ब्रांडिंग ऑल इंडिया आर्का जैन यूनिवर्सिटी एवं मिथेन्द्र कुमार आर्य एआई आर्टिफेशियन इंटेलीजेंट प्रोफेसर क्वांटम यूनिवर्सिटी को पौधा देकर सम्मानित किया। मोहम्मद मुजम्मिल और रश्मि एम के ग्रुप ने प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा को शॉल एवं पर्स देकर सम्मानित किया।विद्यालय के प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने सभी परीक्षार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य, परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने और जीवन में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में, खेल में, अनुशासन में, सांस्कृतिक गतिविधियों में और अच्छी उपस्थिति के लिए बारहवीं कक्षा के बच्चों को पुरस्कृत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन अंग्रेजी की वरिष्ठ शिक्षका डालिया मुखर्जी ने किया। मंच संचालन ऋद्धिमान बनर्जी और दिव्या सिंह ने किया। हालांकि बिछड़ते समय गले मिलने के दौरान कई छात्रों की आंखें नम भी हो गई।

# ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया ने किया विज्ञान और कला प्रदर्शनी का सफल आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** ग्लोबल स्क्वायर, पलटनटांड़, गोविंदपुर स्थित ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया ने 8 फरवरी 2025 को एपीजे अब्दुल कलाम ऑडिटोरियम में विज्ञान और कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना था, जिससे वे नवाचार और सृजनशीलता को विकसित कर सकें।मुख्य अतिथि के रूप में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. डॉ. सुमन कुमार बर्णवाल, स्वाति सुलभ बर्णवाल, आईआईटी, आईएसएम, धनबाद के वरिष्ठ शोधकर्ता मो. तौसीफ इकबाल अंसारी एवं आसिफ हुसैन, तीन बार के निर्वाचित जिला परिषद सदस्य मो. सोहराब अंसारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों को शॉल और पौधा देकर स्वागत किया गया। जबकि कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या विद्या सिंह, संस्थापक एवं निदेशक डॉ. एस. खालिद, डॉ. सुमन कुमार बर्णवाल, मो. सोहराब अंसारी और मो. रियाज अंसारी के प्रेरणादायक भाषणों से हुई।कक्षा 9 की छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद मो. सोहराब अंसारी और डॉ. एस. खालिद ने फीता काट कर तथा एनिमेटेड पद्धति से डिजिटल बोर्ड पर फीता काट कर विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। छात्रों ने अपनी वैज्ञानिक परियोजनाओं का प्रदर्शन किया, जिनमें बजर वायर गेम, स्ट्रीट लाइट, प्रोजेक्ट, कूलर, वाटर इंडिकेटर अलार्म, इलेक्ट्रिक बेल, रेन डिटेक्टर, ड्रिप इरिगेशन, भूकंप डिटेक्टर, चोर डिटेक्टर, वाटर डिस्टिलेशन, कार्बन प्यूरीफायर, डिजास्टर स्पाई, हाइड्रोलिक ब्रिज आदि शामिल थे।छोटे बच्चों ने अपनी कविताओं और गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कला शिक्षक दीपक कुमार ने अपनी और छात्रों की कलाकृतियों का एवं बच्चों ने अपने साहित्यिक रचना का भी प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शनी अत्यंत सफल रही, जिसमें छात्रों की सृजनशीलता, वैज्ञानिक सोच और कला कौशल को प्रोत्साहन मिला। यह कार्यक्रम विद्यालय के समग्र शिक्षा दृष्टिकोण को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।निर्णायकों द्वारा दिए गए निर्णय में प्रथम स्थान डिजास्टर स्पाई, द्वितीय स्थान एफ 22 फाइटर प्लेन और तृतीय स्थान ऑटोमेटेड सेन्सरयुक्त वाटर डिस्पेंसर प्रोजेक्ट को प्राप्त हुआ। मौके पर मुख्य रूप से ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं निदेशक प्रो. डॉ. एस. खालिद, चेयरपर्सन प्रो. डॉ. निखत परवीन, प्राचार्या विद्या सिंह, व्यवस्थापक प्रो. डॉ. ममता सिन्हा, शारीरिक एवं खेल शिक्षक परवेज़ खान, डॉ. सौम्या खालिद आदि मौजूद थे।

# कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं की विदाई को लेकर डीएवी में मेगा शो का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** कोयला नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में 12 वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं की विदाई को लेकर मेगा शो का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि बीसीसीएल के डायरेक्टर पर्सनल एम मुरली कृष्ण रमैया, महाप्रबंधक सह विद्यालय के स्थानीय प्रबंध कमिटी के चेयरमैन विद्युत साहा, प्राचार्य सह डीएवी झारखण्ड प्रक्षेत्र-सी के एन एन श्रीवास्तव ने छात्र- छात्राओं के साथ गायत्री मंत्र ध्वनि एवं हवन आ दि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया।मौके पर बीसीसीएल के डायरेक्टर पर्सनल एम मुरली कृष्ण रमैया ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि आप कोई भी करियर पथ चुनें, आप किसी भी देश या शहर में बसें, आपका परिवार कितना भी बड़ा या छोटा क्यों न हो, विद्यालय में आपने जो शिष्टाचार, अनुशासन, मानवता, कृतज्ञता और मार्गदर्शन सीखा है, वह जीवन में आपका मार्गदर्शन करते रहेगा। आगे की ओर देखो और नई दुनिया को देखने के लिए आगे बढ़ो। दुनिया को जीतना तुम्हारा काम है। आप सभी अपने भविष्य के प्रति आशावादी रहें और जीवन में आने वाली प्रत्येक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें। आपके जीवन का प्रत्येक पल महत्त्वपूर्ण है। वहीं दूसरी ओर महाप्रबंधक सह विद्यालय के स्थानीय प्रबंध कमिटी के चेयरमैन विद्युत साहा ने छात्रों को आशीष वचन देते हुए कहा कि आप अपने जीवन को सुखमय बनाने के लिए निरंतर प्रयास, कठिन परिश्रम व अनुशासित रह कर विद्यालय में शिक्षकों द्वारा बताई गई बातें हमेशा याद रखें, यह जीवन मार्ग में सहायक होंगी।वहीं प्राचार्य एन एन श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके प्रेरक भाषण से हमारे बच्चे काफी लाभान्वित हुए। वहीं प्राचार्य के द्वारा छात्रों की प्रतिभा और प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत कई विजेताओं का चयन किया गया जिसमें मिस्टर डीएवी अर्णव दत्ता तथा मिस डीएवी आरुषी मुखर्जी को सत्र- 2024-25 के चुने गए। इस अवसर पर वरीय शिक्षक आर प्रसाद, डी दत्ता, आर के श्रीवास्तव, सुधांशु दीनबंधू, शरद श्रीवास्तव, बिश्वजीत मंडल, आशीष चौबे आदि उपस्थित थे।

*अब घर बैठे कर सकेंगे केस फाइलिंग और जान सकेंगे मुकदमों की स्थिति*

# धनबाद में अधिवक्ता एवं अधिवक्ता लिपिकों को दी गई ई फाईलिंग की ट्रेनिंग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ई-कोर्ट्स भारत में न्यायिक प्रक्रिया को डिजिटलीकरण और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की एक पहल है। यह परियोजना ई-गवर्नेंस के तहत न्यायपालिका में पारदर्शिता, दक्षता और तेजी लाने के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2007 में शुरू की गई है इसके तहत न्यायालयों में ई-फाइलिंग, ऑनलाइन केस ट्रैकिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और डिजिटल दस्तावेज़ प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उपरोक्त बातें रविवार को धनबाद सिविल कोर्ट में आयोजित ई कोर्टस ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी,जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्वयंभू,अवर न्यायाधीश राकेश रोशन एवं रजिस्ट्रार आइ जेड खान ने किया। अधिवक्ता लिपिकों को संबोधित करते हुए मास्टर ट्रेनर धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्वयंभू ने कहा कि ई कोर्ट सेवा का उद्देश्य लंबित मामलों को कम करने और न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना, नागरिकों की पहुंच आसान बनाना,लोगों को घर बैठे अपने केस की स्थिति जानने,आदेश डाउनलोड करने और डिजिटल माध्यम से सुनवाई में भाग लेने की सुविधा, पारदर्शी और जवाबदेही तरीके से प्रदान करना है।

**क्या क्या सुविधा मिलेगी ई कोर्ट से**

मास्टर ट्रेनर डीएसए अतुल वर्मा, दीप नारायण एवं जय केसरी ने ट्रेनिंग देते हुए बताया कि केस इंफॉर्मेशन सिस्टम न्यायलयों में मामलों के रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से प्रबंधित करना। नेशनल जुडिशियल डेटा ग्रिड न्यायपालिका में पारदर्शिता लाने के लिए केस डेटा का एक केंद्रीय डेटाबेस तैयार करना। ई-फाइलिंग वकीलों और पक्षकारों के लिए ऑनलाइन याचिका दायर करने की सुविधा प्रदान करना। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुनवाई जेलों, पुलिस स्टेशनों और दूरस्थ स्थानों से न्यायालय में पेशी कराना। ऑनलाइन केस ट्रैकिंग और आदेश डाउनलोड कर पाना है। इस मौके पर सिस्टम ऑफिसर अजय कुमार यादव, सुदीप कुमार, शाकिब अहमद, अनूप अमित तिर्की, संजय रक्षित कोर्ट मैनेजर मनीष कुमार समेत दर्जनों अधिवक्ता एवं अधिवक्ता लिपिक उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने की पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने जल जीवन मिशन, ग्रीष्म ऋतु 2025 में निर्बाध पेयजल आपूर्ति हेतु कंट्रोल रूम का गठन, प्रति पंचायत 10 अदद् डीप नलकूप, पीभीटीजी परिवारों वाले गांव में पेयजल की सुविधा, नलकूप मराम्मति, सिंगल विलेज स्कीम सहित वृहद ग्रामीण जलापूर्ति योजना क्रियान्वयन, सोख्ता गड्ढ़ा, नाडेप/वर्मी कम्पोस्ट पीट का निमार्ण, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण ॥ के क्रियान्वयन में अभिसरण आधारित कार्य करने हेतु 15वें वित्त आयोग, पंचायती राज एवं मनरेगा ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन संबंधित संरचनाओं का निर्माण करना आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्य की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले अंतर्गत प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें। वहीं उन्होंने ने बासेन जलापूर्ति योजना की कार्य प्रगति की जानकारी लिया जिस पर कार्यपालक अभियंता ने बताया कि सिविल वर्क का कार्य पूर्ण कर लिया गया है अभी विद्युतीकरण का कार्य विद्युत प्रमंडल द्वारा की की जा रही है। उपायुक्त महोदय ने कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल को फोन के माध्यम से निर्देश देते हुए कहा कि बासेन पंचायत अंतर्गत बृहद जलापूर्ति योजना में मार्च माह तक विद्युतीकरण के कार्यो को पूर्ण करें जिस की मार्च के बाद ग्रामीणों को पेयजल की आपूर्ति की जा सकें। इसके अलावा उन्होंने कुरडेग, कोनजोबा, बोलबा, मालसाड़ा बृहद जलापूर्ति योजना के तहत किया जा रहे कार्यो की जानकारी ली। साथ ही कार्यपालक अभियंता ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत ठेठईटांगर प्रखंड में जल की आपूर्ति की जा रही है। उपायुक्त महोदय ने ठेठईटांगर में जितने भी छुटे हुए हाउस होल्ड है उसमें भी यथाशीघ्र कनेक्शन करने का निर्देश दिया। तथा उपायुक्त द्वारा पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्य, पेयजल स्त्रोतों की स्थिति, चापाकलों की स्थिति, चापाकलों की मराम्मति, जल मीनार की मराम्मति इत्यादि से संबंधित विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल श्री मुकेश कुमार, पंचायती राज पदाधिकारी श्री दयानंद कार्जी सहित पेयजल विभाग के सभी जेईई एवं कर्मी गण उपस्थित रहे।

## कंप्यूटर पढ़ाई को लेकर शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** वनवासी कल्याण केन्द्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड द्वारा संचालित विवेकानन्द शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ में दिनांक 08/02/2025 को विद्यालीय समिति की बैठक पूर्वाह्न 11:30 बजे हुई। बैठक की अध्यक्षता मेघराम पहान ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नए सत्र से विद्यालय में कंप्यूटर की पढ़ाई होगी ।साथ ही कक्षा सह इंग्लिश स्पोकन की पढ़ाई भी होगी ।नए सत्र से प्लस टू की पढ़ाई होगी।किस -किस संकाय की पढ़ाई होगी मार्च के प्रथम सप्ताह में होने वाली बैठक में अंतिम मुहर लगेगी । यह भी निर्णय लिया गया कि प्लस टू हेतु आचार्यो की नियुक्ति से संबंधित विज्ञापन फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में निकाला जाएगा।नए सत्र में नामांकन हेतु कक्षा द्वितीय से नवम तक फॉर्म वितरण 25 फरवरी से किया जाएगा। इच्छुक अभिभावक विद्यालय आकर फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। पूरा परिसर सी0सी0 टी0 भी0 की नज़र में रहेगा। सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि मार्च महीने में मातृसम्मेलन और पूर्व छात्र समागम भव्य रूप से किया जाएगा ।बैठक की अध्यक्षता कर रहे मेघराम पहान ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि गुणवता पूर्ण शिक्षा देना हमारा उद्देश्य है। संस्कार युक्त शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता रहेगी।

## दर्जनों जंगली हाथियों का झुंड पहुंचा कैरो प्रखंड क्षेत्र, मचाया उत्पात, खिड़की तोड़ 02 बोरी खाया गेहूँ अनाज



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत इन दिनो दर्जनो जंगली हाथियों के झुंड ने एक बार पुनःकैरो प्रखंड क्षेत्र के ग्रामो में पहूँचकर मचाया उत्पात वही घर में रखे किसान के गेंहूँ को घर का खिड़की तोड़ चट कर गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैरो सढ़ाबे ग्राम के निवासी चौधरी उराँव पिता घिनु उराँव का घर रखे हूए 02 बोरी गेंहूँ को चौधरी उराँव के घर का खिड़की तोड़कर 08 फरवरी शनिवार की रात्रि गजराज जी चट कर गए हैं। वही प्रखंड के ही एडादोन ग्राम निवासी फलिंद्र राम समेत अन्य किसानों के खेत में लगे फसल मटर,गेंहूँ को भी जंगली हाथियों के झुंड ने क्षति पहुंचाई है। गजराज के इस प्रकार आगमन एवं उत्पात से आसपास के ग्रामीण रात-रात भर रतजग्गा कर अपने खेतो और घरो की रखवाली कर रहे हैं, वही जंगली व पहाड़ी क्षेत्र के गाँव हनहट, हुदू, गितिलगढ़, खरता, टाटी, सढ़ाबे, टाटी, खरता, चाल्हो, महुवरी, गोपालगंज, गजनी इत्यादि ग्रामों के ग्रामीणों में भय का माहौल है। 09 फरवरी रविवार को प्रातः दर्जनो जंगली हाथियों का झुंड गोपालगंज-महुवरी जंगल में शरण ले रखी है।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल चंदलासो में विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**कुडू-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के कुडू प्रखंड स्थित चंदलासो डिवाइन पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं के बच्चों के लिए कार्यक्रम आयोजित कर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में विद्यालय के बच्चों के द्वारा तरह-तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और साथ ही स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा दसवीं क्लास के छात्रों को लेकर उन्हें मार्गदर्शन दिया। साथ ही 10 वीं के छात्रों को स्मृति चिन्ह देखकर शुभकामनाएं दिया गया। साथ ही आठवीं के विधार्थियों के द्वारा उपहार दिया गया। इस मौके पर विद्यालय के डायरेक्टर ज्ञान गंगा सिंह के द्वारा बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये बच्चे इस विद्यालय में 13 वर्ष पहले विद्यालय में नामांकन लिए थे उस समय ये सभी छात्र रोते हुए विद्यालय आए थे और आज भी ऐसा लग रहा है कि आज भी बच्चों को रोते हुए विदा करना पड़ रहा है। बच्चों को विद्यालय की ओर से एवं कक्षा 8 के विद्यार्थियों के द्वारा कक्षा 10 के विद्यार्थियों को उपहार देकर विदा किया गया । और दसवीं के छात्र-छात्राओं ने भी अपने स्कूली जीवन के अनुभव को साझा किया। साथ ही जूनियर साथियों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जर्नलिस्ट अभिषेक कुमार,शाइन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर माजिद आलम,आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर आमीन अंसारी, जिला ताइक्कांडो कोच अरविंद यादव,डिवाइन बाराडीह के डायरेक्टर आनंदीप सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षिका रेशमी के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में विधालय की शिक्षिका रश्मि, सुनीता, अजीत, सुनीता देवी, विद्या, पिंकी, सुलेखा सिंह, चांदनी, अश्रिता, मनीषा ऐवं भावना रानी, शमीमा, अजित कुमार, जयमुनी, चांदनी, जावेद, सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

**झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक 12 फरवरी को**

## जिला व केन्द्रीय समिति के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व नेता लेंगे भाग : अमर किन्डो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक आगामी 12 फरवरी दिन बुधवार को 11:00 बजे से समाहरणालय के सामने यूक्लिप्टस मैदान में होगी। उक्त आशय की जानकारी सोमवार को झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो, सचिव विशेषण भगत, नगर अध्यक्ष रूस्तम खान ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर दी है। नेताओं ने कहा है कि जिला समिति की इस बैठक का मुख्य बिंदु 1.मुख्यमंत्री से वार्ता, 2.आंदोलनकारियों की समस्याओं का निराकरण आदि शामिल हैं। इस बैठक में जिला व केन्द्रीय समिति के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कई गण्यमान्य नेता भाग लेंगे। नेताओं ने जिले के विभिन्न प्रखंडों व शहरी क्षेत्र के (चिन्हित अथवा अचिन्हित) सभी आंदोलनकारियों से अपील किया है कि निर्धारित स्थान पर ससमय पहुंच कर बैठक को सफल बनाएं। कार्यकारी अध्यक्ष श्री किन्डो ने कहा कि जल्द ही एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड आंदोलनकारी महासभा के प्रतिनिधि मंडल मिल कर 11 सूत्री मांगों पर विमर्श करेंगे। आंदोलनकारी साथियों की जल्द से जल्द चिन्हितीकरण, नियोजन और पेंशन तथा बकाए पेंशन राशि का भुगतान आदि के बारे में विशेष चर्चा की जाएगी।

## सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 139 वॉ सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ मृत्युंजय कुमार, सहसचिव संजय चौधरी व अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए, और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए।आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 44 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया, एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही कराई जाती है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की सुखी जीवन जीने के लिए स्वस्थ रहना अत्यंत जरूरी है और हम सभी को मानव शरीर बहुत ही तप और किस्मत से मिला है,इसे बीमारियों के घुण से बचाएं व्यर्थ जाने ना दे,कौन सी बीमारी कब शरीर में हो जाती है पता भी ही नहीं चलता है इसके लिए आपको समय-समय पर अपने स्वास्थ्य चेकअप कराते रहना चाहिए। हड्डी एवं नस के विशेषज्ञ डॉ मृत्युंजय कुमार ने कहा कि बहुत से लोगों को अपने स्वास्थ संबंधित कई बीमारियों की जानकारी नहीं रहने से वह बीमारी आगे जा कर बढ़ जाती है और फिर वह काफी कष्ट दायक हो जाता है, इसके लिए आप अपना स्वास्थ्य के संबंध जांच नियमित रूप कराते रहे और सुबह-सुबह खुली जगह पर घूमे इससे रक्तचाप सही रहता है और कैल्शियम की कमी कभी भी कम नहीं होती है।

## नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में हर्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत मुर्की कुंबा टोली में ट्रांसफार्मर जलने से ग्रामीण अंधेरा में रहने को विवश थे। जिसे ट्रांसफार्मर जल जाने से ग्रामीणों को काफी समस्याएं हो रही थी। वही ग्रामीणों द्वारा ट्रान्सफार्मर जलने की शिकायत कांग्रेस जिला सचिव से किया गया था। ग्रामीणों से ट्रांसफार्मर जलने की बात मालूम होते ही कांग्रेस के जिला सचिव नंदकिशोर शुक्ला द्वारा लोहरदगा सांसद से सम्पर्क किया गया। जिस पर सांसद सुखदेव भगत को मुर्की कुम्बाटोली में ट्रांफ़र्मर जलने की बात संज्ञान में आते ही सांसद द्वारा आलोक कुमार साहू एवं सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगू को ट्रांसफार्मर बदलवाने का निर्देश दिया गया। वही सांसद के पहल से ट्रान्सफार्मर लगने पर मुर्की कुम्बाटोली के ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। साथ ही कांग्रेस के जिला सचिव के माध्यम से ग्रामीणों द्वारा सांसद सुखदेव भगत को बधाई दिया गया। वही नया ट्रान्सफार्मर लगने पर गांव का पाहन बीफई मुंडा द्वारा पूजा अर्चना कर नया ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन किया गया। मौके पर कांग्रेस जिला सचिव नंदकिशोर शुक्ला पंचायत अध्यक्ष जीतराम उरांव समेत बिफाई मुंडा, सोमा मुंडा, राजेंद्र भगत, उमेश बड़ाइक राजेश मुंडा, राजेंद्र मुंडा, किरण उरांव, ललिता उरांव, रामेश्वर चिकबड़ाइक, वीरन लोहारा, प्रतिमा उरांव सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

**हिंडाल्को कर्मी को पत्नीशोक, हिंडाल्को में शोक की लहर**

## दीपमाला का अंतिम संस्कार 10 फरवरी को कोयल नदी स्थित मुक्तिधाम में 11 बजे सम्पन्न होगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हिंडाल्को सीएसआर विभाग में कार्यरत भास्कर सिन्हा जी की 46 वर्षीय धर्मपत्नी दीपमाला सिन्हा का दिनांक 08 फरवरी 2025 को दिल्ली में इलाज के दौरान देवलोकगमन हो गया है। श्रीमती दीपमाला सिन्हा का इलाज दिल्ली स्थित राजीव गांधी मेमोरियल अस्पताल में चल रहा था,जहां वे अंतिम सांसें ली। स्वभाव से बेहद अनुशासित एवं सामाजिक जीवन में सक्रिय रहने वाली महिला दीपमाला थीं। जो पिछले कई वर्षो से लोहरदगा शहर ग्रेटर त्रिवेणी स्कूल प्रबंधन में एक कुशल कर्मी के रूप में सेवारत थी। अपने पीछे एक बेटी है अपराजिता, जो मेडिकल की तैयारी कर रही है। इस अप्रत्याशित दुखद समाचार से हिंडालको परिवार, ईष्ट जन बेहद मर्माहत हैं। दिवंगत दीपमाला सिन्हा का अंतिम संस्कार लोहरदगा कोयल नदी स्थित मुक्तिधाम में पूर्वाह्न 11.00 बजे आज दिनांक 10 फरवरी 2025 को सम्पन्न होगी। उक्त जानकारी भास्कर सिन्हा ने दी।

## माध्यमिक में 7473 एवं इंटरमीडिएट में 5280 अभ्यर्थी लेंगे परीक्षा में हिस्सा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** आगामी 11 फरवरी से शुरू होने वाली वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त आयोजन के मद्देनजर उपायुक्त, सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में पदाधिकारियों एवं केंद्र अधीक्षकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को जानकारी दी गई कि इस वर्ष सिमडेगा जिले में माध्यमिक परीक्षा के लिए 21 परीक्षा केंद्रों पर 7473 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 05 केंद्रों पर 5280अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे। उपायुक्त ने सभी केंद्र अधीक्षकों को उनके केंद्रों पर परीक्षाओं का आयोजन पूरी पारदर्शिता के साथ एवं कदाचार मुक्त तरीके से करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। औचक निरीक्षण के दौरान कदाचार करते यदि कोई परीक्षार्थी पकड़े गये, तो सख्त कार्रवाई होगी. उन्होंने कहा परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निर्देशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित करायें। उपायुक्त ने केंद्राधीक्षकों को अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराने व उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया. उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों में समय पर प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने हेतु सभी तैयारी पूर्व में ही पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया?। इसके अलावे परीक्षा केन्द्रों के 500 गज की दूरी तक धारा 144 लागू करनेऔर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त करने सहित आयोजित परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकल रहित सम्पन्न हो, ये हम सभी के जिम्मेवारी व जवाबदेही है।

## कृतन मंडली द्वारा आयोजित होगा 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कीर्तन मंडली तोड़ार के सौजन्य से हनुमान मंदिर प्रांगण में मंगलवार से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया जायेगा। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार ग्राम में माघ पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार से 24 घण्टे का अखंड हरि कृतन करने का निर्णय तोड़ार ग्राम के कीर्तन मंडली और सनातनियो के द्वारा लिया गया। जो बुधवार को विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ समापन होगा। वही तोड़ार ग्राम के सनातनी व कीर्तन मंडलियों ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखंड हरिकीर्तन एवं भंडारे का आयोजन ग्राम में स्थित श्री हनुमान मंदिर के समीप किया गया है। इस पावन अवसर पर तोड़ार कीर्तन मंडली द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंड से कीर्तन मंडली को आमंत्रित किया गया है। साथ ही ससमय सभी भक्तजनों से कृतन व भंडारा में शामिल होने के लिये विनम्र अनुरोध किया गया है। तोड़ार ग्राम में अखंड हरि कृतन का कार्यक्रम विगत करीब 15 वर्षो से लगातार आयोजित हो रहा है। वही इस वर्ष भी अखंड हरि कृतन का आयोजन कर समापन के दौरान भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया है। जिसमें श्रद्धलुओं से अपील करते हुए सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

## परीक्षा केन्द्र पर धारा 163 भारतीय न्याय संहिता लागू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त लोहरदगा के आदेश ज्ञापांक-44/गो0, दिनांक-07.02.2025 के द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2025 एवं इन्टरमीडिएट परीक्षा-2025 (कला,विज्ञान एवं वाणिज्य) दिनांक 11.02.2025 से दिनांक 03.03.2025 तक आयोजित किया गया है। उक्त परीक्षा केन्द्र के आस-पास विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो इसको लेकर कुल 23 परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 100 मीटर परिधि में द0प्र0स0 की धारा-144 संशोधित धारा-163 भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत निषेधाज्ञा लागू करने हेतु आदेश प्राप्त है। उक्त के आलोक में निम्न परीक्षा केन्द्रों पर धारा-163 भारतीय न्याय संहिता, 2023 लागू किया जाना है जो इस प्रकार है-एसएस हाई स्कूल,किस्को। प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल,किस्को। गवर्नमेंट मिडिल स्कूल किस्को। गवर्नमेंट गांधी मेमोरियल प्लस टू हाई स्कूल माराडीह कुडू। प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल, कुडू। गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, टाकू, कुडू। राजकीयकृत बुनियादी स्कूल, कुडू। एमएलए इंटर कॉलेज, लोहरदगा। एसएएसवीएम हाई स्कूल, लोहरदगा। गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल, लोहरदगा। गवर्नमेंट प्लस टू चुन्नीलाल हाई स्कूल, लोहरदगा। उर्सुलाईन कॉन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल, लोहरदगा। लुथेरन हाई स्कूल, लोहरदगा। गवर्नमेंट कस्तुरबा गर्ल्स मिडिल स्कूल, लोहरदगा। एमएल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज, लोहरदगा। मंजूरमति हाई स्कूल, महादेव आश्रम, लोहरदगा। संत स्तानिसलाउस हाई स्कूल, कैमो पतराटोली। संत अन्ना गर्ल्स हाई स्कूल, कैमो पतराटोली। उर्सुलाईन कॉन्वेंट गर्ल्स मिडिल स्कूल, लोहरदगा। गवर्नमेंट लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू हाई स्कूल, भण्डरा। गवर्नमेंट अपग्रेडेड हाई स्कूल,बिटपी, भण्डरा। गवर्नमेंट प्लस टू नंदलाल हाई स्कूल, अरू, सेन्हा। आर गर्ल्स मिडिल स्कूल, सेन्हा। माध्यमिक परीक्षा-2025 दिनांक 11.02.2025 से दिनांक 03.03.2025 तक (9:45 बजे पूर्वाह्न 1:00 बजे अपराह्न तक) एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा-2025 दिनांक 11.02.2025 से दिनांक 03.03.2025 (02:00 बजे अपराह्न से 05:15 बजे अपराह्न तक) आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा केन्द्रों पर यह आवश्यक है कि विधि-व्यवस्था बनी रहे तथा किसी प्रकार का शोरगुल न हो, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की बाधा न पहुंचे। अतः मैं, अमित कुमा, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, लोहरदगा, दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 163 भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनुमण्डल अन्तर्गत उक्त 23 परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि के अन्तर्गत धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 निषेधाज्ञा को निम्न बिन्दुओं पर दिनांक 11.02.2025 से 03.03.2025 तक के लिए जारी करता हूँ-इस क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के जमाव की मनाही की जाती है। (सरकारी कर्मचारी को छोड़कर)। इस क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति द्वारा घातक हथियार लाने-ले-जाने पर प्रतिबंध लगाया जाता है, जिसमें लाठी भी सम्मिलित है। (पुलिस पदाधिकारी को छोड़कर)। परीक्षा केन्द्र के क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं डी0जे0 बजाने की मनाही की जाती है। परीक्षा केन्द्र के आसपास 100 मीटर दूरी के भीतर किसी व्यक्ति द्वारा अनावश्यक आवाजाही, नकल सामग्री, किताब या अन्य सामान बांटने पर प्रतिबंध होगा। परीक्षा केन्द्र के आसपास 100 मीटर की दूरी के भीतर पानमसाला, गुटखा, तम्बाकू अन्य नशीली पदार्थ की खरीद बिक्री एवं उपयोग पर पूर्णता प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा केन्द्र के बाहर परीक्षार्थी के अभिभावक/रिश्तेदार का परीक्षा प्रारंभ अवधि में 100 मीटर की परिधि में अभिभावक/रिश्तेदार की उपस्थिति पर प्रतिबंध रहेगा। यह निषेधाज्ञा परीक्षा दिवस के दिन के लिए ही मान्य होगा।

## हिंडालको मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराए बगैर, अनलोडिंग स्टेशन को बंद कर किया मजदूरों का शोषण : आलोक साहू

**14 फरवरी को हिंडालको मुख्यालय लोहरदगा का घेराव करेंगे ट्रक अनलोडर मजदूर संघ**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा अनलोडिंग परिसर में ट्रक अनलोडर मजदूर संघ लोहरदगा की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को प्रेमचंद महतो की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में मुख्य रूप से मजदूर नेता आलोक कुमार साहू उपस्थित थे। इस बैठक को संबोधित करते हुए मजदूर नेता आलोक कुमार साहू ने कहा कि विगत 17 वर्षो से यहां सैकड़ो ट्रक अनलोडर मजदूर काम करते आ रहे हैं और हिंडाल्को कंपनी बिना मजदूरों को सूचना दिए एवं रोजगार उपलब्ध कराए बगैर 3 माह से अनलोडिंग स्टेशन को बंद कर दिया है जिसके कारण हजारों मजदूर प्रभावित हुए हैं। उनके सामने भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गया है। हिंडालको कंपनी दोहरा चरित्र को अपनाते हुए मजदूरों के ऊपर शोषण करने का काम किया है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कंपनी प्रदूषण को लेकर अगर ट्रकों का परिचालन बंद किया है तो रोपवे से भी तो प्रदूषण होगा। हिंडाल्को के दोहरे चरित्र से हजारों मजदूरों को रोजगार समाप्त हो गया। श्री साहू ने कहा कि कंपनी को हर हाल में मजदूरों का वैकल्पिक व्यवस्था कर ही अनलोडिंग स्टेशन को बंद करना चाहिए। मजदूरों ने कहा कि एक माह पूर्व हिंडालको कंपनी को ज्ञापन दिया था जिसमें 10 दिन का समय दिया गया था कि कंपनी हमलोग को रोजगार उपलब्ध कराये नहीं तो मजदूर आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे। कंपनी द्वारा कोई पहल नहीं करने पर अनलोडर मजदूर संघ के द्वारा 14 फरवरी को हिंडालको मुख्यालय घेरने का निर्णय लिया है। मजदूरों ने कहा कि जब तक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध नहीं होगा तब तक अनलोडिंग स्टेशन में रोपवे का भी परिचालन नहीं करने दिया जाएगा। इस बैठक में रवि महली, ननका अंसारी, दिनेश गुप्ता, राजेंद्र उरांव, प्रदीप उरांव, निर्मल उरांव,आदित्य महली, विनय भगत, कमला उरांव, नीलमणि उरांव, मनीषा उरांव, रामनरेश उरांव, बख्शी उरांव, सुगी उरांव सहित काफी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

# बंगाल विधानसभा चुनावों में भाजपा हासिल करेगी सत्ता : प्रधान

**कोलकाता :** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को पूरे विश्वास के साथ कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आगामी 2026 के विधानसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल में सत्ता हासिल करेगी। केंद्रीय बजट पर चर्चा करते हुए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की। कहा कि वह राज्य में केंद्रीय परियोजनाओं में कथित रूप से बाधा डाल रही हैं और केंद्र सरकार पर पश्चिम बंगाल की उपेक्षा करने का आरोप भी लगाया है।केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि 2019 के चुनावों के बाद से भाजपा ने पश्चिम बंगाल में 30-40 प्रतिशत वोट शेयर बनाए रखा है, जो यह दर्शाता है कि अतिरिक्त 10 प्रतिशत वोट मौजूदा सरकार को हटाने के लिए पर्याप्त हो सकते हैं। प्रधान ने बढ़ते समर्थन के सबूत के रूप में पिछले चुनावों में भाजपा की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। बताया कि 2019 के लोकसभा



चुनावों में भाजपा ने पश्चिम बंगाल की 42 में से 18 सीटें जीती थीं।वर्ष 2021 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 77 सीटों पर कब्जा किया। 2024 के आम चुनावों में भाजपा ने 12 लोकसभा सीटें हासिल कीं थीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की हार भाजपा में जनता के विश्वास और अरविंद केजरीवाल के गलत नेतृत्व को अस्वीकार करने का उदाहरण है। उनके बयान 2026 के चुनावों के लिए भाजपा के रणनीतिक आशावाद को दर्शाते हैं, जिसका उद्देश्य पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार पर नियंत्रण पाने के लिए अपने मौजूदा मतदाता आधार का लाभ उठाना है।

## महाकुम्भ की छवि धूमिल करने के मामले में 14 एक्स अकाउंट के खिलाफ मुकदमा



**महाकुम्भ नगर :** महाकुम्भ पुलिस की छवि धूमिल करने पर सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट एवं अफवाह फैलाने के आरोप में रविवार को 14 एक्स सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में दर्ज मुकदमों की पुलिस ने तफ्तीश शुरू कर दी है। एसएसपी (महाकुम्भ) राजेश द्विवेदी ने बताया कि सोशल मीडिया पर महाकुम्भ से सम्बन्धित भ्रामक पोस्ट एवं अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ जांच का आदेश डीजीपी की ओर से दिया गया। इसी क्रम में सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग की गई। इस दौरान जानकारी हुई कि धनबाद, झारखण्ड के एक एक्स मीडिया अकाउंट पर पड़े वीडियो को भ्रामक रूप से महाकुम्भ प्रयागराज का बताया जा रहा है। उस पर अफवाह फैलाई जा रही है कि महाकुम्भ में अपने गुमशुदा परिजन की तलाश करने वाले श्रद्धालुओं की योगी की पुलिस द्वारा खूब पिटाई की जा रही है। इस वीडियो की तत्थ्यात्मक और सत्यता की जांच करने के बाद यह पता चला कि यह धनबाद, झारखण्ड में वहाँ की पुलिस द्वारा एक जनवरी 2025 को किये गए लाठीचार्ज की घटना से सम्बन्धित है। इसका खण्डन भी कुम्भ मेला पुलिस के एकाउंट से किया गया।उन्होंने बताया कि जिस तरह उत्तर प्रदेश सरकार एवं पुलिस की छवि धूमिल करने के साथ ही आम जनमानस के मन में सरकार के प्रति विद्वेष फैलाने का प्रयास करने वाले ऐसे 14 एक्स ट्विटर अकाउंट को पुलिस ने चिह्नित किया। उसके बाद सभी के खिलाफ महाकुम्भ कोतवाली में मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।

## उत्तराखंड की 52 बेटियां ले रहीं ड्रोन तकनीशियन का प्रशिक्षण



**देहरादून :** उत्तराखंड की वंचित वर्ग की बेटियां अब ड्रोन तकनीशियन बनकर नई उड़ान भर रही हैं। प्रदेश सरकार के उपक्रम आईटीडीए कैल्क के तहत 52 युवतियों को ड्रोन सर्विस टेक्नीशियन कोर्स कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार वंचित वर्ग के युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दे रही है।पिथौरागढ़ की तनुजा वर्मा, गैरसैंण की रौशनी और उत्तरकाशी की जशोदा जैसी युवतियां, जो कभी लैपटॉप तक नहीं चला पाती थीं, आज ड्रोन असेंबलिंग, रिपेयरिंग और फ्लाइंग में दक्ष हो रही हैं। यह बदलाव संभव हुआ है आईटीडीए कैल्क के ड्रोन सर्विस टेक्नीशियन कोर्स ÷ड्रोन दीदी÷ के जरिए।देहरादून में प्रांतीय युवा कल्याण निदेशालय परिसर में चल रहे इस कोर्स के पहले बैच की शुरुआत, छह जनवरी से हो चुकी है, जिसमें प्रदेश भर से 52 युवतियां शामिल हो रही हैं। कोर्स के तहत उन्हें 37 दिन में कुल 330 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाना है। इसमें प्रशिक्षण से लेकर रहने, खाने और आने जाने का व्यय तक सरकार की ओर से उठाया जा रहा है।उत्तराखंड सरकार, युवाओं को ड्रोन रिपेयरिंग और संचालन का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ऋषिकेश और पिथौरागढ़ में दो आईटी स्किल ग्रोथ सेंटर संचालित कर रही है। देहरादून में चल रहा प्रशिक्षण कार्यक्रम ऋषिकेश सेंटर के जरिए प्रदान किया जा रहा है।ऋषिकेश सेंटर के प्रभारी वीरेंद्र चौहान के मुताबिक कोर्स के बाद परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। साथ ही प्रशिक्षण में प्रथम पांच स्थान पर रहे प्रशिक्षणार्थियों का निशुल्क ड्रोन भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत कुल 200 युवक-युवतियों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाना है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड के युवाओं को उच्च तकनीकी कौशल प्रदान करने के लिए सरकार कई योजना चला रही है। इसी क्रम में ड्रोन दीदी योजना भी संचालित की जा रही है। भविष्य में ड्रोन सेवाओं का दायरा बढ़ने वाला है, इसलिए हमारे पास इसके लिए पहले से ही प्रशिक्षित मानव बल उपलब्ध होगा।

## स्काउट गाइड ने निकाली पर्यावरण संरक्षण रैली




**वाराणसी :** संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय,बीएड विभाग के स्काउट गाइड ने रविवार को पर्यावरण सरंक्षण के लिए रैली निकाली। विभाग के स्काउट गाइड के साप्ताहिक शिविर के तहत निकली रैली को कुलसचिव राकेश कुमार शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली परिसर के दक्षिणी गेट से निकलकर प्राचीन अध्यापक आवास, जगतगंज, केन्द्रीय कार्यालय से गुजरते हुए विश्वविद्यालय के मुख्य भवन पर आकर समाप्त हुई। रैली के समापन पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव राकेश कुमार ने कहा कि आज हमारा पर्यावरण बहुत प्रदूषित हो रहा है। इससे हमारे जीवन पर व्यापक रूप से प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमें इसके प्रति जागरूक होना होगा। पर्यावरण संरक्षण के उपाय करने होंगे। हम जो खाना खाते हैं , जिस हवा में हम सांस लेते हैं और जो पानी हम पीते हैं , उसके ज़रिए हम प्रकृति से घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं। बदले में रसायनों और पदार्थों के मिश्रण के संपर्क में आते हैं। उन्होंने कहा कि जल,वायु और मृदा प्रदूषण मनुष्यों, जंगली और घरेलू जानवरों और पौधों में महत्वपूर्ण प्रतिकूल स्वास्थ्य परिणाम पैदा कर सकता है। आधुनिक ज्ञान विज्ञान संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर विधु द्विवेदी ने कहा कि हमारा जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण की समस्या हमारे सामने है, जिसका एक ही समाधान है कि हम अधिक से अधिक मात्रा में वृक्ष लगाएं। बीएड विभाग की प्रोफेसर डॉ. विशाखा शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण विषयक इस रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि स्काउट गाइड का यह शिविर एक सप्ताह तक चलेगा, जिसमें नुक्कड़ नाटक आदि बहुत से कार्यक्रम होंगे। इस दौरान डॉ कृष्ण कुमार, डॉक्टर पुष्पा यादव, डॉक्टर मनु मिश्रा, डॉक्टर सत्य प्रकाश सोनकर, डॉ अखिलेश मिश्रा आदि भी मौजूद रहे।

## उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने प्रयागराज में में की पूजा-अर्चना



**प्रयागराज :** उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने रविवार को प्रयागराज में पावन त्रिवेणी संगम तट पर स्थित अक्षय वट के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और मंगलकामनाओं की पूर्ति के लिए आस्था का दीप जलाया एवं समस्त विश्व के कल्याण की कामना की।उन्होंने कहा कि अक्षय वट आज सनातन धर्म के ध्वजवाहक के तौर पर सकल विश्व में अपनी पहचान को पुख्ता कर रहा है। यह वट उस अमर चेतना का परिचायक है, जो हजारों वर्षों से ज्ञान, विज्ञान एवं अध्यात्म के रूप में भारत में प्रवाहित हो रही है।इस दौरान दिया कुमारी ने बड़े हनुमान मंदिर और प्राचीन नागवासुकी मंदिर में भी पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की।उप मुख्यमंत्री ने साधु-संतों से भेंट कर आशीर्वाद लिया।इस दौरान उन्होंने जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर आचार्य अवधेशानंद गिरि महाराज एवं जगतगुरु रामानंदाचार्य रामभद्राचार्य महाराज का वंदन कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया तथा विभिन्न धार्मिक व सामाजिक विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संतों का सानिध्य सनातन में पुण्य कर्मों का प्रतिफल है। पूज्य साधु-संतों का आशीर्वाद प्राप्त कर ईश्वर की अनंत कृपा का अनुभव कर रही हूं। उप मुख्यमंत्री ने महाकुंभ क्षेत्र में सफाईकर्मियों के योगदान को सराहा।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने गिनाई मोदी सरकार के बजट की विशेषताएं

**भोपाल :** प्रदेश की राजधानी भोपाल में रविवार को केंद्रीय ऊर्जा, आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने राष्ट्रीयजनतांत्रिकगठबंधन की नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की बजट की विशेषताएं गिनाईं। उन्होंने कहा कि बजट में सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखा गया है। यहां कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मोदी सरकार के केन्द्रीय बजट पर पत्रकारों से बातचीत में इससे जुड़ी अनेक योजनाओं एवं उनके लाभ के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें उनका कहना था कि हर वर्ग का ध्यान इस में रखा गया है। मध?यम वर्ग को टैक्स में जितनी राहत इस बार दी गई वह अपने आप में एक रिकार्ड है। इस दौरान मुख?यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण प्रदेश मंत्री विश्वास सारंग, भाजपा प्रदेश महामंत्री, विधायक- भोपाल दक्षिण-पश्चिम, प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा आशीष अग्रवाल, राहुल कोठारी समेत अन्य नेता भी मंच पर मौजूद रहे।केंद्रीय मंत्री मनोहर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नवाचार करने एवं उनकी विशेष कल्पनाकर जन कल्याण करने के उनके प्रयासों का जिक्र करते हुए उनके साथ हरियाणा में किए गए प्रयोगों की चर्चा के करते हुए अपनी बात आगे बढ़ाई।

## सेना प्रमुख ने तेजस में भरी उड़ान

**बेंगलुरु :** एयर फोर्स स्टेशन येलहंका में एशिया की सबसे बड़ी हथियारों की प्रदर्शनी एयरो इंडिया का औपचारिक उद्घाटन भले ही सोमवार को होगा लेकिन आज पहली बार वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने एक साथ उड़ान भरी। दोनों प्रमुख रविवार को स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस में एक साथ 45 मिनट तक आसमान में रहे।वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में पाठ्यक्रम के साथी रहे हैं। दोनों रक्षा बलों के बीच एकजुटता और आत्मनिर्भरता के समर्थन के प्रदर्शन में दोनों प्रमुखों ने रविवार को बेंगलुरु के येलहंका वायु सेना स्टेशन में एलसीए तेजस लड़ाकू विमान के प्रशिक्षक संस्करण में उड़ान भरी। एयरो इंडिया एयर शो की शुरुआत से एक दिन पहले वायु सेना प्रमुख ने बेंगलुरु के एयरो इंडिया में स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस को 45 मिनट तक उड़ाया और उनके साथ सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी भी रहे। उनकी यह उड़ान देश के रक्षा बलों की ओर से मेड इन इंडिया हथियार प्रणालियों के लिए समर्थन को प्रदर्शित करने के लिए थी। एलसीए तेजस विमान हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने निर्मित और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने विकसित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी एलसीए तेजस में नवंबर, 2023 में उड़ान भरी थी।

## शिक्षा प्रणाली को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ें : अतुल कोठारी

**महाकुम्भ नगर :** संस्कृति उत्थान न्यास के तत्वावधान में आयोजित ज्ञान महाकुंभ में विकसित भारत और भारतीय भाषाएं पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ। समारोह में न्याय के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि ज्ञान महाकुंभ एक महामंथन के रूप में आयोजित किया गया जिससे उद्धृत अमृत दशकों तक भारत को बल प्रदान करेगा। इंडिया नहीं सिर्फ़ भारत की मांग पर हर संभव कोशिश होगी और जहां चाह है, वहां राह है । उन्होंने आगे कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि जल्द ही भारतीय ज्ञान परंपरा को लेकर इस कार्यक्रम की गूंज पूरे देश में सुनाई इेगी और इसका परिणाम भी दिखेगा। डॉ. कोठारी ने न्यास से जुड़े सभी लोगों और संस्थानों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने इस कार्यक्रम की परिणति की रेखा को वर्षों तक के लिए खींच दिया।

## सेवा भाव से कार्य कर रहा है भाविप : सीएम



**अहमदाबाद :** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रविवार को अहमदाबाद स्थित साइंस सिटी में भारत विकास परिषद(भाविप) के स्वर्ण जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाविप सेवा और समर्पण भाव से समाज सेवा और राष्ट्रहित के संस्कार का विस्तार कर रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भारत विकास परिषद के कार्यकर्ताओं को समाज सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया।मुख्यमंत्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'राष्ट्रहित प्रथम' की भावना मजबूत हुई है। इतना ही नहीं, आज सेवा और समर्पण के भाव द्वारा उन्नत समाज के जरिए विकसित राष्ट्र के निर्माण की भावना भी साकार हो रही है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में दुनिया में भारत का गौरव और सम्मान बढ़ा है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिखाया है कि सेवा भाव, संस्कार और सेवा दायित्व के साथ भी राजनीति की जा सकती है।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। सेवा ओर समर्पण भाव के माध्यम से आज संस्कृति और विरासत का संरक्षण हो रहा है और इसके जरिए विकसित एवं वैभवशाली भारत के निर्माण की नींव रखी जा रही है। समाज और राष्ट्र निर्माण में भारत विकास परिषद के योगदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज देश अमृतकाल से गुजर चल रहा है, ऐसे में भारत विकास परिषद जैसी संस्थाएं सरकार और प्रशासन की पूरक बनकर समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे बढ़ाकर अपनी अनूठी समाज सेवा और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दे रही हैं। उन्होंने कहा कि यह संस्था अलग-अलग क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के माध्यम से समाज सेवा और राष्ट्र हित के संस्कारों का विस्तार कर रही है।

## हिमाचल के हिमईरा उत्पादों की देश भर में बढ़ी मांग

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में महिलाओं को सशक्त और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू किए गए 'हिमईरा' ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की जनता में अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा बीते तीन जनवरी 2025 को लॉन्च किए गए himira.co.in को महज एक महीने में देशभर से 1,050 ऑनलाइन ऑर्डर मिले हैं।एक सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक केरल, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान समेत विभिन्न राज्यों में हिमाचली शिल्प और उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ी है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से अब राज्य के 30,000 स्वयं सहायता समूहो की महिलाएं सीधे राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच रही हैं। इससे ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का बड़ा अवसर मिल रहा है।मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का कहना है कि यह पहल न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बना रही है, बल्कि राज्य की पारंपरिक हस्तकला और जैविक उत्पादों को भी देशभर में पहचान दिला रही है। हिमईरा के उत्पादों को केंद्रीय मंत्रियों और गणमान्य व्यक्तियों को उपहारस्वरूप भेंट किया जा रहा है, जिससे इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।एक सरकार प्रवक्ता ने बताया कि सोलन जिले की जसविंद्र कौर पहले मुश्किल से 1,000 रुपये महीना कमाती थीं।

